ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 2, अंक 287, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 16
हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित 15

# शिक्षक भर्ती घोटाले में 5 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में 3 प्रयागराज और 2 मिर्जापुर के निवासी
- 2 आरोपी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा कर्मचारी
- प्रारंभिक जांच में 50 लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 मिर्जापुर व 3 प्रयागराज के हैं। आरोपियों में 2 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा पर डाटा आपरेटर हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक जो चैट सामने आई है उसमें इस घोटाले में 50 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है। अभी आरोपियों गहन पूछताछ की जा रही है।

शिक्षा विभाग को फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए 9 शिक्षकों का पैनल नियुक्ति के लिए भेजा गया था। इसमें से 2 शिक्षकों की नियुक्ति भी अलग-अलग स्कूलों में हो गई थी। खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घोटाले में एसआईटी ने प्रयागराज से विवेक द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। यह दोनों यूपी बोर्ड में डाटा आपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से लालजी सिंह, दिनेश कुमार पांडेय व अभिनव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। अभिनव त्रिपाठी एक स्कूल में लैब टेक्नीशियन है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जांच में फर्जी ई-मेल को ट्रेस किया गया तो सामने आया कि शिक्षा विभाग को भेजी गई ई-मेल आईडी शिवम द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा ने तैयार की थी। दोनों यह आईडी शिक्षा विभाग से रिटायर हो चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालजी सिंह के कहने पर बनाई थी। इसके लिए दोनों को 2 लाख रुपये मिले थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पांडेय, प्रबंधक काशी प्रसाद जायसवाल जूनियर हाई स्कूल लाल डिग्गी मिर्जापुर व लैब टेक्नीशियन केवीपीजी डिग्री कॉलेज मिर्जापुर अभिनव त्रिपाठी की भूमिका का खुलासा हुआ। इसके बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

## कांग्रेस नेता ने इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

**राहुल गांधी के सवाल**

- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों की?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के आंतरिक सर्वे में 220 सीट मिल रही थी, लेकिन एग्जिट पोल में ज्यादा सीटें दिखाई गईं। राहुल गांधी का कहना था कि तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों की? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए। इसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री की भूमिका की जांच होनी चाहिए। वहीं, भाजपा ने कहा कि राहुल निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं।

### अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने भ्रम फैलाया

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे और निवेशकों की लाखों करोड़ों-रुपये डूबने की क्या वजह थी।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

## एक नजर

### एसआईटी हिरासत में 10 जून तक रहेगा प्रज्वल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था।

### बराड़ से जुड़े लोगों के घर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा से काम कर रहे आतंकी गोल्डी बराड़ के सहयोगियों के पंजाब स्थित नौ ठिकानों की गुरुवार को तलाशी ली। ''रंगदारी और गोलीबारी मामले से जुड़ी जांच के तहत एजेंसी ने कार्रवाई की है। एजेंसी ने सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह की जानकारी के लिए लोगों से मदद की अपील की है।

# मोदी ही लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में आज लगेगी अंतिम मुहर, रविवार को शपथ संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- गठबंधन के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति को सौंपेंगे सांसदों की सूची



नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। शपथ ग्रहण समारोह 9 जून रविवार को हो सकता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद नड्डा और शाह ने शाम में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।

लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं। शिवसेना सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि उनके बेटे और तीन बार के सांसद श्रीकांत शिंदे के बजाय अन्य वरिष्ठ सांसदों को मंत्री पद देने पर विचार किया जाए। वहीं तेलगू देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू चाहते हैं कि केंद्र आंध्र प्रदेश को अमरावती में राजधानी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करे। वह यह भी चाहते हैं कि नई सरकार पृथक तेलंगाना राज्य के बाद आंध्र प्रदेश के लिए जताई गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करे। तेदेपा की 16 सीटों के बाद जद (यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। नई सरकार के अस्तित्व के लिए भाजपा को इन दोनों दलों पर निर्भर रहना होगा।

### चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढे.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और देश की गहरी तथा मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।

### आदर्श आचार संहिता हटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटा ली गई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा, कई प्रदेश में विधानसभा और कुछ सीटों पर उपचुनाव के नतीजों के बाद आदर्श आचार संहिता हटा ली गई है।

### पड़ोसी देश भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेताओं के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवल रामकलावन को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। मुइज्जू, विदेश मंत्री और कुछ अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली जाएंगे। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने बताया कि मोदी ने उन्हें आमंत्रित किया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी न्योता दिया है। मोदी ने प्रचंड और जगन्नाथ से भी फोन पर बातचीत की है।

# चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

विजयवाड़ा, एजेंसी

- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश में सरकार की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री भी रहेंगे मौजूद



तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि नायडू भी दिल्ली में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया।

उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है। इससे पहले उन्होंने 1 सितंबर 1995, 11 अक्टूबर 1999 और 8 जून 2014 को तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2019 में वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने जीत दर्ज कर उनसे सत्ता छीन ली थी। सूत्रों के मुताबिक, नायडू शपथ ग्रहण के दिन अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का एलान कर सकते हैं। 2 जून को हैदराबाद को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की संयुक्त राजधानी रखने के लिए 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया। अभी आंध्र देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसकी कोई राजधानी नहीं है।

### आंध्र सरकार के मुख्य सचिव छुट्टी पर गए

आंध्र प्रदेश में अचानक बदले घटनाक्रम में राज्य सरकार के मुख्य सचिव के एस जवाहर रेड्डी गुरुवार को छुट्टी पर चले गए। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख ने मुख्य सचिव को छुट्टी पर जाने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने छुट्टी के लिए आवेदन किया और उसे मंजूरी दे दी गई।

# महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी



- चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पेश आया वाकया
- सीआईएसएफ ने सिपाही को किया निलंबित

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। अधिकारियों ने बताया कि महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा। वहीं, कंगना ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की। कंगना ने एक वीडियो बयान पोस्ट किया। जिसमें कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं।

**चीनी वीजा घोटाला**

# दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।

# कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

कोटा, एजेंसी

- इमारत की नौवीं मंजिल से कूदी, अस्पताल में मौत
- मध्य प्रदेश के रीवा जिले की रहने वाली थी बागीशा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। जवाहर नगर पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर हरिनारायण शर्मा ने बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे।

# तिहाड़ में भिड़े कैदी, एक घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिल्लू ताजपुरिया व गोगी गिरोह के कैदियों के बीच हुई मारपीट
- घायल कैदी अस्पताल में भर्ती हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी हितेश घायल हुआ है और उसे उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच कथित तौर पर झगड़ा हुआ था। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि हितेश को बर्फ तोड़ने वाला नुकीला सुआ घोपा गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की ओर से हरि नगर पुलिस थाने को सूचना मिली कि तिहाड़ जेल से एक घायल व्यक्ति को अस्पताल लाया गया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान की पुष्टि जांच का विषय है। हितेश घायल हुआ है और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हितेश वर्ष 2019 से जेल में है, जबकि गौरव और गुरिंदर पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा कि जख्मों को देखते हुए आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जेल के अंदर के सूत्रों ने बताया कि हितेश अन्य कैदियों से बात कर रहा था, तभी दोनों वहां पहुंचे और उससे बहस शुरू कर दी। जल्द ही बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपियों में से एक ने उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। गैंगस्टर ताजपुरिया की पिछले साल मई में इसी जेल में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी।

# शिवपाल हो सकते हैं विस में नेता प्रतिपक्ष

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार



- अखिलेश यादव छोड़ेंगे विधायक पद, करेंगे केंद्र की राजनीति

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी की उत्तर प्रदेश में शानदार जीत के बाद अब संसद में बैठकर राज्य के मुद्दों को उठाएंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि कन्नौज से सांसद चुन लिए जाने के बाद अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अखिलेश यादव ही लेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव तक केंद्र की राजनीति में अखिलेश की सक्रियता बढ़ने वाली है। पार्टी नेताओं का मानना है कि दिल्ली में बैठकर अखिलेश यादव देश की राजनीति में अहम़ भूमिका निभा सकते हैं। इस लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और 37 सीटें जीतने के साथ सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सपा का मत प्रतिशत भी राज्य में बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है।

मालूम हो कि अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं और अब कन्नौज से सांसद भी बन चुके हैं। नियमानुसार अखिलेश यादव को कोई एक पद छोड़ना होगा। सूत्रों के मुताबिक विधायक पद छोड़ने के बाद करहल विधानसभा सीट पर उप चुनाव होगा, जिसमें परिवार से ही उम्मीदवार उतारे जाने की संभावना है।

# समय-सीमा तय कर विभागों में रिक्त पदों पर हो भर्तियां

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश, सभी विभागों से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, विभागवार प्रगति की ली जानकारी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी महकमों की प्रगति टटोलनी शुरु कर दी है।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को चयन प्रक्रिया की समयसीमा तय कर भरने को कहा। मुख्यमंत्री के अनुसार, जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का अच्छे से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों से स्पष्टतौर पर कहा कि अपर मुख्य सचिव हों या प्रमुख सचिव, सभी अपने-अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना और सभी प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है।

विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

### बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो

योगी ने कहा, तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तुरंत खुद मौके पर पहुंचें।

### जीएसटी संग्रह का लक्ष्य तय करें

मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को लक्ष्य दें। इनके प्रदर्शन को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं, कर चोरी किसी भी दशा में न हो।

## एक नजर

### टीनशेड तोड़कर नकदी और सामान चोरी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में फाटक के पास स्थित एक पान शॉप से चोरों ने नकदी और सामान पार कर दिया। चकेरी गांव निवासी सर्वेश कुमार के अनुसार फाटक के पास उनकी पान शॉप है। बुधवार रात रोज की तरह वह दुकान बंद कर घर चले गये थे। इसके बाद देर रात चोर दुकान की छत पर रखी टीनशेड को तोड़कर अंदर घुसे। फिर दुकान में रखे पांच हजार रुपये और सामान समेत 25 हजार का माल चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकान पहुंचे तो इसका पता चला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज किया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

### नई गाइडलाइन के तहत डीडीआरसी ने मांगे प्रस्ताव

**कानपुर।** जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) योजना के संचालन के लिए भारत सरकार से जारी नई गाइडलाइन के तहत प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना व संचालन के लिए नई गाइडलाइन के अनुसार अभिलेखों सहित प्रस्ताव तीन प्रतियों में उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है। इच्छुक संगठन व संस्थान उसी के तहत प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर के कई काम रुके

**○ निजी जमीन पर नंदी प्रतिमा लगाने से मालिक ने आपत्ति जताई ○ ठेकेदार ने अफसरों को गिनाईं समस्याएं**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर के कई कार्य रुक गए हैं। निजी जमीन होने की वजह से नंदी की प्रतिमा लगाने से भी मालिक ने आपत्ति जताई है और काम रुकवा दिया है। कॉरिडोर में काम कर रहे ठेकेदार मेसर्स नीरज त्रिवेदी ने जोन दो के अधिशाषी अभियंता को बताया है कि दुर्गा मंदिर वाली पट्टी में विद्युत ट्रांसफार्मर अभी तक हटा नहीं है जिससे फुटपाथ का काम भी पूरा नहीं हो सका है। कवर्ड नाली बनाने के एलॉयमेंट में भी अवरोध आ रहे हैं। नाली के पानी का निस्तारण कहां होना है इसका अभी तक प्लान बनाया नहीं गया है। डिटेल ड्रांइग भी उपलब्ध नहीं हुई है। इन सब समस्याओं की वजह से कॉरिडोर के कई निर्माण कार्य रुक गए हैं।

आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर नगर निगम सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। पहले चरण में चार करोड़ रुपये से मंदिर के सुंदरीकरण के साथ पार्किंग और आसपास का विकास कार्य कराया जाना है। द्वितीय चरण में भी चार करोड़ रुपये से फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा। रास्ता चौड़ा करने के साथ ही मंदिर परिसर में सौ चार पहिया वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही भक्तों के लिए पेयजल का इंतजाम होगा। नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन के आदेश पर जोन छह के अधिशासी अभियंता दिवाकर भास्कर ने कॉरिडोर के निर्माण के लिए प्रथम चरण में चार करोड़ रुपये का खाका तैयार किया है। दूसरे चरण में जाजमऊ पुलिस स्टेशन से दुर्गा मंदिर तक फोरलेन सड़क का निर्माण और रोशनी की व्यवस्था की जानी है।




सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर का काम रुक गया है। चौड़ीकरण और फुटपाथ का काम आधा-अधूरा है। अमृत विचार

**08** करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है

**02** चरणों में काम होना है

**400** वाहनों की पार्किंग होगी

"15 दिनों में कार्य पूरा कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त के निरीक्षण में स्थल पर गेट का निर्माण, मन्दिर के प्रांगण में पत्थर लगाने का कार्य एवं कॉरिडोर का कार्य प्रगति पर पाया गया है। जो समस्याएं हैं उन्हें दूर कर लिया जायेगा।

**– मनीष अवस्थी, मुख्य अभियंता, नगर निगम**

#### इन समस्याओं ने काम को किया धीमा

प्लाजा बनने वाले स्थान पर अतिक्रमण है। फुटपाथ से पोल हटाने थे वह भी नहीं हटे हैं। ठेकेदार को आगणन न मिलने से क्या कार्य होने हैं इसकी जानकारी उन्हें नहीं हैं। मंदिर परिसर में पानी की लाइन व ड्रेनेज का प्लान भी अभी तक ठेकेदार को नहीं मिला है। इन समस्याओं की वजह से कॉरिडोर का काम धीमा हो गया है।

#### छोटी काशी कहा जाता है मंदिर

जाजमऊ स्थित सिद्धनाथ मंदिर बेहद प्राचीन है। नगर निगम ने करीब आठ करोड़ रुपये से कॉरिडोर के प्रोजेक्ट को तैयार किया है। नगर आयुक्त ने बताया कि कॉरिडोर के निर्माण के लिए सर्टिफाइड आर्किटेक्ट से सर्वे कराकर टेंडर की कार्यवाही पूरी की गई। अवस्थापना निधि से चार करोड़ रुपये से प्रथम चरण में काम हो रहा है।

# केडीए नाला ओवरफ्लो पांच गांवों में भरा सीवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **42 एमएलडी एसटीपी से संबद्ध नाले की सफाई न होने से सीवेज का पानी भरा**
- **उचटी, दीपपुर, टिकरा, छतमरा, गौरिया गांवों में घुसा सीवेज का पानी**

**अमृत विचार।** केडीए नाला ओवरफ्लो होने की वजह से चकेरी के उचटी, दीपपुर समेत पांच गांवों में 150 बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। सीवेज का गंदा पानी भरने की वजह से किसानी का कार्य पूरी तरह से बंद हो गया। किसानों के अनुसार नाला की सफाई न होने की वजह से बरसात में समस्या और बढ़ेगी। डिसिल्टिंग (सफाई) का कार्य न होने की वजह से सीवेज ओवरफ्लो होकर खेतों में घुस रहा है। किसानों की शिकायत के बाद उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने नगर निगम को तत्काल नाले की सफाई करने के निर्देश दिये हैं।

सजारी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से संबद्ध केडीए नाला कई वर्षों से साफ नहीं हुआ है। जिसकी वजह से नाले में सिल्ट जमा हो गई है। सजारी एसटीपी के शोधित सीवेज को केडीए नाले के माध्यम से पांडु नदी में निस्तारित किया जाता है। सफाई न होने की वजह से सीवेज ओवरफ्लो होकर आस-पास के खेतों में पहुंच रहा है। क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी अमित मिश्रा ने बताया कि नर्वल तहसील में लगे समाधान दिवस में यह शिकायत आई है।

जिसमें बताया गया कि नाले में गंदगी की वजह से सीवर का पानी ओवर फ्लो होकर आस-पास के गांवों में भर गया है। जिसकी वजह से यहां के किसान खेती कार्य नहीं कर पा रहे हैं। कई गांवों में इस वजह से किसान भुखमरी के शिकार हो गये हैं। अमित मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम को पहले भी पत्र लिखकर कहा गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एक बार फिर से अधिकारियों ने केडीए नाले की सफाई के लिये पत्र लिखा है और कहा है कि 42 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से संबद्ध केडीए नाले से हो रहे ओवरफ्लो को तत्काल रोकने के साथ ही सफाई का कार्य किया जाये।

# मां के दूध के साथ जरूरी है पूरक आहार, स्वस्थ जीवन का आधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **हैलट बाल रोग विभाग में पूरक आहार दिवस पर डॉक्टरों ने दी जानकारी**



**अमृत विचार।** जन्म से छह माह तक बच्चे को सिर्फ मां का ही दूध देना चाहिए, लेकिन छह माह पूरे होने के बाद मां के दूध साथ ही ऊपरी आहार भी बच्चे को देना चाहिए। क्योंकि छह माह के बच्चे की शारीरिक जरूरतें बढ़ जाती है। यह जानकारी भारतीय बाल रोग अकादमी के सचिव डॉ.अमितेश यादव ने दी।

भारतीय बाल रोग अकादमी ने गुरुवार को हैलट अस्पताल में बाल रोग विभाग के सभागार में पूरक आहार दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे छह माह तक बच्चे को मां का दूध और छह माह बाद मां के दूध के साथ ऊपरी आहार का भी सेवन करने पर जोर दिया गया। अकादमी के सचिव डॉ. अमितेश यादव ने बताया कि जन्म के छह माह तक मां का दूध ही बच्चे के लिए संपूर्ण आहार माना जाता है। मां का दूध न केवल पचने में आसान होता है बल्कि इससे नवजात की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। लेकिन छह माह के बाद सिर्फ स्तनपान से बच्चे को आवश्यक पोषण की पूर्ति नहीं हो पाती है। इसलिए मां के दूध के साथ बच्चे के भोजन में पौष्टिक आहार को शामिल करना चाहिए। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.यशवंत राव ने बताया कि शुरुआत में आहार में चावल से बनी हुई चीज सबसे अच्छी होती हैं। केला, पपीता और सेब को नवजात को मसल कर ही खिलाना चाहिए। पूर्व डीजीएमई डॉ. वीएन त्रिपाठी, डॉ.रूपा डालमिया सिंह, डॉ. शैलेंद्र गौतम, डॉ. प्रतिभा सिंह व डॉ.नेहा अग्रवाल समेत आदि डॉक्टर, जेआर व स्टाफ मौजूद रहा।

## पत्नी को घर से निकाला, खुद फांसी पर लटका

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में फैक्ट्रीकर्मी ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया और दरवाजा बंद कर फंदे पर झूल गया।

मूलरूप से साढ़ थानाक्षेत्र के सुलपुर गांव निवासी धीरेंद्र सचान (49) पत्नी सारिका व बेटी वान्या (01) के साथ बर्रा विश्वबैंक कॉलोनी में किराए पर रहता था। वह फैक्ट्री में काम करता था। सारिका ने बताया कि पति शराब के लती थे, जिस कारण अक्सर विवाद होता रहता था। बुधवार को वह नशे में धुत होकर फैक्ट्री से लौटे, विरोध करने पर मारपीट कर बेटी के साथ घर से बाहर निकाल दिया। देर रात तक दरवाजा न खोलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस कुंडी तोड़ कर घर में घुसी तो शव फंदे से लटक रहा था।

# एलिवेटेड सेक्शन के 1200 वर्ग मीटर में ग्रीन बेल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पांच किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता मेट्रो एलिवेटेड सेक्शन पर भी पौधे लगाए जाएंगे। एलिवेटेड सेक्शन के नीचे लगभग 1200 वर्ग मीटर के क्षेत्र में हरियाली विकसित की जाएगी जिससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यूपीएमआरसी द्वारा ग्रीन बेल्ट की देखभाल की जाएगी। मेट्रो वर्षा जल संरक्षण के लिए भी सभी ज़रूरी इंतज़ाम करेगी। अधिकारियों के अनुसार वायडक्ट (पुल) के हर दूसरे स्पैन पर पानी को नीचे मीडियन में लगे पिट तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।



छात्राओं ने पोस्टर बनाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। अमृत विचार

### रंगोली और पोस्टर बनाए

कानपुर मेट्रो ने गुरुवार को आईटीआई बिल्हौर और बुकफिलक्स संस्था के सहयोग से मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर रंगोली और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया। युवा प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने मोतीझील से आईआईटी तक मेट्रोराइड भी की जहां उन्हें कानपुर मेट्रो की कार्यप्रणाली, विश्व स्तरीय सुविधाओं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में पौधे एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।



रोडवेज कर्मचारी परिषद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता को सम्मानित किया गया।

# रोडवेज कर्मचारी नेता अशोक गुप्ता सम्मानित

**कानपुर।** गुरुवार को लखनऊ में गांधी प्रेक्षागार हाल में भव्य समारोह में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिगरीश मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी ने परिषद के पूर्व प्रदेश उप महामंत्री एवं कानपुर के किदवई डिपो में तैनात रहे अशोक गुप्ता को सम्मानित किया। परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुरील, क्षेत्रीय मंत्री सुरेन्द्र सिंह, अखिलेश मिश्र,अनिल यादव शाखा अध्यक्ष माती सहित पूरे उत्तर प्रदेश से आए पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बियर शॉप के सेल्समैन को पीटा लूट का आरोप

**कानपुर।** चकेरी कालीबाड़ी इलाके में बियर शॉप के सेल्समैन ने कुछ एचएएल कर्मियों पर पिटाई और 36 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया। रिपोर्ट दर्ज कराई है।

काली बाड़ी स्थित बियरशॉप में सेल्समैन लालबंगला निवासी बृजेश जायसवाल के अनुसार बुधवार शाम तीन-चार एचएएल कर्मचारियों को बियर देने के बाद रुपये मांगे तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी।

दुकान के अंदर घुसकर तोड़फोड़ कर उनके साथ मारपीट की। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# अलग-अलग गुमटी रखना संभव नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पान-मसाला व तंबाकू की अलग-अलग बिक्री पर गुरुवार को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी व पदाधिकारी आक्रोशित दिखे। व्यापारियों ने कहा कि पान-मसाला व तंबाकू की बिक्री पूरी तरह बंद की जाए या परेशान करने वाले नियम हटाए जाएं। व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करने के बाद डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रदेश शासन को भेजा।

व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचा लेकिन डीएम के मीटिंग में होने के कारण कार्यालय के कर्मचारी को प्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री कृपाशंकर त्रिवेदी ने बताया कि पान-मसाला व तंबाकू की अलग-अलग दुकानों में बिक्री की सरकारी अधिसूचना पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन से मांग है कि पान-मसाला व तंबाकू की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए, नहीं तो नए नियम का संज्ञान लेकर निरस्त किया जाए। थोक निर्माता तो अलग-अलग फैक्ट्री कर लेंगे, लेकिन फुटकर दुकानदार कहां जाएंगे। उनके लिए पान-मसाला व तंबाकू के लिए अलग-अलग गुमटी कर पाना असंभव है। इस मौके पर राकेश सिंह, प्रदीप गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता, सुशील गुप्ता, ईश्वर वर्मा, उमेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, प्रताप महेश्वरी, ओम प्रकाश चौटाला, संदीप जैन, राकेश पांडे, सरताज अहमद, विनय अरोड़ा मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

- **उद्योग व्यापार मंडल ने कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन कर शासन को पत्र भेजा**

## कारोबारी के सिर की टूटीं 29 हड्डियां

- **अधिक खून बहने से गई जान, तीन मंजिले से गिरे थे**

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र के पांडुनगर में अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल से गिरे प्लॉस्टिक पाइप कारोबारी 57 वर्षीय संदीप बंदोह की हेड इंजरी में 29 हड्डियां टूटी मिलीं। अधिक रक्तस्राव से उनकी मौत हुई थी। पोस्टमार्टम से यह पता चला है।

संदीप बंदोह प्लॉस्टिक पाइप के कारोबारी थे। उनके परिवार में पत्नी आभा के अलावा एक बेटा शौर्य और दो बेटियां श्रद्धा व श्रेया हैं।

बेटियों की शादी हो चुकी है। बुधवार रात वह बालकनी में टहल रहे थे। अचानक अनियंत्रित होकर तीसरी मंजिल से नीचे जा गिरे थे। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ नवनीत ने उनका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी के चलते अधिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है। उनके सिर की 29 हड्डियां टूट गई थीं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। भैरवघाट पर बेटे शौर्य ने उन्हें मुखाग्नि दी।

**जनसमस्या** कई किमी तक गोबर से सीवर चैंबर जाम, लाखों लोग परेशान, सैकड़ों चट्टा संचालकों की दबंगई

# चमनगंज में भोर होते ही गोबर सीवर चैंबर में फेंक देते

कायार्लय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज में सैकड़ों चट्टा संचालकों ने सबमिर्सबल लगा रखा है, यहां दो हजार से अधिक बड़े जानवर हैं, इन जानवरों का टनों गोबर रोजाना निकलता है, गोबर को तय स्थान पर डालने के बजाय भोर में ही सबमिर्सबल चलाकर सीवर चैंबर में डाल दिया जाता है। इन चट्टा संचालकों का इतना दबदबा है कि इनके खिलाफ जल्दी कोई बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। नतीजा ये है कि कई किमी तक आएदिन सीवर भराव से लाखों लोग परेशान रहते हैं। यहां के लोग कई बार नगर निगम से शिकायत कर चुके हैं। महापौर प्रमिला पांडेय भी यहां चट्टा संचालकों के खिलाफ अभियान चला चुकी हैं।

चमनगंज में घोसियाना मोहल्ला में करीब 300 चट्टा संचालक हैं। क्षेत्र में कई गलियां, मोहल्ले के मोहल्ले संचालकों के कब्जे में हैं।

हालत ये है कि सीवर चैंबर में टनों गोबर फेके जाने से सईदाबाद, मोहम्मद अली पार्क, प्लाट नंबर तीन, प्लाट नंबर चार चमनगंज, प्रेमनगर, गुरुद्वारा रोड, हाजी संपत पहलवान चौराहा के अलावा वनखंडेश्वर मंदिर मार्ग, पी रोड के कई क्षेत्र आएदिन सीवरभराव में रहते हैं।

यहां सीवर चैंबर इतना फंस जाते हैं कि कई बार नगर निगम, जलकल की गाड़ियां दिन रात लगने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर पाती हैं। सर्वाधिक परेशानी स्कूलों के पास है, जहां बच्चों को सीवरभराव के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ता है।



चमनगंज घोसियाना में नालियों में भरा गोबर, गंदगी के बीच खड़े जानवर। अमृत विचार

#### गर्मी में दुर्गंध से लोग परेशान, सुलगाते अगरबत्ती

चट्टों के पास टनों गोबर और सीवर चैंबर में फंसे गोबर की दुर्गंध से हजारों लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी में हवा चलते ही क्षेत्र में खड़ा होना दूभर हो जाता है। हालत ये है कि लोग अपने घरों की खिड़की दरवाजे बंद रखते हैं। शाम होते ही सैकड़ों लोगों के घरों में अगरबत्ती सुलगाई जाती है ताकि दुर्गंध से बच सकें। सर्वाधिक परेशानी प्लाट नंबर तीन और चार के अलावा सईदाबाद में है। लोगों के घरों में लगे सबमर्सिबल और नलों के पानी में भी पीलापन होता है। इतना ही नहीं, अक्सर पानी के अंदर से गोबर का अंश भी निकल आता है लेकिन चट्टा संचालकों की इतनी दहशत है कि जल्दी कोई बोलता नही है।

#### चट्टा संचालकों ने महापौर के आगे टेके थे घुटने

कुछ साल पहले चट्टा संचालकों के खिलाफ महापौर प्रमिला पांडेय ने जबदस्त अभियान चलाया था जिसका बहुत विरोध हुआ था लेकिन महापौर के आगे इन संचालकों न घुटने टेक दिए थे। चट्टा संचालकों ने यकीन दिलाया था कि वे यहां से निर्धारित स्थान पर चले जाएंगे लेकिन चमनगंज छोड़कर कोई नहीं गया। चट्टा संचालकों के लिए घाटमपुर मार्ग पर पांडु नदी के आगे सरकार ने जमीन उपलब्ध कराई थी लेकिन चट्टा संचालक वहां नहीं गए।

## साइबर ठग ने सह प्रबंधक बनकर रकम की पार

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने खुद को बैंक का सह प्रबंधक बताकर पौने दो लाख की रकम पार कर दी।

आदर्श नगर निवासी शिव प्रकाश पांडे के अनुसार केशवपुरम स्थित एसबीआई में उनकी बेटी का बचत खाता है। 14 मई को खुद को एसबीआई का सह प्रबंधक बताने वाले आकाश वर्मा नाम के युवक ने अपना आईडी कार्ड उन्हें व्हाट्सएप कर बेटी के खाते को अपडेट करने के नाम पर जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद शातिर ने चार बार में उनके खाते से एक लाख 71,000 की रकम पर कर दी। रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि साइबर सेल से मदद ली जा रही है।


अमृत विचार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **एस0 के0 भारती पुत्र देव चन्द्र राम, निवासी– सी0आर0पी0एफ0 सेन्टर, गेट नं0– 3, बिजनौर, जिला लखनऊ** मेरे निजी जानकारी में जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई और शाखा पूरे उ0 प्र0 में नहीं है। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई भी शाखा पूरे उ0 प्र0 में मिलती हैं तो उससे हमारा कोई वास्ता नहीं हैं और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने का अधिकार सरकार अपने पास सुरक्षित रखती हैं। हमें कोई आपत्ति नहीं हैं। हमारी एक मात्र मुख्य शाखा जे0 बी0 फाउंडेशन/एस0 के0 ग्रुप तथागत फाउंडेशन, ट्रस्ट सी0 आर0 पी0 एफ0 सेण्टर, बिजनौर (चंद्रावल), लखनऊ में हैं। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप के नाम से कोई भी धोखाधड़ी या गैर कानूनी काम गलत तरीके से करता है या पाया जाता है तो एस0 के0 भारती सचिव/ चेयरमैन और संस्था से कोई मतलब नहीं हैं।

**सूचना**

यह कि मैने अपने दोनो सगे पुत्र बृजेश कुमार व महेंद्र का चाल चलन सही न होने कारण दोनो पुत्रो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी प्रकार से संबध विच्छेद कर लिया। उनसे अब किसी प्रकार का कोई वास्ता नही रहा। वह अपने कार्यो के स्वंय जिम्मेदार होगे।**–रामप्रसाद पुत्र मिढईलाल, निवासी– हसेरन, थाना– इंदरगढ, जनपद कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संजय पुत्र प्रेम चंद्र, निवासी– बीबीपुर बंथरा, लखनऊ** मेरे पूर्व के आधार कार्ड सं0–6908 9709 7806 व पैन कार्ड सं0– FSRPK8951C में मेरा नाम त्रुटिवश संजय कुमार एवं पिता का नाम प्रेम शंकर अंकित था। मैने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अपना सही नाम संजय व पिता का सही नाम प्रेम चंद्र अंकित करवा लिया है। अतः मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0– यूपी 32 20070011433 में संशोधित किया जाय। यह कि मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र है इसे सभी अभिलेखों में अंकित किया जाना आवश्यक है तथा इसे ही शुद्ध जाना, पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश से बदलकर रंजना सिंह लोधी पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, तहसील शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। **–रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह निवासी– लोधी, ग्राम– गुटकामऊ, पोस्ट बैजूपुर, थाना–पाली, तहसील– शाहाबाद जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

सूचित हो कि इंडियन बैंक शाखा दौलतपुर ग्रांट गोंडा का बचत खाता संख्या 59099006613 का खाता धारक हूं। खाता खुलवाते समय मेरा नाम लल्लू पुत्र राम अजोर से खुल गया था जबकि सही नाम रामलोचन है। रामलोचन व लल्लू दोनों नाम से जाना जाता हूं। अन्य सभी रिकार्ड में रामलोचन ही है। इसीलिए बैंक खाता में मेरा नाम **रामलोचन उर्फ लल्लू पुत्र राम अजोर निवासी–ग्राम बैजपुर, पोस्ट–दौलतपुर ग्रांट, जिला–गोंडा उत्तर प्रदेश** फीड कर आधार कार्ड लिंक कर दिया जाए। किसी तथ्य को छिपाया अथवा गलत जानकारी नहीं दी है।

## आज का मौसम

तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

39.8° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्योदय 07:00

## शहर में आज



- **शरबत वितरण** : महिला उद्योग व्यापार मंडल की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम चेतन चौराहा कचहरी के पास दोपहर दो बजे
- **श्रद्धांजिल सभा** : सपा के लोहिया वादी नेता स्व. प्यारेलाल गुप्त की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजिल सभा सपा कार्यालय नवीन मार्केट में 5 बजे।

## एक नजर

### आज ईद-उल-अजहा का चांद देखें

**कानपुर।** शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी, शहरकाजी मौलाना मामूर अहमद जामई, गदिदयाना ईदगाह के इमाम मौलाना हाशिम अशरफी आदि ने मुसलमानों से अपील की है कि शुक्रवार को मगरिब की नमाज के बाद शाम को ईद-उल-अजहा का चांद देखें। यदि चांद दिखाई दे जाए तो उसकी तस्दीक करें।

### सिपाही से मारपीट, एक हिरासत में

**कानपुर।** तात्याटोपे नगर में सड़क पर शराब पीकर हंगामा करने की सूचना पर पहुंचे गुजैनी थाने के पुलिसकर्मियों से नशेबाजों ने मारपीट कर दी। कांस्टेबल ने थाने में जानकारी दी, जिस पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और नशेबाज को हिरासत में लिया। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात सूचना मिली कि तात्याटोपे नगर में सड़क किनारे चार से पांच युवक शराब पीकर हंगामा कर रहे है। थाने में तैनात सिपाही अमरदीप को मौके पर भेजा गया, जिस पर नशेबाजों ने सिपाही अमरदीप के साथ अभद्रता कर दी। जानकारी पर फोर्स भेजा गया, जिस पर नशेबाज आरोपी फरार हो गए। मौके से एक आरोपी गुजैनी निवासी कल्लू को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# आचार संहिता हटते ही एसओ समेत 11 पुलिसकर्मी निलंबित

## लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर पुलिस कमिश्नर ने लिया एक्शन

**मिला दंड**

- आठ दरोगा और तीन सिपाही आए कार्रवाई की जद में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** गुरुवार को आचार संहिता हटते ही पुलिस कमिश्नर ने काम में लापरवाही, विभागीय जांच में दोषी पाए गए और अनुशासनहीनता से विभाग की छवि धूमिल करने पर एसओ सीसामऊ समेत 11 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिस कर्मियों में आठ दरोगा और तीन कांस्टेबल शामिल हैं।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि 29 मई को बर्रा में दुकान बंद होने के बाद मीट देने से मना करने पर रतनलाल नगर निवासी दुकानदार शुभम सिंह गौतम और उनके कर्मचारियों से मारपीट करने वाले एसओ सीसामऊ हिमांशु चौधरी और ग्वालटोली थाने में तैनात दरोगा अरुण कुमार को निलंबित किया गया है। इसके अलावा सचेंडी में सब्जी विक्रेता सुनील राजपूत की मौत के मामले में आरोपी दरोगा सतेंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल अजय कुमार यादव को भी निलंबित किया गया है। युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे रावतपुर थाने में तैनात दरोगा सचिन कुमार मोरल को भी निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा जूही थाने में तैनात दरोगा कुलदीप यादव को कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने, शास्त्री नगर चौकी इंचार्ज तेज प्रकाश सिंह को विवेचना में पीड़ित से अनुचित लाभ लेने और लापरवाही करने के आरोप में निलंबित किया गया है। रेल बाजार थाने के चौकी फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज पंकज जायसवाल पर कई आरोप हैं और जांच और विवेचना में भी लापरवाही पाई गई है। जिसकी वजह से उन्हें निलंबित कर दिया गया है। चकेरी थाने में तैनात दरोगा पंकज मिश्रा पर विवेचना में लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित किया गया है। वहीं किदवई नगर थाने में तैनात सिपाही मोहम्मद इमरान को भी सस्पेंड किया गया है। घाटमपुर के आरक्षी पैरोकार हरविंदर सिंह को कोर्ट से फाइल लेकर समय से जमा न करने के आरोप में निलंबित किया गया है।

### लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करें

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पूर्वी सर्किल के 40 उपनिरीक्षक विवेचकों के साथ बैठक की। डीसीपी ने अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि समय सीमा के भीतर विधिक निस्तारण किए जाएं। अपराधी व सांप्रदायिक तत्वों, माफिया के घर–घर जाकर भौतिक सत्यापन करें। आपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# नया कारोबार शुरू करने के लिए एक फोन पर मिलेगी सारी जानकारी

**सुविधा**

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को अब नया कारोबार शुरू करने के लिए इधर-उधर भागदौड़ नहीं करने पड़ेगी। एक फोन कॉल पर उन्हें कारोबार शुरू करने के लिए की जाने वाली तैयारियों का पता चल सकेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) एक कॉल सेंटर तैयार कर रहा है। अधिकारियों का दावा है कि यह कॉल सेंटर अगस्त माह से काम करना शुरू कर देगा। फिलहाल कॉल सेंटर का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

यूपीएसआईसी में स्थापित होने वाला कॉल सेंटर ऐसे युवाओं की सहायता करेगा जो अपना कारोबार शुरू करने की योजना बना रहे हैं। सेंटर उन्हें कारोबार



में सहायक योजनाओं और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी देगा। इससे काम शुरू करने वाले कारोबारियों का श्रम, धन और ऊर्जा बचेगी तथा कई तरह के भ्रम दूर हो सकेंगे। इसके अलावा ऐसे कारोबारी जो अपना काम शुरू कर चुके हैं और उन्हें कारोबार में किसी तरह की समस्या आ रही है उन्हें भी इस कॉल सेंटर से सहायता मिल सकेगी। यूपीएसआईसी के इंजीनियर प्रभात कुमार बाजपेई ने बतया कि कॉल सेंटर सुविधा से कारोबार जगत से जुड़े लोगों को सबसे अधिक सहूलियत होगी। खासतौर पर एमएसएमई सेक्टर को बेहतर लाभ मिलेगा। कारोबार में आने वाली तमाम दिक्कतें सिर्फ एक फोन कॉल से हल हो जाएंगी। योजना पर तेजी से काम हो रहा है। अगस्त से सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### स्टार्टअप को लगेंगे पंख

कॉल सेंटर शुरू होने से स्टार्टअप में भी तेजी आने की उम्मीद है। सेंटर से युवाओं को स्टार्ट अप के लिए जरूरी दिशा निर्देश आसानी से मिल सकेंगे। इससे उन्हें बाजार में अपनी सेवाएं या उत्पाद उतारने में आने वाली समस्याओं का समाधान मिल जाएगा। कॉल सेंटर सुविधा से एकल व्यापारियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। अकेले अपना काम करने वाले व्यापारी अक्सर काम छोड़कर पूछताछ या जानकारी के लिए किसी विभाग में नहीं जा पाते हैं और परेशान रहते हैं।

# हार्टअटैक से हुई थी बुजुर्ग दंपति की मौत

**फालोअप**

- चमनगंज थानाक्षेत्र के श्रीनगर इलाके की घटना
- बुधवार को रसोई घर में पड़े मिले थे दोनों के शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र के श्रीनगर इलाके में बुजुर्ग दंपति की मौत गर्मी में हार्टअटैक पड़ने से हुई थी। गुरुवार को हुए दंपति के पोस्टमार्टम में इसका खुलासा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों के शवों को मुरादाबाद निवासी उनके भतीजे को सुपुर्द कर दिया। भतीजे ने भैरोघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया।

श्रीनगर इलाके के प्लॉट नंबर पांच में दंपति 76 वर्षीय छैल बिहारी लाल 74 वर्षीय पत्नी सुषमा के साथ रहते थे। उनके कोई संतान नहीं थी। छैल बिहारी रेलवे से 15 वर्ष पहले मुरादाबाद से सेवानिवृत्त हुए थे। बुधवार देर शाम उनका और उनकी पत्नी का शव रसोई घर में पड़ा मिला था।

गुरुवार को उर्सला के डॉक्टर सुनील ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अत्यधिक गर्मी के चलते हार्टअटैक से मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा शरीर कर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। वहीं डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित कर लिया है। पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ नवनीत चौधरी ने बताया कि रसोईघर में पहले छैल बिहारी की हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। उन्हें मृत देखकर सुषमा को भी अटैक पड़ गया होगा।

# बेटी का पता चलने पर कराया गर्भपात, जच्चा-बच्चा की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आवास विकास की रहने वाली महिला की गुजैनी में हुई थी शादी
- पति बठिंडा में एचपीसीएल में इंजीनियर तो पत्नी बॉब में थी मैनेजर

**अमृत विचार।** बठिंडा में आठ माह की गर्भवती महिला के गर्भ में बेटी होने की जानकारी पर ससुरालीजनों पर जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगाया गया है। मायके पक्ष का आरोप है कि बिना बताए समय से पहले उसका ऑपरेशन करा दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में डॉक्टर ने उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला के साथ उसके नवजात बच्ची की मौत हो गई। मायके वाले वहां पहुंचे और शव लेकर कानपुर घर आ गए। यहां परिजनों ने गोविंद नगर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद महिला का पोस्टमार्टम कराया गया। मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ना और रुपयों की मांग का भी आरोप लगाया है। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

कल्याणपुर के आवास विकास एम ब्लॉक में रहने वाले आर्यावर्त बैंक से सेवानिवृत्त हुए स्व.गया प्रसाद की 37 वर्षीय इकलौती पुत्री सपना गौतम पंजाब के बठिंडा में बैंक ऑफ बड़ौदा में ब्रांच मैनेजर थीं। सपना की मां गीता देवी और मामा संतोष ने बताया कि उनकी शादी एमआईजी-10 गुजैनी निवासी शमशेर सिंह से 10 वर्ष पहले हुई थी। पति हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड में इंजीनियर है। उनके दो बेटियां 7 वर्षीय आव्या और 5 वर्षीय अतिष्टि हैं। मां और मामा ने आरोप लगाया कि सपना तीसरी बार गर्भवती हुई तो पति ने जबरन लिंग की जांच कराई। आरोप है कि गर्भ में बेटी होने की जानकारी मिलने के बाद से लगातार गर्भपात के लिए दबाव बनाया जाने लगा। पति उसे झूठ बोलकर गर्भपात कराने के लिए एक डॉक्टर के पास ले गया। सपना ने काफी मना किया लेकिन पति नहीं माना। 4 जून को दामाद का फोन आया कि जिसने सपना की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। इस पर मां गीता देवी और भाई अनुज कुमार बठिंडा पहुंच गए।

वहां पता चला कि उसकी हालत बेहद नाजुक है और डॉक्टर ने उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया। वहां बेटी और नवजात की सांसें थम गईं। दामाद का कहना था कि डिलीवरी असमय होने के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। वहीं मायके पक्ष का आरोप है कि दामाद ने जबरन गर्भपात की गोलियां खिलाकर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में गोविंद नगर प्रभारी निरीक्षक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ससुरालीजनों से पूछताछ की जा रही है।



सपना गौतम।



पोस्टमार्टम हाउस में रोती बिलखती मां गीता देवी।



घटना की जानकारी देते मायके पक्ष के लोग। अमृत विचार

# सेना के जवानों ने कुत्ते को डंडे से पीटकर मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रस्सी से बांधकर खींचा भी छावनी के गोल्फ कोर्स कालोनी का मामला
- बेजुबान फाउंडेशन के संचालक ने एडिशनल कमिश्नर से की शिकायत

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में सेना के जवानों ने एक कुत्ते को डंडों से पीट-पीटकर मार डाला और गले में रस्सी बांधकर स्कूटी से खींचा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बेजुबान फाउंडेशन के संचालक ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर ने सैन्य अफसरों को जानकारी दी। मामले में जांच की जा रही है।

नवाबगंज के विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी बेजुबान फाउंडेशन के संचालक विवेक तिवारी एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर से मिले और बताया कि छावनी की गोल्फ कोर्स कॉलोनी आर्मी के 8-9 जवानों ने एक कुत्तों को मिलकर डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद कुत्ते के गले में रस्सी बांधकर उसे स्कूटी से खींचते हुए जंगल की तरफ ले गए और उसका शव फेंक दिया। आरोप लगाया कि सेना के जवान छावनी में घूमने वाले कुत्तों के पिल्लों और कुत्तों को गोली मार दे रहे हैं। इसके बाद मृत कुत्तों को बोरी में भरकर जंगल में या फिर कचरे में फेंक दिया जाता है। उन्होंने वीडियो भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

> गंभीर प्रकरण हैं, मामले की जानकारी सैन्य अफसरों को दे दी गई है। कुत्ते को डंडे से पीटकर मारने वाले सैन्य कर्मियों की पहचान भी मांगी गई है, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।
>
> –हरीश चंदर, एडिशनल पुलिस कमिश्नर

### टायर फटने से ट्रक पलटा लगा जाम

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में हाईवे पर कोयला लदा ट्रक टायर फटने से डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। ट्रक का डीजल टैंक फट गया, जिससे धुआं उठने लगा। पुलिस ने पानी डाल कर आग बुझाई। इस दौरान हाईवे की एक लेन में जाम लग गया।

गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि गुरुवार सुबह एटा निवासी चालक गौरव खलासी पवन के साथ ट्रक पर कोयला लाद कर कलकत्ता से दिल्ली जा रहा था। गुजैनी हाईवे पर ट्रक का टायर फट गया, जिसके बाद ट्रक पलट गया। जिससे डीजल टैंक फट गया और कुछ ही देर में कोयला सुलगने लगे। गुजैनी पुलिस ने ट्रक को रास्ते से हटवा कर यातायात सुचारू कराया।

# इरफान को आगजनी मामले में आज सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 3 जून को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 आरोपी हो चुके हैं दोष सिद्ध



**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 आरोपियों पर दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक सहित सभी आरोपियों को तलब किया है। शुक्रवार को सभी दोषियों को पुलिस कोर्ट लेकर पहुंचेगी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। 3 जून को इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने आईपीसी की धारा 147, 323,436, 427 व 506 में दोषी करार दिया था। वहीं धारा 386 व 120 बी में दोषमुक्त कर दिया था। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि मामले में अभियोजन की ओर से 18 गवाहों ने बयान दर्ज कराए थे व 300 पन्नों के सबूत कोर्ट में पेश किए। शुक्रवार को सभी दोषियों को सजा सुनाई जाएगी।

### दादा नगर में नशे में धुत युवक नाले में गिरा, मौत

**कानपुर।** दादा नगर पुल से फैक्ट्री एरिया जाने वाले रास्ते पर गुरुवार शाम नशे की हालत में एक युवक गहरे नाले में जा गिरा। आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने अधेड़ को बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक ने बताया कि गुरुवार शाम दादा नगर महापालिका कालोनी निवासी शरद कुमार दीक्षित (45) नशे की हालत में दादानगर पुल से मलिक पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था इसी दौरान सड़क किनारे से गुजर रहे गहरे नाले किनारे लघुशंका करने चला गया। तभी पैर फिसलने वह करीब 20 फीट नीचे गहरे नाले में जा गिरा। फायर ब्रिगेड कर्मियों की मदद से अधेड़ को बाहर निकाला गया, तबतक उसकी मौत हो चुकी थी।

# छात्रों को साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ बनाया जाएगा




समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के दौरान आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल व सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएम विश्वविद्यालय और आईआईटी कानपुर के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर
- छह माह के ऑन लाइन वोकेशनल कोर्स में आईआईटी करेगा पूरी तकनीकी मदद

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू और उससे संबद्ध कॉलेजों में पढ़ रहे यूजी और पीजी के 50 हजार छात्रों को वोकेशनल कोर्स के जरिए साइबर सिक्योरिटी के गुर सिखाए जाएंगे। यह वोकेशनल कोर्स छह माह अवधि का होगा। इसका उद्देश्य साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ बनने के लिए छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण आधार प्रदान करना है। गुरुवार को इसके लिए सीएसजेएमयू के इनोवेशन फाउंडेशन और आईआईटी कानपुर के सी3आईहब के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस दौरान सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मिली जानकारी के मुताबिक यह वोकेशनल कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होगा। पाठ्यक्रम में सिस्टम सिक्योरिटी, मैलवेयर विश्लेषण, नेटवर्क सिक्योरिटी, क्रिप्टोग्राफी और आईओटी सिक्योरिटी जैसी जानकारी शामिल की गई है, जो छात्रों को मौलिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव दोनों प्रदान करेंगी। एमओयू के तहत आईआईटी का सी3आईहब हब वर्चुअल लैब, छात्रों को तकनीकी सहायता डेस्क सपोर्ट, पाठ्यक्रम में भागीदारी व पूर्णता प्रमाणन और सभी छात्रों के लिए अंतिम मूल्यांकन परिणाम प्रदान करेगा। सीएसजेएमयू को कार्यक्रम का सुचारू निष्पादन सुविधाजनक बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस पहल का लक्ष्य 50 हजार छात्रों तक का नामांकन करना है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि यह साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल प्रोग्राम छात्रों में साइबर सुरक्षा की व्यापक समझ विकसित करने में मदद करेगा, उनके ज्ञान को साइबर सुरक्षा के उन्नत स्तर तक विस्तारित करेगा, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करेगा। सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने कहा कि यह समझौता छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करने के लिए सीएसजेएमयू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साइबर सुरक्षा कार्यक्रम उन्हें इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए ज्ञान और विशेषज्ञता प्रदान करेगा।

**राजनीति** | आज संसदीय दल की बैठक प्रस्तावित, रमेश अवस्थी और भोले पहुंचे दिल्ली

# देवेंद्र सिंह भोले को मंत्री बनाए जाने की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में से 4 सीटें ही जीत पाई है भाजपा, दो केंद्रीय मंत्री हारे



रमेश अवस्थी।



देवेंद्र सिंह भोले।

**अमृत विचार।** अकबरपुर संसदीय सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले और शहर सीट से पहली बार चुनकर सांसद बने रमेश अवस्थी भाजपा संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को दिल्ली पहुंच गए। भाजपा संसदीय दल की बैठक शुक्रवार को दिल्ली में प्रस्तावित है। दोनों सांसद इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मुलाकात करके चुनावी फीडबैक देंगे। ऐसी चर्चा है कि लगातार तीसरी बार जीतने वाले सांसद देवेंद्र सिंह भोले को मोदी के मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में दो केंद्रीय मंत्री अपनी सीट गवां बैठे हैं। क्षेत्र की 10 संसदीय सीटों में सिर्फ 4 सीटें ही भाजपा जीत पाई हैं। 6 सीटों पर शिकस्त मिली है। पिछली बार दसों सीटें भाजपा के कब्जे में थीं। इस बार जोर का झटका लगा है। भाजपा के खाते में आई चार सीटों में कानपुर और अकबरपुर भी शामिल हैं।

अकबरपुर सीट से तीसरी बार जीतकर संसद पहुंचे देवेंद्र सिंह भोले इस बार मंत्री पद पाने की रेस में आगे माने जा रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार अगर उम्र का फैक्टर बाधक नहीं बना तो भोले का मंत्री बनना तय है। वहीं, रमेश अवस्थी के समर्थकों का दावा है कि उन्हें नया प्रत्याशी होने के बावजूद कानपुर जैसी चुनौतीपूर्ण सीट से दर्ज करने का पुरस्कार मिल सकता है। हालांकि वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश अवस्थी के मंत्री बनने की संभावना कम ही मान रहे हैं।

### अपना बूथ हार रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष पर लटकी तलवार

कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल दो चुनावों से अपना बूथ हार रहे हैं। पहले निकाय चुनाव में और अबकी बार लोकसभा चुनाव में वह बर्रा नई बस्ती स्थित कंपोजिट स्कूल का अपना बूथ हार गए। इस बार तो वह अपने क्षेत्र की छह लोकसभा सीटें भी हार बैठे हैं। भाजपा पदाधिकारियों की माने तो यह बात ऊपर तक गई है। इसका नुकसान क्षेत्रीय अध्यक्ष को उठाना पड़ सकता है। हालांकि क्षेत्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल अभी बाकी है, लेकिन लगातार खराब प्रदर्शन की उन पर गाज गिर सकती है।

# पत्नी को पेचकस घोंप पति ने अपना गला रेता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति की मौत, पत्नी गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां शराब पीने का विरोध करने पर पति ने पत्नी के सिर पर ईट से हमला कर पेचकस घोंप दिया। पति ने खुद का गला भी ब्लेड से काट डाला। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने वारदात की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों को हैलट इमरजेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पति को मृत घोषित कर दिया वहीं महिला की हालत नाजुक है।

पनकी रतनपुर कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय अर्जुन बाल्मीकि श्रमिक था। उसकी पत्नी रोशनी घरों में चौका बर्तन करती थी। गुरुवार देर शाम शराब पीने का विरोध करने पर अर्जुन का पत्नी से विवाद हो गया। अर्जुन ने रोशनी के सिर पर ईंट से हमला कर पेचकस घोंप दिया। इसके बाद अर्जुन ने कमरा अंदर से बंद कर खुद का गला ब्लेड से रेत दिया। बच्चों का शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लहूलुहान दंपति को हैलट इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां अर्जुन ने दम तोड़ दिया। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह और एसीपी पनकी तेजबहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन की।

## एक नजर

### सफाई के नाम पर अंगूठी लेकर भागे टप्पेबाज

**कानपुर।** आचार्य नगर निवासी अंकित शुक्ला ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे उनकी पत्नी वर्तिका शुक्ला घर पर थीं। तभी दो अज्ञात व्यक्ति आए और पत्नी से पीतल की मूर्ति की सफाई कराने को कहा। इसके बाद उन व्यक्तियों ने पत्नी से अंगूठी साफ करने को मांगी तो पत्नी ने दे दी। अंगूठी साफ करते-करते पत्नी से उन लोगों ने कुछ सामान मंगाया और अंगूठी ले कर भाग गए। इस संबंध में रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### टैंकर की टक्कर से किसान की मौत

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में गुरुवार देर शाम कानपुर सागर हाईवे पर बाजार से सब्जी लेकर साइकिल से घर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दी। बिधनू सीएचसी में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जमरेही गांव निवासी 65 वर्षीय किसान कृपाकांत मिश्रा देर शाम साइकिल से खेरसा कस्बे से सब्जी लेकर लौट रहे थे। हाईवे पर पीछे से तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरे और टैंकर उनको कुचलते हुए निकल गया। बिधनू पुलिस ने उन्हें बिधनू सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि टैंकर को पकड़ लिया गया है।

### 9 जून को होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

**कानपुर।** शहर में कड़े सुरक्षा घेरे में नौ जून को बीएड प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए बनाए गए 14 सेंटरों पर सात हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान दो सेंटर पर एक केंद्र प्रतिनिधि तैनात किए जाएंगे। 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। हर केंद्र की निगरानी को एक पर्यवेक्षक भी तैनात होगा। परीक्षा को लेकर सीएसजेएमयू में सभी नोडल की बैठक शुक्रवार को होगी। कानपुर में प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय को बनाया गया है। एडीएम सिटी को परीक्षा का नोडल अफसर बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में सुबह नौ से 12 और दोपहर दो से पांच बजे तक होगी।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** बर्रा 2 में रहने वाले 23 वर्षीय विकास सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़े भाई अंकुर ने बताया कि पिता विजेंद्र का दो माह पहले निधन हो गया था। जिसके बाद उनके गम में विकास अधिक शराब पीने लगा था। परिजनों ने कई बार मना किया लेकिन वह नहीं माना। बुधवार रात सभी लोग खाना पीना खाने के बाद कमरे में चले गए तभी उसने फांसी लगा ली।

### डंपर के पीछे घुसा दूसरा डंपर, लंबा जाम

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह नौबस्ता-घाटमपुर मार्ग पर रमईपुर के पास आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहा डंपर घुस गया। इससे चालक स्टेयरिंग और केबिन के बीच फंस गया। पुलिस ने गैस कटर से केबिन कटवाकर घायल चालक को अस्पताल भिजवाया। इस दौरान हाईवे पर करीब तीन किमी लंबा जाम लग गया। हमीरपुर निवासी 32 वर्षीय डंपर चालक रिजामुद्दीन गुरुवार सुबह हमीरपुर से मौरंग लादकर लखनऊ जा रहा था। रमईपुर के पास आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे रिजामुद्दीन अनियंत्रित होकर डंपर में पीछे से भिड़ गया। रिजामुद्दीन घायल हो गया।

# सवाल : शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए कानपुर को ही क्यों चुना?

## गिरफ्तार पांच आरोपियों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षक भर्ती घोटाले के तार मिर्जापुर और प्रयागराज से भी जुड़े

**अमृत विचार।** फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में पुलिस की ओर से पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद माना जा रहा है कि इस पूरे प्रकरण के तार बड़े शिक्षा माफिया से जुड़े हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ में इसका भी खुलासा करने का प्रयास करेगी कि आखिर कानपुर को ही क्यों चुना गया।

पुलिस की जांच में घोटाले के तार मिर्जापुर और प्रयागराज से जुड़े पाए गए हैं। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई बड़े साजिशकर्ताओं का खुलासा और हो सकता है। यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि साजिशकर्ताओं ने आखिर शहर को ही फर्जी नियुक्ति के लिए क्यों चुना। लेनदेन की कुल रकम भी पता की जाएगी।

**गंगा में फेंके मोबाइल फोन:** पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने जिस मोबाइल फोन से ईमेल बनाई है उसे उन्होंने गंगा में फेंक दिया है। पुलिस उनके इस बयान की सच्चाई जानने की कोशिश में लगी है।



फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार किए गए आरोपी (बाएं से) लालजी, शिवम विश्वकर्मा, अभिनव त्रिपाठी, विवेक द्विवेदी, दिनेश कुमार पाण्डेय। अमृत विचार

### यह है पूरा मामला

26 अक्टूबर को डीआईओएस कानपुर नगर की ईमेल पर एडी माध्यमिक की फर्जी ईमेल से एक मेल आई। मेल में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से नौ फर्जी शिक्षकों का पैनल भेजा गया। डीआईओएस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी फर्जी ईमेल को एडी माध्यमिक की ईमेल मानकर प्रक्रिया शुरु कर देते हैं। इसके बाद मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज किदवई नगर में विनीता ने दिसंबर महीने में टीजीटी पद नियुक्ति हासिल की और मार्च महीने तक 2.59 लाख वेतन हासिल किया। मार्च महीने में रिक्षा पांडेय ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज गोविंद नगर में पीजीटी पोस्ट नियुक्ति हासिल की थी। मामले का खुलासा आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक और डीआईओएस अरुण कुमार की ओर से सत्यापन के लिए बोर्ड को भेजे गए पत्र के बाद हुआ है।

### 9 के खिलाफ हो चुकी एफआईआर, दो निलंबित

इस मामले में अब तक शिक्षा विभाग की ओर से दो कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। कर्मचारियों का निलंबन कार्य में लापरवाही बरतने और फर्जी ई-मेल का सत्यापन न किए जाने पर किया गया था। निलंबित होने वाले कर्मचारी प्रधान सहायक राजन टंडन और वरिष्ठ सहायक सुनील है। दोनों आरोपी जांच के दायरे में हैं। शिक्षा विभाग की ओर से ही इस पूरे मामले पर फर्जी ई-मेल के जरिए पैनल में शामिल 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। फिलहाल सभी 9 आरोपी के खिलाफ जांच चल रही है। शिक्षा विभाग की ओर से पूरे कानपुर मंडल में हुई जांच में अब तक वहां के किसी शिक्षक को दोषी नहीं पाया गया है।

## इंश्योरेंस कंपनी के निदेशक समेत चार पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र निवासी युवक ने इंश्योरेंस कंपनी के निदेशक समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।

बर्रा विश्व बैंक बी ब्लॉक निवासी निर्मल त्रिपाठी ने बताया कि वह इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंश्योरेंस सर्वेयर्स एंड लास एसेसर्स (इसला) संस्था के निर्वाचित डायरेक्टर हैं। बताया कि बीते 24 जून उन्होंने वेबसाइट चेक करने के लिए पोर्टल को लॉगिन किया तो उन्हें इनवैलिड मेंबरशिप का नोटीफिकेशन आया। जिस पर उन्होंने इसला के एडमिन उन्नी आनंद को फोन कर जानकारी हासिल की तो उन्होंने बताया कि लुधियाना निवासी कंपनी के निदेशक ऋषि भसीन, महाराष्ट्र निवासी योगेश पाटिल और बेंगलुरू निवासी सन्तोष राजन्ना ने उन्हें कोई भी जानकारी देने से इंकार किया है। आरोप है कि कंपनी के निदेशक ने कर्मचारियों के साथ मिलकर मेंबरशिप रजिस्टर में साजिश के तहत हेरफेर करते बिना बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग के डाटा के साथ छेड़खानी की। बर्रा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिस पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। जिसके बाद कंपनी के निदेशक समेत चार के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।



विशेष कवर जारी करते धनंजय जैन, त्रिभुवन जैन, धनराज सुराना, निदेशक डाक सेवाएं सुबोध प्रताप सिंह, चीफ पोस्टमास्टर शंभू राय, संजय जैन। अमृत विचार

# आचार्य श्री शांति सागर पर विशेष कवर जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डाक विभाग ने जारी किया विशेष कवर

**अमृत विचार।** बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महामुनिराज के आचार्यत्व पदारोहण के शताब्दी वर्ष 2023-24 कार्यक्रमों के अन्तर्गत डाक विभाग ने विशेष कवर एवं विरुपण का अनावरण मुख्य डाकघर के सम्मेलन हाल में किया।

गुरुवार को कानपुर जैन समाज उत्तर प्रदेश एवं वास्ट जैन फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुबोध प्रताप सिंह (निदेशक डाक सेवाएं) विशिष्ट अतिथि चीफ पोस्ट मास्टर शंभू राय ने विशेष कवर एवं विरुपण का विमोचन किया। कानपुर जैन समाज के अध्यक्ष धनराज सुराना जैन ने कहा कि आचार्य श्री शांति सागर जी महामुनिराज बीसवीं शताब्दी में दिगंबर परंपरा को आगे बढ़ाने वाले प्रथमाचार्य थे। आचार्य जी ने अपने 35 वर्षों की निर्ग्रंथ साधना में 9,938 व्रत किये। महाराष्ट्र से आये मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रकांत चौगले, सांगली ने आचार्य श्री शांति सागर जी महामुनिराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलित किया। सभापति संजय जैन ने आचार्य जी के जीवन पर प्रकाश डाला। संस्था के अध्यक्ष धनराज सुराना, महामंत्री त्रिभुवन चंद्र जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। धनंजय जैन, टीकम चंद सेठिया, डॉ. अमित जैन, मुकेश जैन, अंकित जैन, शशि जैन, प्रवीण जैन, शीतल जैन, मुन्ना जैन, मोहित जैन, महेंद्र कटारिया, डॉ. अनूप जैन, हेम जैन, अनूप जैन, अनिल जैन, सुपाश्र्व चंद्र जैन, विनय जैन मौजूद रहे।

# बर्खास्त सिपाही ने किया पथराव, चलीं लाठियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बच्चों के विवाद में दामोदर नगर में देर रात हुई मारपीट वीडियो वायरल

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में बच्चों के बीच हुए विवाद की शिकायत करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। बुधवार रात लाठी-डंडों से लैस होकर बर्खास्त सिपाही ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट की। महिलाओं ने छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया। आरोपियों ने पथराव भी किया। पीड़िता ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

दामोदर नगर निवासी महिला ने बताया कि बुधवार सुबह बेटा घर के बाहर खेल रहा था। उसका मोहल्ले में रहने वाले बर्खास्त सिपाही संतोष के बच्चे से विवाद हो गया। देवर शिकायत करने गया तो संतोष से उसका विवाद हो गया। देर रात संतोष, मंकू, निशा समेत करीब 20 अज्ञात लोग लाठी-डंडे से लैस होकर आए और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उनसे, देवरानी व सास के साथ अभद्रता की। पीड़ित महिलाएं पड़ोसी नितेश सिंह के घर में घुस गईं तो आरोपियों ने नितेश के घर पर पथराव कर दिया, जिससे नितेश की बहन के सिर में चोट आ गई। गुरुवार को वारदात का वीडियो वायरल हुआ। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला व उसके पड़ोसी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सरेराह भाजपा नेता की पत्नी की चेन लूट ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र में रेकी कर की वारदात

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में वटवृक्ष की पूजा करके घर लौट रही महिला से झपट्टा मारकर हेलमेट लगाए नकाबपोश ने चेन लूट ली। वारदात पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। पीड़ित की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



चित्रा मिश्रा।



झपट्टा मारते बाइक सवार।

कल्याणपुर कला अपने मायके आई चित्रा मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी ससुराल नवाबगंज ख्योरा में है। पति विवेक मिश्रा प्राइवेट शिक्षक और भाजपा में शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष हैं। गुरुवार को बरगदाही पर वह मायके से पनकी रोड स्थित वटवृक्ष की पूजा करने आई थी।

पूजा करके वह अपनी बड़ी बहन रेखा के साथ घर वापस लौट रही थी। पनकी रोड से आल मेगा मार्ट वाली गली में मुड़ी थीं कि बाइक सवार लुटेरों ने उसके गले में पड़ी 12 ग्राम की चेन लूट ली और कल्याणपुर क्रॉसिंग की ओर भाग निकले। सीसीटीवी में कैद वीडियो में एक लुटेरा हेलमेट लगाए बाइक चलाता दिख रहा है तो पीछे बैठा लुटेरा झपट्टा मार कर महिला की चेन लूटते दिख रहा है। पुलिस का कहना था कि लुटेरों ने पहले घूमकर रेकी की है फिर घटना को अंजाम दिया है।

### स्टेशन से घर जा रही महिला का बदमाशों ने लूटा पर्स

कानपुर। रायपुरवा थानाक्षेत्र में गुरुवार तड़के बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शे में बैठी महिला से झपट्टा मारकर पर्स लूट लिया और फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पनकी के शताब्दीनगर निवासी अंकित मिश्रा गुरुवार तड़के करीब चार बजे बिहार से अपनी पत्नी संध्या मिश्रा के साथ सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। जहां से वह ई रिक्शा बुक कर रतनलाल नगर जाने के लिए निकले थे। रास्ते में आहूजा हॉस्पिटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका पर्स लूट लिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

### बाइक सवारों ने धक्का देकर लूटा मोबाइल

**कानपुर।** किदवई नगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने घर के पास टहल रहे युवक का मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। किदवई नगर के ब्लॉक निवासी दीपक सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 5 बजे वह घनश्याम दास स्कूल के पास चौराहे से गुजर रहा था, तभी एक बाइक से आए तीन युवकों ने गाड़ी आगे लगाई और मोबाइल छीन कर धक्का दे दिया और फरार हो गए। किदवई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि लूट की रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही है।

## गंगाबैराज हादसे में अर्टिगा कार चालक पर रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में तीन दिन पूर्व गंगाबैराज पर अर्टिगा और इनोवा कार की टक्कर के मामले में अर्टिगा कार चालक के खिलाफ लापरवाही की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

स्वरूप नगर निवासी पीयूष मखीजा ने पुलिस को बताया कि तीन जून को पिता इनोवा से ड्राइवर दिलीप कुमार शर्मा तथा विनय मोदी के साथ कानपुर से उन्नाव जा रहे थे।

गंगा बैराज पर ग्राम रामपुर मैगी प्वाइन्ट के सामने अर्टिगा कार से टक्कर हो गई थी। इनोवा सवार दिलीप, हरीश, विनय, अर्टिगा कार चालक व मैगी दुकानदार घायल हो गया था। प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि अर्टिगा कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# आचार संहिता खत्म होते ही रुके कार्यों की फाइलें तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम और केडीए में प्रस्ताव मांगे गए

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम आते ही रुके विकास कार्यों की फाइलें फिर से नगर निगम और केडीए में खंगाली जाना शुरू हो गई हैं। आचार संहिता लगे होने की वजह से पिछले दो महीने से विकास कार्य रुक गये थे। कई तो टेंडर भी नहीं हो सके हैं। अब चुनाव खत्म होने के बाद नगर निगम ने विकास कार्यों की समीक्षा शुरू कर दी है। अभियंत्रण विभाग ने रुके विकास कार्यों की फाइलें बनाना शुरू किया है। इसके साथ ही ठेकेदारों की चहलकदमी भी एक बार फिर से नगर निगम व केडीए में बढ़ गई है।

नगर निगम में वार्डों में होने वाली विकास कार्यों की लिस्ट बनाई जाती रहीं। महापौर और नगर आयुक्त ने भी विकास कार्यों को लेकर बैठक की। आईजीआरएस और समस्याओं के निस्तारण के लिए भी काम शुरू किया गया है। नगर निगम में कल से विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू होगी। अब केडीए में भी बड़े विभागीय फैसलों की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। केडीए में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाए जा सकते हैं।

### बड़े प्रोजेक्ट्स का हो सकता है लोकार्पण

शहर में कई बड़े मेगा प्रोजेक्ट्स जैसे पनकी पावर हाउस में बिजली उत्पादन का ट्रायल शुरू हो चुका है। रिंग रोड के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया भी लटकी हुई थी, अब इन प्रोजेक्ट्स को भी रफ्तार मिलेगी। वहीं सरकारी योजनाओं का लाभ भी लोगों को मिलना शुरू हो जाएगा।

# रेप के आरोपी की जमानत याचिका कोर्ट से खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर रेप करने व धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले आरोपी की जमानत याचिका एडीजे 20 की कोर्ट ने खारिज कर दी।

हनुमंत विहार थानाक्षेत्र निवासी युवती के मुताबिक उसकी मुलाकात सिद्धार्थ नाम के युवक से हुई थी। इसके बाद इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी। कुछ समय बाद सिद्धार्थ ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर रेप किया। इसके बाद ब्लैकमेल कर कई बार उसके साथ रेप किया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये ले लिए। कुछ समय बाद जानकारी हुई आरोपी का असली नाम मो. सैफ है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एडीजीसी संजय कुमार झा ने बताया कि कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

## सार-संक्षेप



गुरुद्वारा बाबा नामदेव में जपजी साहिब का पाठ हुआ। अमृत विचार

### गुरुद्वारे में महिलाओं ने किया जपजी साहिब का पाठ

**कानपुर।** गुरुवार को किदवई नगर स्थित बाबा नामदेव गुरुद्वारे में जपजी साहिब का पाठ हुआ। बीबी जसबीर कौर (रितु) कीर्तन जत्था, नीना बहन रंजीत नगर गुरुद्वारा, स्त्री सत्संग अमरजीत सूरी गुरुद्वारा निराला नगर, प्रतिपाल कौर स्त्री सत्संग सभा बर्रा आदि ने लड़ीवार जपजी साहिब पाठ किया। इस मौके पर बाबा नामदेव गुरुद्वारे के प्रधान सरदार नीतू सिंह, सरदार हरदीप सिंह, गुरदीप सिंह, अशोक अरोड़ा, हरदयाल सिंह, गुरबख्श सिंह आदि मौजूद रहे।

**मिला सहारा** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मदद से हुआ बच्चे का ऑपरेशन

# आरबीएसके की मदद से हिमांश को मिला नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मजदूर के बेटे की पीठ पर जन्म से ही था फोड़ा
- न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट होती है जन्मजात गंभीर बीमारी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की मदद से एक मजदूर के बेटे का जीवन बच गया। वह जन्म के बाद से ही न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट नामक गंभीर जन्मजात विकृति से पीड़ित था। दर्द के कारण वह पीठ के बल लेट तक नहीं पाता था। बच्चे के पिता ने आरबीएसके टीम से संपर्क किया, जिसके बाद टीम ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे को लखनऊ के डॉ.आरएमएल मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उसका सफल ऑपरेशन हुआ, जिसके बाद वह अब स्वस्थ है।

कल्याणपुर ब्लॉक के तुन्ना गांव निवासी मजदूर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बेटे हिमांश का जन्म 11 दिसंबर 2023 को हुआ था। उसकी पीठ पर फोड़ा था। निजी अस्पताल में डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी। रुपये नहीं होने पर परिजनों ने इलाज नहीं कराया। इसी बीच फोड़ा बढ़ने लगा था। मार्च 2024 में आरबीएसके की टीम जब गांव पहुंची तो धर्मेंद्र ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा के जरिए संपर्क किया। टीम में शामिल डॉक्टर ने हिमांश को देखा और कल्याणपुर सीएचसी बुलाया। इसके बाद डीईआईसी प्रबंधक कानपुर नगर ने सभी दस्तावेज एकत्र कराकर बच्चों को उपचार के लिए लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टर ने तीन मई को बच्चे को भर्ती कर एक सप्ताह बाद ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद बच्चे की पीठ अब सामान्य है और उसे दर्द भी नहीं है।



ऑपरेशन से पहले और बाद की बच्चे की फोटो। अमृत विचार

### गर्भावस्था में फॉलिक एसिड की कमी से होती दिक्कत

नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश ने बताया कि न्यूरल ट्यूब जैसी विसंगति बच्चों के लिए बहुत खतरनाक होती है, जिससे जान जाने और उम्र भर की अपंगता का डर बना रहता है। महिलाओं में फॉलिक एसिड की कमी की वजह से गर्भ में पल रहे बच्चे को न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट जैसी विसंगति से जूझना पड़ता है। इससे बचने के लिए महिलाओं को गर्भावस्था के समय आयरन फॉलिक एसिड की गोली का सेवन जरूर करना चाहिए।



एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश। अमृत विचार

### समय पर इलाज कराना है जरूरी

डीईआईसी मैनेजर ने बताया कि यह दिमाग, स्पाइनल कॉर्ड और रीढ़ की हड्डी की जन्मजात विकृति है। न्यूरल ट्यूब डेफेक्ट गर्भावस्था के पहले पांच हफ्तों में ही हो जाता है। अगर इलाज की शुरुआत बच्चे के जन्म के 24 घंटे के अंदर न हो तो बच्चे की मृत्यु भी हो सकती हैं। समय पर इलाज न होने पर बच्चा विभिन्न प्रकार की शारीरिक या मानसिक विकलांगता का शिकार हो सकता है।

# जहाजों के लिए खतरा बने सुअर, सियार और नील गाय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वायु सेना अधिकारियों ने जिला प्रशासन से मांगी मदद
- वायु सेना स्टेशन चकेरी के अफसर परेशान

**अमृत विचार।** वायु सेना स्टेशन (चकेरी) के हवाई क्षेत्र में जंगली सुअर, सियार और नील गाय का खतरा मंडरा रहा है। इन वन्य जीवों के रन वे पर पहुंचने का खतरा बना रहता है। ऐसे में रन वे पर कभी भी कोई दुर्घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसे देखते हुए एयरफोर्स अधिकारियों ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर वन्य जीवों को पकड़ने में मदद मांगी है।

चकेरी एयरफील्ड गंगा नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। यहां से नियमित यात्री उड़ानों के साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान वाणिज्यिक, मानवीय सहायता और आपदा (एचएडीआर) मिशनों और युद्ध के दौरान सैन्य आवश्यकता के लिए दिन और रात विमानों की आवाजाही होती हैं। इस बेस पर बड़ी संख्या में विमान उड़ान भरते हैं। एयरफोर्स अधिकारियों ने डीएम को पत्र लिखकर कहा है कि वायु सेना स्टेशन कानपुर के हवाई क्षेत्र में जंगली सूअर, सियार और क्षेत्र में मौजूद एक से दो नील गाय के खतरे की वजह बनी हैं। स्टेशन इस गंभीर खतरे को दूर करने के लिए सभी निवारक उपाय कर रहा है, लेकिन जंगली जानवरों के कारण बेस से संचालित होने वाले बड़े जेट इंजन विमानों के लिए खतरा बना रहता है। ऐसे में वन्यजीव खतरा प्रबंधन कार्यक्रम (डब्ल्यूएचएमपी) के तहत स्टेशन को नागरिक प्रशासन से सहायता की आवश्यकता है।

### पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक बुलाई

एयरोस्पेस सुरक्षा के लिए अधिकारियों ने हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति (एईएमसी) की बैठक की योजना भी बनाई है। अधिकारियों के अनुसार 21 जून से 07 जुलाई के बीच बैठक रखी जा सकती है। इसमें पक्षी-पशु गतिविधि के कारणों की पहचान, उचित उपाय और रोकथाम के उपायों पर विचार होगा। वायु सेना के अधिकारियों ने डीएम व अन्य अधिकारियों से बैठक में शामिल होने को कहा है।

### टेनरी अपशिष्ट की वजह से मंडराते हैं पक्षी

एयरपोर्ट से 10 किमी की परिधि में ऊंचे भवन नहीं होने चाहिए। चकेरी में रनवे 09 की बाउंड्री से चार-पांच सौ मीटर दूर ही कई निर्माण हो गए हैं। रनवे 27 के अंतिम छोर के करीब टेनरी संचालक ने तीन मंजिला निर्माण करा लिया है। वहां टेनरी अपशिष्ट की वजह से पक्षी यहां मंडराते हैं जो उड़ानों के लिए खतरनाक हैं।

## एक नजर

### खुले में कुर्बानी नहीं करें कंटेनर में डालें गंदगी

**कानपुर।** बकरीद 17 जून को मनाई जाएगी, जिसकी तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। आल इंडिया गरीब नवाज काउंसिल के अध्यक्ष एवं गद्दियाना ईदगाह के पेशइमाम मौलाना हाशिम अशरफी ने गुरुवार को मदरसा अशरफुल मदारिस में उलमा के साथ बैठक की। पेशइमाम ने कहा कि मुसलमान बकरीद में तीनों दिन खुले में कुर्बानी नहीं करें। नगर निगम ने जहां कंटेनर रखा है, वहीं पर गंदगी डालें।

### हज, उमरा, कुर्बानी की जानकारी देगी हेल्पलाइन

**कानपुर।** मुफ्तियान, उलेमा, आलिम को मिलाकर प्रदेश स्तर पर एक शरई अकादमी की स्थापना की गई है जो हज, उमरा और कुर्बानी के बारे में शुक्रवार से लोगों को जानकारी देगी। गुरुवार को शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की अध्यक्षता में कुली बाजार स्थित मदरसा इशाअतुल उलूम में मुफ्ती, उलमा के साथ बैठक में सर्वसम्मति से एक हेल्पलाइन बनाई गई।

# तीन साल में 90 फीसदी घट गए तीन तलाक के मामले

अमृत विचार विशेष

जमीर सिद्दीकी, कानपुर



### इस तरह काम करती है शरई अदालत

शरई अदालत में यदि कोई व्यक्ति शिकायत करता है तो दारुल कजा संबंधित आरोपी को अदालत में बुलाती है। यदि आरोपी नहीं आता है तो क्षेत्र के किसी मुअज्जिज शख्स, उसके करीबी रिश्तेदार, पड़ोसी के माध्यम से उसे बुलाया जाता है। उसके बाद दोनों पक्षों की बात सुनकर समझौता कराने का प्रयास किया जाता है। मौलाना अबू बकर हादी कासमी का कहना है कि यदि दोनों पक्षों में कोई एक शरई अदालत की बात नहीं मानता है तो हमारे पास कोई ऐसा अधिकार नहीं है जिससे उसे फैसला मानने के लिए बाध्य कर सकें। उनका कहना है कि पिछले कुछ सालों में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न जैसे मामले बढ़े हैं।

### शरई अदालत में मामलों का विवरण

| वर्ष | तलाक | घरेलू हिंसा-दहेज उत्पीड़न | खुला |
|---|---|---|---|
| 2021 | 1480 | 2322 | 120 |
| 2022 | 526 | 3851 | 180 |
| 2023 | 138 | 5618 | 162 |
| 2024 अप्रैल तक | 27 | 1316 | 38 |

**240%** घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न के मामलों का शहर में हुआ इजाफा

**क्या होता है खुला :** तमाम ऐसे पुरुष हैं जो महिलाओं का उत्पीड़न करते हैं और जब महिला तलाक देने को कहती है तो शौहर तलाक देने से मना कर देता है। ऐसी परेशान महिलाओं को शरीयत में अधिकार दिया गया है कि यदि वह शौहर से छुटकारा पानी चाहती हैं तो काजी या मुफ्तीयान से मशविरा करके खुला (शौहर से छुटकारा) ले सकती हैं।


### मियां-बीवी के रिश्ते में मोबाइल बन रहा विलेन

- मुफ्ती ओसामा रहमान ने बताया कि इधर कुछ समय से मोबाइल के कारण परिवार में झगड़ा, घरेलू हिंसा के मामले सामने आ रहे हैं। उनके मुताबिक ऐसे मामले ज्यादा आ रहे हैं जिनमें महिला के पास स्मार्ट फोन है तो पति आरोप लगाता है कि उसके किसी दूसरे से संबंध हैं। यही हाल पुरुषों का है, पत्नी आरोप लगाती है कि उसके शौहर के मोबाइल में दूसरी महिला से चेटिंग का रिकार्ड है।

**अमृत विचार।** मुसलमानों के शरई मसलों को निपटाने के लिए शरई अदालतें कायम की गई हैं जो कुरआन और हदीस की रोशनी में किसी भी मसले का हल निकालती हैं। शरई अदालतों में पहले तीन तलाक देने के मामले बड़ी संख्या में आते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए बनाए गए तीन तलाक कानून के बाद इससे जुड़े मामले तेजी से कम हुए हैं। शहर में बीते तीन साल में शरई अदालत में पहुंचने वाले तीन तलाक के मामलों में 90 फीसदी की कमी आई है। हालांकि इस अवधि में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न के मामलों में 240 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है, जो मुस्लिम समाज में बढ़ते आर्थिक दवाब और पारिवारिक तनाव की परिस्थितियों की ओर इशारा कर रहा है। तीन तलाक कानून से मुस्लिम समाज में तस्वीर कितनी बदली है, इसकी सच्चाई जानने के लिए अमृत विचार ने शरई अदालत पहुंचकर मामले की पड़ताल की।

मोहकम-ए-शरइया दारुल कजा कानपुर के घनी आबादी वाले इलाके कुलीबाजार में स्थापित है। ये शरई अदालत शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की सरपरस्ती में चलती है। इसमें मौलाना अबू बकर हादी कासमी, मुफ्ती ओसामा रहमान, मौलाना उमर नदवी, अहमद रजा, उस्लाम इरफान की टीम शामिल है। ये शरई अदालत मुसलमानों के तीन तलाक, महिलाओं के जरिए तलाक लिया जाना (खुला), दहेज उत्पीड़न, अमानत में खयानत, किसी का हक मारना जैसे तमाम मुद्दों पर दोनों पक्षों से बात करके मुद्दे का समाधान तय कराती है। शहरकाजी का कहना है कि शरई अदालत के पास कोई कानूनी अधिकार नहीं है, इसलिए ज्यादातर कोशिश होती है कि दोनों पक्षों को बैठाकर मामले को कुरआन व हदीस की रोशनी में सुलझा दिया जाए। तीन तलाक के मामलों के बारे में पूछने पर वह कहते हैं कि कानून बनने के बाद इसमें काफी कमी आई है।

### और जब फंस गए शहरकाजी



अब्दुल कूद्दूस।

- शहरकाजी हाफिज अब्दुल कूद्दूस हादी बताते हैं कि एक शख्स ने शरई अदालत में कबूल किया कि उसने पत्नी को तलाक दिया था। अदालत ने जब महिला पक्ष के लोगों को बुलाया तो उन्होंने शहरकाजी से पूछा कि क्या तलाक की बात युवक ने शरई अदालत में स्वीकार की है, यह बताने पर कि युवक ने ऐसी बात कबूल की है, महिला के मायके वालों ने कहा कि आप अदालत के पैड पर यह बात लिखकर दे दीजिए, उन्हें बच्चे के स्कूल में एडमीशन के लिए लगाना है। शहरकाजी लिखकर दिया, तो महिला पक्ष पत्र लेकर कोर्ट पहुंच गया। शहरकाजी ने बताया कि किसी तरह उन्होंने दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराया।

# रिंग रोड के लिए अब किसान नगर में नहीं बनेगा 49 फिट ऊंचा फ्लाईओवर

## डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे ट्रैक के कारण रिंग रोड के निर्माण में आ रही थी समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आउटर रिंग रोड परियोजना के पैकेज-1 में अब 49 फिट ऊंचा फ्लाईओवर नहीं बनाया जाएगा। इसके स्थान पर 196 मीटर लंबे अंडरपास का निर्माण होगा, जिसकी डिजाइन तैयार करके भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने रेलवे के पास अनुमति के लिए भेजी है। इस बीच पैकेज-1 और पैकेज 4 में बनने वाले चार रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के लिए रेलवे की तरफ से हरी झंडी मिल गई है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कानपुर रिंग रोड के पैकेज-1 का निर्माण कार्य तेजी से करा रहा है। रिंग रोड के पैकेज-1 मंधना से सचेंडी और पैकेज-4 मंधना से रमईपुर के बीच पांच आरओबी का निर्माण कराया जाना है। इनमें से एक आरओबी पूर्वोत्तर रेलवे व चार उत्तर रेलवे मंडल के अंतर्गत आ रही हैं। इनमें चार आरओबी के निर्माण की अनुमति मिल गई है। लेकिन किसान नगर रेलवे क्रासिंग के पास बनने वाली 15 मीटर ऊंची (49 फिट) आरओबी पर करोड़ों रुपये का खर्च होने के कारण एनएचएआई ने कम लागत में अंडरपास बनाने की योजना तैयार की है। परियोजना निदेशक प्रशांत कुमार दुबे ने बताया कि चार आरओबी को रेलवे के प्रयागराज और गोरखपुर मुख्यालय से अनुमति मिल चुकी है। लेकिन रिंग रोड के लिए किसान नगर में बनने वाले आरओबी की ऊंचाई अमृतसर से कोलकाता जा रहे डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के कारण करीब 15 मीटर हो रही है। इसमें भारी लागत को देखते हुए किसान नगर में 196 मीटर लंबे व 32 मीटर चौड़े अंडरपास का निर्माण कराने की योजना तैयार की गई है। परियोजना निदेशक ने बताया कि अंडरपास की डिजाइन तैयार करके रेलवे मुख्यालय के पास अनुमति के लिए भेजी गई है।



पैकेज-1 में काम तेजी से चल रहा है। अमृत विचार

### रिंग रोड पर यहां रेलवे ओवरब्रिज

| स्थान | लंबाई |
|---|---|
| भूल | 106 मीटर |
| मंधना | 860 मीटर |
| भैरमपुर | 36 मीटर |
| बिन्नौर | 36 मीटर |

(नोट : सभी आरओबी की चौड़ाई 32 मीटर)

- एनएचएआई ने भारी लागत देखते हुए अंडरपास की डिजाइन बनाकर रेलवे के पास भेजी
- फ्लाईओवर की जगह 196 मीटर लंबा और 32 मीटर चौड़ा अंडरपास बनाने का प्रस्ताव
- पैकेज-1 और पैकेज-4 में बाकी चार आरओबी के निर्माण के लिए रेलवे से मिली मंजूरी

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# हवा बनेगी डायबिटिक फुट रोगियों की दवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में सड़क हादसों में घायल व डायबिटिक फुट रोगियों के लिए हवा दवा के रूप में काम करेगी। हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी (एचबीओटी) से यह काम संभव हो सकेगा। इसके लिए सर्जरी विभाग के एक कमरे में परादर्शी चैंबर का निर्माण होना है, जिसके भीतर मरीज को संबंधित अंग में ऑक्सीजन थेरेपी दी जाएगी। यह थेरेपी अस्पताल के सर्जरी विभाग में जल्द ही शुरू हो जाएगी।

हैलट अस्पताल में प्रतिदिन डायबिटिक मरीज इलाज को आते हैं, इनमें कुछ ऐसे मरीज भी होते हैं, जिनके शरीर के अंगों में डायबिटिज की वजह से घाव हो जाते है, जो दवा से ठीक नहीं हो पाते है। ऐसे में प्रभावित अंगों को काटकर संबंधित मरीजों की जान बचानी पड़ती है। लेकिन हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी से डायबिटिक व गैंगरीन आदि से प्रभावित अंग काटने की नौबत नहीं आएगी। प्रभावित अंगों को ऑक्सीजन थेरेपी की मदद से ठीक किया जाएगा। ऑक्सीजन थेरेपी एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके जरिए घाव जल्द भर सकते हैं। डायबिटिक व डायबिटिक फुट मरीजों के साथ ही इस थेरेपी का लाभ सांस और फेफड़े के रोगियों को भी मिलेगा। इसके साथ ही न्यूरो, खास तरीके के बहरेपन व रेडियो थेरेपी से जली त्वचा के रोगियों को भी ऑक्सीजन थेरेपी से काफी राहत मिलेगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि जैम पोर्टल की सूची में एचबीओटी का चैंबर उपलब्ध नहीं है। इसे देखते हुए चैंबर की अलग से व्यवस्था की जा रही है। हैलट में एचबीओटी की सुविधा जल्द मिलेगी।

### नष्ट होने वाली कोशिकाओं में आएगी जान

एनेस्थिसिया विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल वर्मा ने बताया कि प्लास्टिक के पारदर्शी चैंबर में रोगी को करीब 45 मिनट बैठाया जाएगा। सामान्य से सात गुना प्रेशर से ऑक्सीजन दी जाएगी, आवश्कतानुसार प्रेशर को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा। इससे रोगी के शरीर में ऑक्सीजन लेवल बढ़ने से नष्ट होने वाली कोशिकाओं को ऑक्सीजन मिलेगी और वह तेजी से स्वस्थ होंगी। घाव के आसपास कोशिकाओं को ऑक्सीजन मिलने से वह सड़ेगी भी नहीं। शरीर में लाल रक्त कणिकाएं ऑक्सीजन पहुंचाती हैं, जिनका हीमोग्लोबिन कम होगा, उन रोगियों को भी इस थेरेपी से लाभ मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### सूरज सिंह ने नीट 2024 में मारी बाजी



सूरज सिंह।

**कानपुर।** अनएकेडमी के छात्र सूरज सिंह ने नीट 2024 में 705 अंकों के साथ सफलता हासिल की है। सूरज सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता डॉक्टर हैं। उन्हीं के दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता ने उन्हें ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। तैयारी की रणनीति में रोजाना चार से पांच घंटे की पढ़ाई शामिल थी। इसके साथ ही, अनएकेडमी के शिक्षकों के मार्गदर्शन, दैनिक अभ्यास प्रश्न और डाउट सॉल्विंग सेशंस ने उनकी तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर केक काटा। अमृत विचार

### किन्नर प्रकोष्ठ ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मोत्सव

**कानपुर।** किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष काजल किरण ने हिंदू स्वाभिमान समारोह का आयोजन पंचायत घर सेन पश्चिम पारा में किया। काजल किरण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा, हवन पूजन एवं संतों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. हरिओम पाठक, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, सरोज कुरील, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दिग्विजय सिंह राणा, गंगा सिंह कौशिक, संतोष मिश्रा, प्रवीण दुबे, रुद्र कुमार पाठक, प्रवीण सिंह चंदेल, पार्षद अभिनव शुक्ला गोलू, आयोजक किन्नर सोनिया, जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी आदि रहे।



श्रीराम कथा स्थल पर भूमिपूजन हुआ। अमृत विचार

### श्रीराम कथा स्थल का हुआ भूमिपूजन

**कानपुर।** गंगा समग्र कानपुर प्रांत की ओर से मोतीझील में रविवार से प्रेमभूषण महाराज गंगा महोत्सव में श्रीराम कथा कहेंगे। इस आयोजन के क्रम में गुरुवार को आचार्यों ने वैदिक रीति से कथा स्थल का भूमिपूजन किया। यजमान के रूप में प्रांत संचालक भवानी भीख, क्षेत्र संपर्क प्रमुख सुरेश, गंगा समग्र सजोयक दीपेश व राजेश रहे। रविवार को कलशयात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम कथा से पहले गंगोत्री, यमुनोत्री, अयोध्या से सरयू व श्रीलंका आदि पावन तीर्थों से पवित्र जल लाया जाएगा। गंगा व अन्य नदियों से प्रदूषण दूर करने के लिए देश व विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं से महायज्ञ में आहुति डलवाई जाएगी। भूमिपूजन में मेयर प्रमिला पांडे, विधायक सुरेंद्र मैथानी, डॉ. उमेश पालीवाल, अटल प्रताप सिंह विहिप, दिवाकर मिश्रा, राजीव महाना, राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट, शिवम सिंह, किशन मिश्रा, पूर्व कुलपति डॉ. अरविंद दीक्षित, सुशील श्रीवास्तव, अक्षांश चतुर्वेदी, डॉ. दिवाकर मिश्रा, सुबोध बाजपेई, अमोद आनंद, राहुल सिंह चंदेल, आरके बाजपेई, सचिन दिक्षित, विपिन दिक्षित, अजय त्रिपाठी, अजय अग्निहोत्री, रवि प्रताप सिंह आदि रहे।



कलक्टरगंज में शर्बत बांटते व्यापारी। अमृत विचार

### राहगीरों को पिलाया शर्बत

**कानपुर।** भीषण गर्मी और उमस को देखते कलक्टरगंज के व्यापारी आएदिन राहगीरों के लिए शर्बत वितरण कर रहे हैं। गुरुवार को भी व्यापारियों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया। जिससे लोगों को गर्मी से से राहत मिली। गुरुवार को शर्बत वितराण में समाचार पत्र विक्रेता संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव, युवा नेता मोनू पंडित, उदय दीक्षित, चंद्राकर दीक्षित, अमित दीक्षित, प्रखर दीक्षित, केशव विष्णोई, हरिओम विष्णोई, सचिन गुप्ता, प्रदीप निगम, अंकित सिपोलिया, आशुतोष सिपोलिया आदि रहे।

# मेहनती पीडीए बूथ प्रभारी होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा करेगी सम्मान, शहर की समस्याओं की रिपोर्ट बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजेंगे

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में गुरुवार को कानपुर 43 लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख जोनल फ्रंटल इचांर्जो और बूथ रणनीति के सदस्यों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि 43 लोकसभा क्षेत्र के कैंट, आर्य नगर, गोविंद नगर, सीसामऊ व किदवई नगर के 1206 बूथों पर सपा इंडिया गठबंधन को जो वोट मिले हैं। उसका आंकलन तैयार हो रहा है। पूरा आंकलन तैयार कर रिपोर्ट 48 घंटे बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजी जाएगी। मेहनती पीडीए बूथ प्रभारियों का सम्मान किया जाएगा। शहर की समस्याओं की रिपोर्ट भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजी जाएगी। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, अनवर अली मिर्जा, नंदलाल जयसवाल, हाजी अयूब आलम, सत्यनारायण गहरवार, महेंद्र सिह, आदि मौजूद रहे।

# न्यू राहुल स्वीट्स और 16 टू 60 क्लब ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नारायना एपीएल अंडर-16 के पांचवें सीजन में गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए। जिसमें न्यू राहुल स्वीट्स और 16 टू 60 क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत लिया।

कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से मान्यता प्राप्त नारायना एपीएल अंडर-16 मुकाबले में गुरुवार को चार टीमें भिड़ीं। न्यू स्टार क्रिकेट एकेडमी की ओर से आयोजित पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केशवपुरम की आरएलबी पब्लिक स्कूल ने 30 ओवर में 198 रन बनाए। जिसमें शिवम पटवा ने 70, सत्यम सिंह ने 57 रनों का योगदान दिया। देवांश तिवारी ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू राहुल स्वीट्स की टीम ने 29 ओवर में 198 रन बनाकर दो विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार देवांश तिवारी को मिला। दूसरा मैच आरएलबी ग्राउंड पर खेला गया। टॉस जीतकर अर्मापुर एसएस स्पोर्ट्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 16 टू 60 क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 208 रन बनाए। जिसमें हार्दिक मिश्रा ने 76 रनों की शानदार पारी खेली। जस आनंद ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएस स्पोर्ट्स 23.1 ओवर में 140 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उज्जवल ने 44, प्रीत भाटी ने 38 रन का योगदान दिया। अभिनव यादव ने तीन व हार्दिक मिश्रा ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इस तरह 16 टू 60 क्लब में 38 रनों से मैच जीत लिया। एपीएल सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदीप शर्मा, अनिल गुप्ता ने खिलाड़ियों को दिया।




विजयी टीम को दिया गया पुरस्कार। अमृत विचार

जनसमस्या

फॉल्ट, सीटी, जंपर और इंसुलेटर बिगड़ने से दिन के साथ रात में भी आपूर्ति हुई धड़ाम

# बिजली संकट से हजारों शहरियों का रात-दिन जीना मुहाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- केस्को के लाइनमैन फॉल्ट दुरुस्त करने में कर रहे हीला-हवाली, शिकायतों पर नहीं ध्यान

**अमृत विचार।** कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) की बिजली व्यवस्था शहर के कई क्षेत्रों में धड़ाम है। एक पखवाड़े से भी ज्यादा समय से फॉल्ट, सीटी, जंपर व इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से दिन के साथ रात में भी सात से आठ घंटे तक बिजली गुल हो रही है। कई इलाकों में तो पूरी रात बिजली नहीं आ रही है। भीषण गर्मी में रात में बिजली नहीं मिलने से लोगों को नींद नहीं पूरी हो पा रही है। बीमारों, बच्चों और वृद्धों का बुरा हाल है। लेकिन केस्को के लाइनमैन फॉल्ट दुरुस्त करने में हीला-हवाली कर रहे हैं।

नौबस्ता हनुमंत विहार, मछरिया, बाबा नगर, आवास-विकास, हंसपुरम, पटेल नगर, बौद्ध नगर, छबिलेपुरवा, किदवई नगर व जूही परमपुरवा, ट्रांसपोर्ट नगर व सफेद कॉलोनी में बुधवार पूरी रात बिजली संकट रहा। घरों में लगे इन्वर्टरों ने जवाब दे दिया। लोगों ने केस्को के हेल्प लाइन, सबस्टेशन व व्हाट्स एप नंबरों पर शिकायत की। बिजली नहीं आने का गुस्सा केस्को के एक्स अकाउंट पर निकाला। लोगों ने बताया कि हेल्प लाइन नंबरों पर कई बार कॉल की, लेकिन नंबर पहुंच के बाहर और व्यस्त बताता रहा। काफी बार प्रयास करने के बाद जब नंबर मिला तो कर्मचारी ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। अधिकतर इलाकों में बिजली न होने के कारण पानी का भी संकट रहा। साउथ के इलाकों में संकट ज्यादा रहा।

इसके अलावा गुरुवार को दिन में केशवपुरम, स्वर्ण जयंती विहार, लाजपत नगर, बर्रा पांच, लालबंगला, विनोवा नगर, गांधी ग्राम, शिवकटरा समेत करीब 58 क्षेत्रों में बिजली संकट रहा। काजीखेड़ा, नेताजी नगर, कर्मचारी नगर, कृष्णा नगर, सर्वोदय नगर, बर्रा विश्व बैंक में थोड़ी-थोड़ी देर में बिजली आती-जाती रही। इससे हजारों लोग परेशान रहे।

**700 मेगावाट पहुंचा विद्युत लोड :** केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत ने बताया कि पांच जून को केस्को में अधिकतम लोड 700 मेगावाट रहा। औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 45 मिनट रही। गुरुवार को सीटी क्षतिग्रस्त होने से बाबा नगर, टेलीफोन एक्सचेंज, पाल चौराहा, वॉटर पार्क व मछरिया फीडर से जुड़े घरों में बिजली आपूर्ति रात 12 बजे से सुबह करीब साढ़े छह बजे तक बाधित रही।

उन्होंने बताया कि एचटी लाइन पर पेड़ की डाल आने से मेन रोड-2 फीडर व कानपुर शीतालय फीडर की आपूर्ति बाधित हुई। फॉल्ट होने से मेन रोड-1 फीडर, जंपर व इंसुलेंटर क्षतिग्रस्त होने से केशवपुरम-02 फीडर और वितरण ट्रांसफार्मर का केबल बॉक्स रिपेयर करने के कारण लाजपत नगर फीडर की आपूर्ति थोड़ी देर के लिए बाधित रही। जो समस्याएं आईं, उनका निस्तारण किया गया।

### ट्रक ने तोड़ा पोल, जला ट्रांसफार्मर, हुआ हंगामा

**कानपुर।** परमपुरवा सबस्टेशन के अंतर्गत बुधवार रात करीब एक बजे एक ट्रक ने सुबोध चोपड़ा आवास के पास पोल में टक्कर मार दी, जिससे वह टूट गया और एबीसी केबिल क्षतिग्रस्त होने के साथ ट्रांसफार्मर जल गया। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत भाग निकाला और पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सबस्टेशन की टीम ने हादसे की जानकारी उच्चाधिकारियों को देना उचित नहीं समझा। लोगों ने जब शिकायतें करना चालू किया, तब अधिकारियों को जानकारी हुई। तब लाइनमैन और कर्मचारी दौड़े और फॉल्ट व ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का प्रयास किया। ट्रांसफार्मर जब सही नहीं हो सका तो नया ट्रांसफार्मर मंगाया गया। इसी बीच रात से बिजली न आने पर शाम करीब तीन बजे क्षेत्रीय लोगों ने सबस्टेशन में पहुंचकर हंगामा किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। केस्को मीडिया श्रीकांत ने बताया कि हादसे की जानकारी नहीं है, अगर ऐसा है तो अज्ञात ट्रक के खिलाफ तहरीर दी जाएगी। संबंधित जगह पर नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

# जेवर के झगड़े में पहले पत्नी, फिर पति ने दी जान

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचारः** महाराजपुर थाना क्षेत्र के भदासा गांव में बुधवार देर रात युवा विवाहित जोड़े ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों के मुताबिक जेवर को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद पहले पत्नी ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली, फिर पति ने भी फंदा डालकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसीपी और डीसीपी ने घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की बारीकी से जांच-पड़ताल की।


अरविंद।


अर्चना।

**बात का बतंगड़**

- महाराजपुर थाना क्षेत्र के भदासा गांव में हुई घटना
- बुधवार की देर रात दोनों के बीच हुआ था झगड़ा


भदासा गांव में मामले की छानबीन करते पुलिस उपायुक्त श्रवण कुमार। अमृत विचार

भदासा गांव निवासी अरविंद (28 ) पुत्र महेश चंद्र की शादी 3 साल पहले उन्नाव जिले के अजगैन थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी अर्चना (25) से हुई थी। परिवार वालों के मुताबिक बुधवार की रात दोनों छत पर लेटे हुए थे। इसी दौरान दोनों के बीच जेवर को लेकर कहासुनी होने लगी। कुछ देर बाद अर्चना नीचे कमरे में पहुंची और साड़ी के सहारे पंखे से लटककर फांसी लगा ली। जब अर्चना काफी देर बाद भी छत पर नहीं पहुंची तो पति महेश उसे देखने नीचे पहुंचा।

कमरे में पत्नी को फंदे पर लटका देख अरविंद ने भी बेड शीट से फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों का कहना है कि जिस समय दोनों ने फांसी लगाई, उस समय घर के बाकी सदस्य सो गए थे। जेवर को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो रही थी, जिसे परिवार वालों ने गंभीरता से नहीं लिया। पति-पत्नी की आत्महत्या की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कराए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह और एसीपी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की बारीकी से छानबीन की। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि आपसी झगड़े में ऐसा कदम उठाया गया है।

**तीन माह के बेटे का नामकरण भी नहीं**

तीन साल पहले दोनों की शादी होने के बाद तीन माह का एक बेटा भी है, जो अभी पूरी तरह अबोध है और उसका अभी तक नामकरण भी नहीं हुआ है। होश संभालने के पहले ही उसके सिर से माता-पिता का साया छिन गया। दोनों के आत्महत्या करने के बाद अब परिवार वाले बच्चे को संभाल रहे हैं।

## वकील के घर से जेवर-कैश चोरी

**घाटमपुर।** रेवना थाना क्षेत्र के अकबरपुर झबैया गांव में चोरों ने एक अधिवक्ता के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

रेवना थाना क्षेत्र के अकबरपुर झबैया निवासी विमल कुमार पेशे से वकील हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात चोर घर के पीछे से दीवार तोड़कर अंदर घुसे और कमरे में रखे बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर पायल, मंगलसूत्र, तोड़िया, करधनी आदि सोने-चांदी के आभूषण और 20 हजार नकदी चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी होने की जानकारी मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा। पुलिस टीम लगाई गई है।

# कमरे का ताला तोड़ तीन लाख की चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पचोर गांव में बुधवार रात मौका पाक चोरों ने कमरे का ताला तोड़ नकदी समेत करीब तीन लाख का सामान पार कर दिया। सुबह पीड़ित द्वारा दी गई सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

पचोर गांव निवासी संजय चौरसिया कपड़े सिलाई का काम करते हैं। बताया गया है कि बुधवार रात वह परिवार के साथ घर की छत पर सोया था। तभी मौका पाकर चहारदीवारी फांद कर घर के अंदर पहुंचे चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया और वहाँ बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात व नकदी पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी।

**वारदात**

- चौबेपुर थाना क्षेत्र के पचोर गांव में आधी रात के बाद हुई घटना
- सूचना पर पहुंची पुलिस, जांच के बाद लिखी एफआईआर

मौके पर पहुंची पुलिस को गृह स्वामी ने बताया कि चोर सोने की झुमकी ,चांदी के पायल आदि जेवरात के अलावा 75 हजार रुपये उठा ले गए। कहा कि घटना में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बिकरू कांडः आरोपी मनु पांडेय के घर की कुर्की

## चौबेपुर में एसडीएम रश्मि लांबा की मौजूदगी में हुई कार्रवाई, मकान किया गया सीज, कोई भी सामान नहीं मिला

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** चर्चित बिकरू कांड के बाद एनकाउंटर में मारे गए हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के मामा प्रेमप्रकाश पांडेय की पुत्रवधू मनु पांडेय के चौबेपुर कस्बा स्थित घर की गुरुवार को कुर्की की गई। बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा की मौजूदगी में थाने की पुलिस ने कार्रवाई की और मकान सीज करने के साथ ही नोटिस लिखवाई। इस दौरान पुलिस को घर के अंदर कोई भी सामान नहीं मिला।


आरोपी मनु पांडेय।


पति शशिकांत।



मकान पर नोटिस लिखा गया।


आरोपी मनु पांडेय के मकान को सीज करती पुलिस। साथ में एसडीएम रश्मि लांबा।

2 जुलाई 2020 की रात बिकरू गांव में कुख्यात विकास दुबे और उसके साथियों ने बिल्हौर सीओ समेत 8 पुलिस कर्मियों की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब पुलिस टीम एक मामले को लेकर हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के घर दबिश देने के लिए गई थी। घटना के अगले दिन सुबह पुलिस ने विकास दुबे के रिश्ते में मामा प्रेम प्रकाश पांडेय का एनकाउंटर किया था। इस बहुचर्चित कांड में सर्वाधिक ऑडियो प्रेमप्रकाश की बहू मनु पांडेय के वायरल हुए थे। इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब पुलिस ने मनु के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी।

पुलिस ने विवेचना के बाद 17 जुलाई 2023 को माती गैंगस्टर कोर्ट से पुलिस ने घटना में शामिल रही मनु पांडेय के खिलाफ गैरजमानती वारंट हासिल किया था। 17 सितंबर 2023 को पुलिस ने धारा-82 का आदेश भी प्राप्त कर लिया था। इधर, कोर्ट से 14 मई 2024 को मनु की संपत्ति की कुर्की का आदेश जारी होते ही मनु चौबेपुर कस्बा स्थित मकान में ताला बंद कर फरार हो गई थी। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा की मौजूदगी में राजस्व कर्मी व थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव पुलिस फोर्स के साथ थाने के ठीक सामने स्थित मनु पांडेय के मकान पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी हो जाने से मनु घर का सारा सामान समेटकर पहले ही फरार हो गई। घर के अंदर कोई भी सामान नहीं मिला। संपत्ति को सीज कर दरवाजे पर नोटिस चस्पा कर दी गई है।

**समर्पण न करने पर हुई कुर्की की कार्रवाई**

**चौबेपुर।** बिकरु कांड के मुख्य सरगना कुख्यात विकास दुबे की राजदार रही मनु पांडेय को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से किसी तरह की राहत नहीं मिलने पर पुलिस की ओर से उसे आत्मसमर्पण करने का मौका दिया गया था, लेकिन उसने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण नहीं किया। पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास करती रही। इसके बाद कोर्ट से आदेश मिलने पर उसकी संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की गई।

**हाईकोर्ट से खारिज हो गई थी याचिका**

**चौबेपुर।** बिकरू कांड की आरोपी मनु उर्फ वर्षा पांडेय के खिलाफ जहां पुलिस ने गुपचुप तरीके से 17 जुलाई 2023 को एंटी डकैती कोर्ट से गैर जमानती वारंट हासिल कर लिया था, वहीं 14 सितंबर 2023 को मुनादी कराते हुए आरोपी के दरवाजे पर नोटिस भी चस्पा किया गया था। इसकी जानकारी होने पर आरोपी पक्ष की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, लेकिन कोर्ट ने 24 जनवरी 2024 को याचिका खारिज कर दी थी।

**सास को अकेली छोड़कर चली गई थी मायके**

**चौबेपुर।** बिकरू कांड में चर्चित मनु उर्फ वर्षा पांडेय के ससुर प्रेमप्रकाश पांडेय को पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही सुबह काशीराम निवादा में एनकाउंटर के दौरान मार गिराया था, वहीं मनु का आरोपी पति शशिकांत मौजूदा समय में माती जेल में बंद है। घटना के कुछ माह बाद ही मनु अपनी सास सुषमा को बिकरू वाले घर में अकेला छोड़कर अपने दोनों बच्चों के साथ बहलोलपुर, मंधना मायके चली गई थी।


कुर्की के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अमृत विचार

**मनु के घर के आंगन में हुई थी सीओ की हत्या**

बिकरू में 2 जुलाई 2020 की काली रात शायद ही कोई भूल पाएगा। शातिर विकास दुबे व उसके साथियों की गोलियों की बौछार से अकेले बिकरू ही नहीं, पूरा प्रदेश कांप उठा था। इस घटना में बिल्हौर सीओ देवेंद्र मिश्रा की मनु पांडेय के आंगन में ही हत्या की गई थी। दो सिपाहियों के खून से लथपथ शव भी इसी घर के बरामदे में पड़े मिले थे। घर में तीन-तीन पुलिस कर्मियों के शव देख घबराई मनु पांडेय ने मोबाइल फोन से विकास दुबे की लखनऊ निवासी पत्नी रिचा दुबे को जानकारी दी थी। इसके ऑडियो भी वायरल हुए थे।

**कुर्की के दौरान दो थानों का पुलिस बल मौजूद रहा**

**चौबेपुर।** न्यायालय से धारा 83 ( कुर्की) के आदेश मिलने के बाद कुर्की की कार्रवाई के लिए गुरुवार को सुबह 8 बजे एसडीएम रश्मि लांबा के साथ प्रभारी निरीक्षक बिल्हौर केशव कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक चौबेपुर रवींद्र श्रीवास्तव के साथ चौबेपुर व बिल्हौर थाने का पुलिस बल कस्बे के आराजी संख्या 71, रकबा 0 .1381 हेक्टेयर में स्थित मनु पांडेय के घर पहुंचा और अचल संपत्ति की नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान भारी पुलिस बल देख आसपास रहने वाले लोग तमाशबीन बने रहे।

# एसीएमओ की छापेमारी होते ही शटर गिराकर भागे झोलाछाप

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के भीतरगांव और साढ़ कस्बे में गुरुवार को सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयभान सिंह ने छापा मारा। एसीएमओ का छापा पड़ते ही झोलाछाप धड़ाधड़ शटर गिराकर भाग खड़े हुए। यहां दुकानों में बाकायदा मरीज भर्ती मिले और ड्रिप लगाकर बोतल चढ़ाई जा रही थी। एसीएमओ ने झोलाछापों को नोटिस देकर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

गुरुवार को सरसौल की तरफ से साढ़ कस्बे पहुंचे एसीएमओ की भनक लगते ही झोलाछाप खटाखट शटर गिराकर इधर-उधर भाग खड़े हुए। इसके बाद एसीएमओ की टीम भीतरगांव कस्बा पहुंची। यहां दुकान में संचालित सृष्टि क्लीनिक के अंदर दाखिल हुए तो दर्जनों


दुकान में बेड लगाकर इलाज किया जा रहा था। अमृत विचार

बेड पर लेटे मरीजों को बोतल लगाने के साथ इलाज चल रहा था। सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी ने क्लीनिक बंद कराकर नोटिस थमाया और तीन दिन के अंदर सीएमओ आफिस में क्लीनिक के आवश्यक प्रपत्र दिखाने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम ने कस्बे में संचालित आरोग्य हास्पिटल में छापा मारा। यहां भी एक दर्जन से अधिक मरीजों को बोतल चढ़ाकर इलाज किया जा रहा था। एसीएमओ डॉ. उदयभान सिंह ने बताया कि खुले मिले क्लीनिक संचालकों को नोटिस थमाकर तीन दिन के अंदर सीएमओ ऑफिस में आवश्यक प्रपत्र दिखाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि झोलाछापों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट में दो लोग घायल, भर्ती हुए

**चौबेपुर।** क्षेत्र के उम्मेदपुर गांव में गुरुवार सुबह घर के सामने चबूतरा बढ़ाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए। मारपीट में दो लोग घायल हुए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

उम्मेदपुर गांव निवासी जगजीवन कोरी व बालक राम के मकान आमने-सामने बने हैं। बताया गया है कि चबूतरा बढ़ाने को लेकर दोनों परिवारों के बीच आए दिन कहासुनी होती है। गुरुवार सुबह भी इसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद लाठी डंडे निकल आये। इस दौरान हुई मारपीट में जगजीवन व बालक राम के सिर में चोटें आईं। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लकड़ी माफिया पर कसा शिकंजा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में लकड़ी कटान को लेकर पुलिस व वन विभाग ने लकड़ी माफिया पर शिकंजा कसा है। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा था। पर्यावरण को बचाने के लिए जगह-जगह पौधरोपण किया जा रहा था। इधर, क्षेत्र के इटर्रा गांव में लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में आम और नीम के पेड़ पर आरा चला रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश देकर लकड़ी और माफिया सहित एक लोडर को कब्जे में ले लिया।


रात में कटान की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। अमृत विचार

इटर्रा गांव में बुधवार की रात लगभग आठ बजे गांव के एक किसान के खेत पर लकड़ी माफिया मुन्ना और हारुन आम व नीम के पेड़ पर आरा चला रहे थे। काटने के साथ ही लकड़ी एक लोडर में लादी जा रही थी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाने की पुलिस और वन विभाग को दे दी। सूचना

- **इटर्रा गांव में लकड़ी लदे पिकअप के साथ दो लोग हिरासत में लिए गए**

मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों लकड़ी माफिया सहित लकड़ी, आधुनिक आरा व लोडर को कब्जे में ले लिया। पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की।

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो लकड़ी माफिया सहित लोडर, आधुनिक आरा सहित लकड़ी को कब्जे में लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उधर, वन क्षेत्राधिकारी राकेश पाण्डेय ने बताया कि लकड़ी माफिया हारुन और मुन्ना के साथ लकड़ी, लोडर व आधुनिक आरा कब्जे में लिया गया है। इस मामले में पुलिस व वन विभाग की ओर से संयुक्त कार्रवाई की जा रही है।

## मवेशी से टकराकर कार सवार दो घायल

**चौबेपुर।** मरियानी गांव के पास हाईवे पर गुरुवार रात तेज रफ्तार कार मवेशी से टकरा गई। दुर्घटना में मवेशी की मौत के साथ कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से हैलट रेफर कर दिया गया।

फर्रुखाबाद के राजीव गांधी नगर के अंशुमान मिश्रा गुरुवार रात मां सुषमा के साथ कार से कानपुर से घर लौट रहे थे। करीब 9:30 बजे मरियानी गांव के पास हाईवे पर अचानक मवेशी के सामने आ जाने से कार टकरा गई। लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाल उन्हें सीएचसी भेजा। गंभीर चोटें होने से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मवेशी से टकराकर कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें हैलट अस्पताल भेजा गया है।

**बरगदाही अमावस्या** — पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा, सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाकरमांगा वरदान

# सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर मांगा पति का जीवन भर साथ

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर वट सावित्री की पूजा की गई। सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति के दीर्घायु की कामना की और जीवन भर का साथ मांगा। गुरुवार की सुबह से ही महिलाएं पूजन सामग्री बनाने में जुट गईं और फिर श्रृंगार कर बांस की डलिया में पूजन-सामग्री लेकर टोलियों के रूप में बरगद के नीचे पहुंचकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। वट वृक्ष के तने पर कच्चे सूत का धागा बांधकर परिक्रमा की और घर पर बनाए गए पकवान अर्पित किए।

पूजा करने पहुंचीं सुमन लता पांडेय, विनोद कुमारी, माया तिवारी, तारा देवी विश्वकर्मा, रमा तिवारी, सीमा सिंह राजावत, संगीता तिवारी, नीतू तिवारी, अनीता, रेखा तिवारी आदि ने बताया कि पुराणों के अनुसार सत्यवान अल्पायु थे। फिर भी सावित्री ने विवाह कर लिया। एक दिन लकड़ी काटते समय सत्यवान की मृत्यु हो गई। यमराज सत्यवान के प्राण लेने के बाद अपने लोक को चल पड़े। सावित्री भी उनके पीछे चल पड़ी। जब यमराज ने देखा कि सावित्री भी चली आ रही है तो उसे लौटने को कहा साथ ही पुत्रवती होने का आशीर्वाद दे डाला। तब सावित्री ने कहा कि आपके आशीर्वाद की पूर्ति कैसे होगी, जब हमारे पति को आप ले जा रहे हैं। आज ही के दिन सावित्री ने बरगद के पेड़ के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज को शास्त्रगत सवालों से प्रसन्न कर वापस प्राप्त की थी। इस मान्यता के अनुसार अपने सुहाग की रक्षा व पति की लंबी आयु की कामना को लेकर सुहागिन वट सावित्री का पूजन व्रत करती हैं।


घाटमपुर में वट वृक्ष की परिक्रमा लगातीं सुहागिन महिलाएं। अमृत विचार


शिवराजपुर में भी पूजा हुई। अमृत विचार

**बिल्हौर क्षेत्र में भी महिलाओं में दिखा उत्साह**

**बिल्हौर।** गुरुवार को वट सावित्री अमावस्या के मौके पर बिल्हौर क्षेत्र के ककवन, अरौल, मकनपुर, विषधन, उत्तरीपूरा कस्बे मे वट सावित्री का पर्व मनाया गया । वट सावित्री पर सुहागिनें अपने पति की लम्बी आयु के लिए व्रत रखती हैं। वट सावित्री पर वट सावित्री के वृक्ष के साथ सत्यवान और सावित्री की पूजा भी की जाती है। साथ ही ही विधि-विधान के साथ पूजा करके वट सावित्री व्रत वट वृक्ष के नीचे कथा सुनी और सुनाई जाती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि वट सावित्री व्रत में वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ का बहुत महत्व होता है। वट सावित्री व्रत कथा के पौराणिक महत्व, पूजा विधि, और सावित्री-सत्यवान की अद्भुत कहानी वर्षों से पौराणिक कथाओं की तरह चली आ रही है। सुबह से ग्रामीण या शहरी इलाको मे महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर पति के लिए दीर्घायु की कामना की ।

**अखंड सौभाग्य के लिए की पूजा**

**शिवराजपुर।** गुरुवार को प्रातः काल से ही महिलाएं सज धज कर पूजन सामग्री व पकवान आदि लेकर अखंड सौभाग्य के प्रतीक वट वृक्ष की पूजा अर्चना करके पति की लंबी आयु की कामना की व परिक्रमा लगाई । ज्येष्ठ महीने की अमावस्या को बट सावित्री व्रत पूजन करने का विधान है पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं बरगदाही का व्रत अखंड सौभाग्यवती होने के लिए आदिकाल से करती चली आ रही हैं। क्षेत्र के गांव में जहां वट वृक्ष हैं, वहां साफ-सफाई होने के बाद महिलाएं सुबह से ही पकवान बनाकर फूल, अक्षत सिंदूर, गंगाजल लेकर पूजन करने पहुंची। विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद वट वृक्ष की परिक्रमा लगाई। पौराणिक ग्रन्थो के अनुसार वट सावित्री व्रत तब से चला आ रहा है जब सावित्री ने यह जानते हुए भी कि होने वाले पति की उम्र कम है, फिर भी उन्होंने सत्यवान से विवाह किया। मृत्यु का दिन निकट आने के पहले ही सावित्री निर्जला व्रत धारण कर पति के साथ जंगल में थीं। यमराज सत्यवान के प्राण लेने के लिए आए। उस समय सावित्री पति के साथ वटवृक्ष के नीचे बैठी थी। अनुनय-विनय करने के बाद आखिर में यमराज को सत्यवान के प्राण लौटाने पड़े। सावित्री को अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद देकर चले गए। तभी से वट वृक्ष की पूजा सावित्री व्रत के नाम से होती आ रही है।

## सार-संक्षेप


गायों को तरबूज खिलाने पहुंचे समाजसेवी । अमृत विचार

**अमावस्या पर गोवंश को खिलाया तरबूज**

**घाटमपुर।** कस्बे की कान्हा गौशाला में बरगदाही अमावस्या पर गोवंशों को तरबूज खिलाया गया। गौ भक्तों ने बरगदाही अमावस्या पर कान्हा गौशाला पहुंचकर गोवंशों को तरबूज खिलाया। इस मौके पर सुरेश गुप्ता, अमित गुप्ता, मनीष सचान मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कान्हा गौशाला में गौ माता को चार क्विंटल तरबूज खिलाया गया है। इस दौरान गोवंश की सेवा भी की गई।

**बिजली के पोल में दौड़ा करंट, चिपककर नंदी की मौत**

**घाटमपुर।** नगर पालिका परिषद के ठीक सामने लगे बिजली के पोल में गुरुवार को सुबह एक नंदी की करंट में चिपककर मौत हो गई। इसके बाद नंदी का पोस्टमार्टम होने के बाद नगर पालिका की ओर से उसे दफनाया गया।

## एक नजर

### किशोरी को ले जाने में एफआईआर दर्ज

**कानपुर देहात।** एक गांव निवासी किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बहन को दया गांव निवासी कुलदीप वर्मा बहला फुसलाकर बुधवार शाम कहीं ले गया। काफी खोजबीन के बाद जब पता नहीं चला। तब उसने तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**मूसानगर।** पुलिस ने एक वांरटी को गिरफ्तार किया है। मूसानगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि कस्बे के गुड्डू दीक्षित उर्फ अरुण वर्ष 2019 में एक गबन के मामले में आरोपी हैं। साथ ही न्यायालय ने उनके विरुद्ध वांरट जारी किया था। आरोपी को पालपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### जैनपुर उपकेंद्र में खामी से अकबरपुर की बत्ती गुल

**कानपुर देहात।** भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। ऐसे में विद्युत फाल्ट व अंधाधुंध कटौती लोगों को और भी बेहाल कर रही है। गुरुवार शाम जैनपुर विद्युत उपकेंद्र में अचानक तकनीकी खामी आ गई। जिससे पूरे अकबरपुर नगर की बिजली करीब पौन घंटे तक गुल रही। ऐसे में लोग पसीने से तरबतर नजर आए और शाम के समय दुकानदार सन्नाटे में बैठे रहे। जेई ने बताया कि अचानक खामी आने बिजली कटी थी। जिसे दुरस्त कराकर आपूर्ति सुचारू करा दी गई है।

### अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**पुखरायां।** बहेरी माह गांव में एक अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी माह गांव निवासी कल्लू ने बताया कि उसके पिता इस्तियाक उर्फ भोपा (60) ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक अवनीश वर्मा ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है। पुलिस कर्मियों को भेजा जाएगा।

### दिव्यांग से सोने-चांदी के जेवर की टप्पेबाजी

**मूसानगर।** बेटे की गोद भराई के लिए सोने-चांदी के आभूषण लेकर घर जा रहे दिव्यांग को बाइक सवारों ने झांसी देकर बैठा लिया और टप्पेबाजी कर दी। फत्तेपुर निवासी दिव्यांग राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि 7 जून को उसके पुत्र दीपक की गोद भराई है। जिसके चलते उसने कस्बा के एक ज्वेलर्स की दुकान से चांदी की पायल व एक सोने की माला खरीदी था। उसे लेकर राजेंद्र अपने घर जा रहा था। वह बालाजी गेट के पास पंहुचा ही था। तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों ने बातों में उलझा कर उसे बैठा लिया और कुछ दूर चलकर उन्हें उतार कर घाटमपुर रोड की तरफ चले गए। जब उसने बाइक से उतर कर जेब में हाथ डाला तो सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। उसने जब तब शोर मचाया, तब तक बाइक सवार मौके से भाग निकले। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि टप्पेबाजी की सूचना मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### जरूरतमंदों को दिया गमछा और ओआरएस

**कानपुर।** जन सहयोग से थानाक्षेत्र कलक्टरगंज में एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खां तथा प्रभारी निरीक्षक कलक्टरगंज ललित कुमार ने जरूरतमंदों को गमछा, ओआरएस, इलेक्ट्रॉल तथा पानी का वितरण किया। इसी तरह अन्य थानाक्षेत्रों में भी सहयोग किया गया।

# आत्मदाह करने तहसील पहुंची महिला

## घर के आगे कूड़ा डालने और पाइप लाइन नहीं बिछाने देने से आहत होकर महिला ने उठाया कदम

संवाददाता, रसूलाबाद

- तहसील कर्मियों ने पेट्रोल की पिपिया छुड़ाकर बचाई जान
- बेहोश होकर गिरी महिला, पानी डालकर होश में लाया गया

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के भारामऊ गांव की एक महिला गुरुवार को पेट्रोल की पिपिया लेकर तहसील पहुंच गई और आत्मदाह का प्रयास किया, जिससे तहसील में हड़कंप मच गया। तहसील कर्मियों ने पेट्रोल की पिपिया छुड़ाकर उसकी जान बचाई। इस दौरान महिला बेहोश होकर गिर गई, जिसे पानी डालकर होश में लाया गया। महिला अपने घर के सामने कूड़ा डालने और पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाने देने से आहत थी। तहसीलदार महिला को समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया है।

भारामऊ के राकेश की पत्नी सीमा ने रास्ता नहीं मिलने और पानी टंकी की पाइप लाइन आगे की ओर न बिछाने देने की समस्या को लेकर कई बार तहसील व जिला मुख्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आहत होकर गुरुवार की दोपहर वह पेट्रोल से भरी पिपिया हाथ में लेकर आत्मदाह करने के उद्देश्य से तहसील पहुंच गई, जहां नजर पड़ते ही तहसील कर्मचारियों ने पेट्रोल की पिपिया छुड़ा ली। इस दौरान महिला बेहोश होकर गिर गई। तहसीलदार सुभाष चंद्र यादव व कर्मचारियों ने पानी डाला और महिला को होश में लाए।

महिला ने रोते हुए बताया कि घर के आगे रामू, बउआ आदि लोग पानी की पाइप लाइन नहीं निकलने दे रहे हैं। घर के आगे कूड़ा डालते हैं। निकलने के लिए रास्ता नहीं दे रहे हैं। वह कई बार तहसील व जिले के अधिकारियों से फरियाद कर चुकी है, लेकिन निस्तारण नहीं हो सका। हताश होकर वह आत्मदाह के उद्देश्य से गुरुवार को तहसील पहुंची थी। तहसीलदार, एसडीएम के स्टेनो शंकर समेत कर्मियों ने महिला को समझा कर शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन देकर महिला को घर भेजा। तहसीलदार सुभाष चंद्र ने कहा कि टीम गठित कर दी गई है। मौके पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# पाइप लाइन डालने को खोद डाली सड़क

संवाददाता, रूरा



पाइप लाइन डालने के बाद बनीपारा जिनई गांव में खुदी पड़ी सड़क। अमृत विचार

- पाइप लाइन डालने के बाद सड़क की नहीं कराई गई मरम्मत, ग्रामीणों में रोष

**अमृत विचार।** सरकार एक तरफ विकास के तहत गांव-गांव सड़कों का जाल बिछवा रही है। दूसरी तरफ जल निगम इन सड़कों को कबाड़ा बनाने पर आमादा है। बनीपारा जिनई में पाइपलाइन डालने के लिए सड़क की खुदाई के बाद मरम्मत नहीं कराई गई है। जिससे आवागमन में समस्या है।

झींझक विकासखंड के बनीपारा जिनई गांव में हर गली व मोहल्ले में जेसीबी से खुदाई कराई गई है। लेकिन जल निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को इसी तरह छोड़ दिया गया। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ती है। हालत यह है कि निकलने वाले चौपहिया व दोपहिया वाहन खोदे गए गड्ढों में फंस जाते है और लोगों का पैदल निकालना भी मुश्किल है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान उखाड़े गए खड़ंजे भी अभी तक नहीं लगाए गए है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव के लकी, कपिल, गया सिंह आदि ने बताया कि इसकी शिकायत शासन स्तर तक की गई, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जल निगम की लापरवाही ने ग्रामीणों को मुश्किल में डाल दिया। आने वाली बरसात में सड़कों का हाल और अधिक खराब हो जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों में भी क्षति पहुंची है। ठेकेदारों की मनमानी से पाइपलाइन खुदाई में उखाड़ी गई इंटरलाकिंग ईंट को पुराई के दौरान गड्ढों में डाल दिया गया है। झींझक बीडीओ आशुतोष शुक्ला ने कहा कि जल निगम के अधिकारियों व ठेकेदार को सड़क बराबर करने के लिए कहा गया है।

# गौशाला में गड़बड़ी से डीएम खफा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



गोआश्रय स्थल निर्माण की गुणवत्ता जांचते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

- सीवीओ ने भरा सैंपल, काम धीमा होने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** डीएम ने मैथा तहसील अंतर्गत निर्माणाधीन वृहद गोआश्रय स्थल प्रथम एवं द्वितीय का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की धीमी गति देखकर कड़ी नाराजगी जताई और जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा वृहद गौशाला के निर्माण कार्य में शिथिलता पर डीएम आलोक सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मानक के अनुरूप कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिए। डीएम ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर भी रोष व्यक्त किया और निर्माण सामग्री का सैंपल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को एकत्र करने के निर्देश दिए। सीवीओ ने मौके से सैंपल एकत्र भी किया गया।

डीएम ने कहा कि निर्माणाधीन गोआश्रय स्थल में सभी आवश्यक सुविधाएं निर्धारित स्थानों पर बनाई जाएं। जिससे आने वाले समय में पशुओं को आश्रय स्थल में संरक्षित कर उनका भरण-पोषण सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने जनपद के अन्य गोआश्रय स्थलों में संरक्षित पशुओं के लिए भूसा, चारा, चूनी, चोकर आदि के संबंध में सीवीओ से जानकारी लेकर निर्देश दिए।

# रसोइयों को मिल सकता 11 महीने का मानदेय

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिले के 1925 परिषदीय स्कूलों में तीन हजार से अधिक रसोइया कार्यरत

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में मिडडे-मील बनाने वाली रसोइयों को अब 11 माह का मानदेय मिलेगा। इस बावत शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

जिले के 1925 बेसिक स्कूलों में करीब तीन हजार से अधिक रसोइए कार्यरत हैं। इनको अभी दो हजार रुपये मानदेय मिलता है। केंद्र सरकार से इनके लिए एक रुपये मानदेय तय है। इसमें से छह सौ रुपये केंद्र सरकार देती है। बाकी चौर सौ रुपये के अलावा बढ़ाया हुआ 1000 रुपये मिलाकर 1400 रुपये प्रदेश सरकार खर्च करती है।

केंद्रांश समय पर जारी न होने के कारण रसोइयों को मानदेय भी कभी समय से नहीं मिलता है। कई बार तो छह-छह महीने बाद मानदेय मिलता है। वहीं स्कूलों में शिक्षकों को पूरे 12 महीने का वेतन मिलता है। शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों को 11 माह का मानदेय मिलता है, लेकिन रसोइयों को 10 माह का ही मानदेय दिया जाता है। रसोइए लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि उनको कम से कम 11 माह का मानदेय दिया जाए। जिसपर अब कवायद शुरू की गई है।

# गर्मी का प्रकोप, फैक्ट्री कर्मी व युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अकबरपुर के यात्री प्रतीक्षालय और रनियां में अचेत मिले युवक

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को अकबरपुर के यात्री प्रतीक्षालय व रनियां में दो युवक अचेत अवस्था में मिले। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। संभावना है कि दोनों की मौत गर्मी व लू लगने से हुई है।

गुरुवार की सुबह अकबरपुर अंडरपास के नजदीक बने यात्री प्रतीक्षालय में करीब 45 वर्षीय युवक अचेत अवस्था में पड़ा था। जिसे देखकर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस युवक को जिला अस्पताल ले गई। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु नहीं मिली है। शव मर्च्युरी में रखवा दिया गया है। क्षेत्र में पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी तरह रनियां के राजेंद्रा चौराहे के समीप चिरौरा मार्ग पर करीब तीस वर्षीय युवक अचेत अवस्था में पड़ा था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में युवक को खोजते हुए परिजन पुलिस के पास पहुंचे तो शिनाख्त हुई। पत्नी रीना ने अपने पति संदीप वाल्मीकि निवासी लोदीपुर थाना गजनेर के रूप में की है।

# ट्रांसफार्मर की चिंगारी से केबल बॉक्स, घास-फूस में लगी आग

संवाददाता, मंगलपुर



भंदेमऊ गांव के ट्रांसफार्मर के आसपास आग से जलती घास-फूस।

**अमृत विचार।** भंदेमऊ गांव में डबल पोल पर रखे ट्रांसफार्मर की चिंगारी से नीचे लगे केबल बॉक्स व घासफूस में आग लग गई। ग्रामीणों ने सूचना देकर सप्लाई बंद कराई। जिसके बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया।

विद्युत उपखंड क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में दोपहर बिजली सप्लाई चलने के दौरान डबल पोल पर रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे लगे केबल बॉक्स व घासफूस में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। लपटों को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और सूचना विद्युत अधिकारियों को दी गई। सप्लाई बंद होने के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया।

हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन ग्रामीणों ने आशंका जताई कि ट्रांसफार्मर से चिंगारी नीचे गिरी थी। जिसके कारण बॉक्स व घासफूस में आग लग गई और कुछ उपकरण जल गए। जेई रामशंकर ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है। टीम को मौके पर भेज कर बॉक्स की जांच कराई जाएगी। खामी दुरस्त कराकर जल्द ही विद्युत सप्लाई सुचारु रूप से चालू कराई जाएगी।

### ट्रिपिंग से रात भर गुल रही बनीपारा की बत्ती

**रूरा।** भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। वहीं बिजली भी अपना रूप दिखाते नजर आ रही है। फाल्ट के चलते बनीपारा उपकेंद्र से जुड़े करीब छह हजार उपभोक्ताओं को बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से आधी रात तक जूझना पड़ा। वहीं रात दो बजे से बिजली कट गई और सुबह सात बजे दोबारा बिजली मिल पाई। गर्मी में बिजली की आंखमिचौली लोगों पर भारी पड़ रही है। अधिक लोग बढ़ने के कारण बुधवार को बनीपारा उपकेंद्र से जुड़े करीब छह हजार उपभोक्ताओं को रात में ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ा। लोग घर के बाहर व छतों पर टहलते नजर आए। रात दो बजे बिजली गुल होने पर लोग गुरुवार की सुबह तक बेहाल रहे।

## सार-संक्षेप



पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते संस्था के लोग। अमृत विचार

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**कानपुर देहात।** मैम ग्रुप-एमकेजे की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने मिलकर पौधे लगाए और नदी किनारे को साफ किया। कार्यक्रम में मैम ग्रुप फाउंडेशन की संस्थापक जानवी मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। हमें मिलकर प्रयास करना होगा। ताकि धरती को स्वच्छ और हरा-भरा बना सकें। उन्होंने पौधे लगाकर और नदी किनारे से कूड़ा-करकट हटाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर आद्या, दिव्या, खुशी, निष्ठा, महेंद्र, अंशिका, सत्यम, नीरज, ज्योति, अखिलेश, अनुष्का आदि मौजूद रहे।



स्थानांतरण पर रूरा स्टेशन मास्टर को स्मृति चिह्न देते लोग। अमृत विचार

### स्थानांतरण पर रूरा स्टेशन मास्टर को दी विदाई

**रूरा।** रेलवे स्टेशन रूरा पर तैनात स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय का स्थानांतरण चंदारी होने के चलते गुरुवार को कर्मचारियों व कस्बावासियों ने भावभीनी विदाई दी। स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय की कार्यकाल करीब पांच वर्ष का रहा है। लोगों ने माल्यार्पण और पटका डाल कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन रामजी गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, स्टेशन अधीक्षक अंबियापुर पवन कुमार मौजूद रहे।

### बलवंत हत्याकांड के आरोपी की जमानत पर सुनवाई टली

**कानपुर देहात।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में आरोपी मैथा चौकी के तत्कालीन मुख्य आरक्षी विनोद कुमार द्वारा दाखिल द्वितीय जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई आरोपी पक्ष द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र देने के कारण नहीं हो सकी। यह जानकारी वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी है। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी अपर जिला जज पांच के अवकाश पर होने के कारण जमानत प्रार्थना पत्र फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायालय कक्ष संख्या दो में पेश किया गया। जहां स्थगन प्रार्थना पत्र देने के कारण अगली सुनवाई की तिथि न्यायालय ने 15 जून नियत की है। आरोपी विनोद कुमार का जमानत प्रार्थना पत्र पूर्व में खारिज किया जा चुका है तथा आरोपीगण सोनू यादव व दुर्वेश कुमार के जमानत प्रार्थना पत्र हाईकोर्ट से पूर्व में खारिज हो चुके है। मामले में हाईकोर्ट ने शीघ्र सुनवाई के आदेश दिए हैं। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में अभियोजन की गवाही चल रही है। वादी अंगद सिंह, साक्षी बलबीर सिंह व साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। अब तक पेश सभी साक्षियों ने अपने मुख्य बयानों व आरोपियों की तरफ से की गई जिरह में घटना का समर्थन किया। अगले गवाह रामजी के बयान होने है। जिसकी गवाही की पूर्व में ही तिथि 12 जून नियत है।

### कटान रोकने गए वन कर्मियों को ठेकेदार ने दी धमकी

**मंगलपुर।** सतौरा गांव में दिनदहाड़े ठेकेदार ने फलदार जामुन के पेड़ कटवा दिए। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने कटान रोकने के लिए कहा ठेकेदार ने उन्हें धमकी दी। मंगलपुर थाना क्षेत्र के सतौरा गांव में गुरुवार को जिम्मेदारों की मिलीभगत से ठेकेदार ने फलदार जामुन के पेड़ कटवा दिए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग के उप क्षेत्र अधिकारी अविनाश चंद्र, वनरक्षक हरिशंकर पाल व कैटल गार्ड प्रेम बाबू यादव ने अवैध कटान करा रहे ठेकेदार को रोका। जिसपर उन्हें धमकी दी गई। जिसके बाद वन अधिकारियों ने सूचना मंगलपुर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर लकड़ी माफिया मौके से भाग गए। सूत्रों के अनुसार लकड़ी माफिया पर पहले से ही कई मामले हैं। उप क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि काटी गई लकड़ी की नापतोल कर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई है।

### 40 डिग्री से नीचे आया अधिकतम तापमान

कानपुर। शहर में कई दिनों बाद मौसम कुछ नरम हुआ। 13 मई के बाद गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया। गुरुवार को यह 39 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार तक तापमान बढ़ने की आशंका जताई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर की वजह से मौसम में परिवर्तन हुआ। भोर में तेज हवाओं और बूंदाबादी के बाद सुबह मौसम में परिवर्तन दर्ज किया गया। तेज 7 .8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही तेज हवाओं की वजह से नमी रही। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शनिवार तक हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। इस बीच हल्की व मध्यम बारिश की संभावना है।

### गर्मी के बीच मेले में पिलाया गया शर्बत

**कानपुर देहात।** गुरुवार को नारखास स्थित नारदाश्रम के समीप हनुबाबा मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय मेले में शर्बत पिलाया गया। पूर्व प्रधान विजय शंकर त्रिपाठी व मेला आयोजन समिति अध्यक्ष मोहित शुक्ला ने बताया कि रात में धनुष भंग लीला का मंचन होगा। शुक्रवार रात आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रचंड गर्मी के चलते समाजसेवी शिवकांत त्रिपाठी उनके साथियों ने मेले में आने वाले ग्रामीणों के लिए शर्बत पिलाने की व्यवस्था की है। इस मौके पर मोहित शुक्ला, वीरेंद्र शर्मा, सोनू शुक्ला, रामू शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के आलमचंद्रपुर कॉलोनी निवासी सुनील कुमार (25) गुरुवार को किसी काम से बाइक से रनियां की ओर गया था। दोपहर में वह अकबरपुर की ओर आ रहा था। तभी रनियां थाना क्षेत्र के उमरन गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस उसे जिला अस्पताल ले गई। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**बरगदाही अमावस्या**

सुहागिनों में वट वृक्ष की पूजा को लेकर दिखा उत्साह, सुबह से ही पूजन को निकलने लगीं महिलाएं

# वट सावित्री की पूजा-अर्चना कर मांगा अखंड सौभाग्य

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



शिवली में वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार



सिकंदरा में भी महिलाओं ने वट वृक्ष की फेरी लगाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार को वट सावित्री पर्व मनाया गया। सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत रखकर शुक्रवार को बरगद पेड़ की पूजा अर्चना की और पति की लंबी आयु का वरदान मांगा। व्रत व पूजन के लिए नवविवाहिताओं में खासा उत्साह रहा।

जनपद के अकबरपुर, रनियां, रूरा, शिवली, रसूलाबाद, पुखरायां, मूसानगर, राजपुर, सिकंदरा, संदलपुर सहित अन्य कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सुबह से ही सजने संवरने लगीं। घर में पकवान बनाने के बाद वट वृक्ष के नीचे पहुंच पूजा-अर्चना शुरू की। अक्षत रोली से तिलक करने के बाद महिलाओं ने पंचामृत से भगवान विष्णु का पूजन वंदन किया। वट वृक्ष में धागा लपेटते हुए महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना कर व्रत रखा। पूजन-अर्चन कर महिलाओं ने पति की दीर्घायु के साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधिविधान से पूजन वंदन किया। घरों में पूजन के लिए पकवान बनाए गए।

पौराणिक मान्यता के अनुसार सावित्री अपने अल्पायु पति सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज के पीछे पीछे गई थीं। यमराज के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सटीक जवाब देकर उनसे पति के दीर्घायु होने का आशीर्वाद ले लिया था। वट वृक्ष के नीचे ही यमराज ने सत्यवान के प्राण वापस किए थे। इसी दिन से वट सावित्री पूजन की परंपरा पड़ी है। वहीं रसूलाबाद कस्बे के प्राचीन बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचकर महिलाओं ने वट सावित्री पूजन किया। इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। वहीं रनियां में वट वृक्ष की पूजा में कविता श्रीवास्तव, ललिता श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवस्तव समेत सैकड़ों विवाहित महिलाएं मौजूद रहीं।

# पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



वटवृक्ष पर कच्चे सूत लपेटकर पूजन करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुहागिनों ने गुरुवार को पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखा। बरगद का पूजन कर पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की। नव विवाहिताओं में काफी उत्साह दिखने को मिला।


मान्यता के अनुसार लाल वस्त्र, सिंदूर, पुष्प, अक्षत, रोली, भीगे चले, फल और मिठाई लेकर सुहागिनें पूजन करने के लिए घर से निकलीं। बरगद के पेड़ के पास बैठकर कच्चा दूध और जल वृक्ष की जड़ पर समर्पित किया। फिर बरगद के तने पर सात बार कच्चा सूत लपेटकर उतनी ही परिक्रमा की। पूजा के बाद सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। मान्यता है कि बरगद एक दीर्घजीवी विशाल वृक्ष है।

वटवृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री ने अपने पति को दोबारा जीवित किया था। तब से यह व्रत वट सावित्री के नाम से जाना जाता है। पति की दीर्घायु के साथ सुखद वैवाहिक जीवन कामना की जाती है। यह पूजा ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को होती है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ और किशोर की मौत

## उन्नाव रेलवे स्टेशन व मेथी टिकुर रेलवे क्रासिंग के पास हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


राम प्रसाद।

**अमृत विचार।** अलग-अलग रेल रूटों पर मालगाड़ी की चपेट में आकर किशोर व वृद्ध की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। हादसे की खबर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया है।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद राम प्रसाद के परिजन। अमृत विचार

### ट्रैक पार करते समय मौत बनकर आई ट्रेन

**केस 01** सदर कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर करोवन गांव निवासी राम प्रसाद (57) पुत्र स्व. मुली गुरुवार सुबह घर से कानपुर जाने की बात कह कर निकला था। उन्नाव रेलवे स्टेशन पर वह फुट ओवर ब्रिज से न जाकर प्लेटफार्म-तीन से ट्रैक पार कर रह था। तभी वह कानपुर से लखनऊ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। आरपीएफ व जीआरपी ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। उसके पास मिले पहचान पत्र से परिजनों को सूचना दी गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। छोटे बेटे मुकेश ने बताया कि उसकी मां की मौत हो चुकी है और पिता को पिछले साल दाहिने अंग में पैरालेसिस का अटैक आया था। इसके बाद से वह घर पर ही रहते थे। कानपुर जाने को टेंपो की जगह ट्रेन पकड़ने क्यों गए इसकी जानकारी वह नहीं दे सका। जीआरपी एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि मालगाड़ी की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### घर से दौड़ने निकला था 8वीं का छात्र

**केस 02** माखी थानाक्षेत्र के मेथीटीकुर गांव के मजरा बबुरिहा निवासी सचिन (14) पुत्र राजकुमार कक्षा आठ का छात्र था। सेना में भर्ती होने के लिये वह अभी से वर्जिस करता था। इसके लिए वह रोज शाम को गांव से रेलवे लाइन तक दौड़ने जाता था। बुधवार शाम सात बजे वह घर से निकला लेकिन, देररात तक वापस नहीं लौटा। इस पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी उन्हें पता चला कि उन्नाव-बालामऊ रेलमार्ग पर मेथीटीकुर रेलवे स्टेशन के सिग्नल के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से किसी की मौत हुई है। परिजन वहां पहुंचे और सचिन का शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। बेटे की मौत से मां रीमा, भाई मनोज, दो बहनें सीमा व ममता बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि मालगाड़ी की चपेट में आने से किशोर की मौत हुई है।

## खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर युवक ने लगाई आग, गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मदार नगर गांव में पारिवारिक कलह से ऊबकर दिल्ली गई पत्नी के वापस न ओने से क्षुब्ध युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। लपटें देख परिजनों ने कंबल डालकर आग बुझाई और उसे सीएचसी लाए। जहां उसे गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मदार नगर निवासी शिव बालक के 29 वर्षीय बेटे दीपक की शादी तीन साल पूर्व फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव तकिया निगोही निवासी चांदनी से हुई थी। बताते हैं कि दीपक शराब का लती था। इसे लेकर घर में आएदिन कलह होती थी। इससे ऊबकर कुछ माह पूर्व चांदनी दिल्ली में रहकर काम करने वाले परिजनों के पास चली गई थी। दीपक ने कई बार उसे फोन कर वापस घर लौटने को कहा। लेकिन, उसने मना कर दिया। इससे क्षुब्ध होकर उसने बीती बुधवार देरशाम खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। उसकी चीख सुनकर परिजन वहां पहुंचे और शरीर में लगी आग बुझाकर सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

## बरेली जा रहा 28 लाख का डोडा उन्नाव में पकड़ा गया

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** सीओ सफीपुर के नेतृत्व में एसटीएफ व कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डीसीएम से बरेली खपने जा रहा 138 बोरी डोडा पकड़ा है। पुलिस ने चालक व हेल्पर को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला के नेतृत्व में एसटीएफ टीम व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने टीम के साथ गुरुवार सुबह उन्नाव-हरदोई मार्ग पर मेहंदीखेड़ा गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया के पास एक डीसीएम को रोका। तलाशी लेने पर उसमें 138 बोरी में भरा करीब 13 क्विंटल 81 किलो 600 ग्राम डोडा बरामद किया गया। इस पर पुलिस ने बरेली के थाना हाफिजगंज रिठौरा के मोहल्ला इंद्रपुरी निवासी अनवार पुत्र अबरार व थाना बिथरी चैनपुर के बेनीपुर निवासी निजाम पुत्र निसरुद्दीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि वे डीसीएम में डोडा लादकर झारखंड से बरेली ले जा रहे थे। पुलिस ने डीसीएम व डोडा सीज करते हुए आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट भेजा है। इस कार्रवाई में एसटीएफ प्रभारी प्रताप नारायण सिंह, हेड कांस्टेबल दिलीप, कुलदीप सिंह, मुकेश प्रजापति के अलावा कोतवाली में तैनात दरोगा जितेंद्र पांडेय, कल्लू राम व सिपाहियों में गिरीश, राज कुमार सोनकर, जितेंद्र नादर आदि शामिल रहे।


डोडा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- सफीपुर कोतवाली पुलिस व एसटीएफ लखनऊ ने की कार्रवाई

## ताबड़तोड़ फाल्ट से बेपटरी हुई बिजली व्यवस्था, लोग परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार रात नगर के कई क्षेत्रों में बिजली फाल्ट होने के कारण रात भर फीडर तीन और चार की बिजली प्रभावित रही। वहीं रात के समय आंधी आने के कारण भी बिजली बंद रही। घंटों बिजली गुल होने से रात के समय लोग गर्मी में बेहाल हो गये। वहीं अधिकांश लोगों ने जाग कर रात काटी।

बुधवार देर शाम शुक्लागंज सबस्टेशन पर लगे 10 एमवीए ट्रांसफार्मर की पैकिंग फट गई। जिस कारण तेल का रिसाव होने लगा। सब स्टेशन पर मौजूद बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान साढ़े नौ बजे तक फीडर तीन और चार की आपूर्ति बंद रही। इसके कारण तीन दर्जन से अधिक मोहल्लों में बिजली न आने से हजारों लोग बेहाल रहे। मरम्मत के बाद आपूर्ति चालू हुई तभी कुछ देर बाद नेहरू नगर के 630 केवीए ट्रांसफार्मर की एचटी लाइन टूट गई। इसके चलते फीडर तीन रात बारह बजे तक बंद रहा। मध्य रात्रि आंधी आने के कारण शुक्लागंज सबस्टेशन, गंगाघाट टाउन और गोकुल बाबा से नगर में होने वाली सप्लाई रात लगभग साढ़े तीन बजे तक बंद रही।

# जांच करने गई टीम को मिला अवैध खनन, कार्रवाई का इंतजार

**प्रभाव**

संवाददाता सोहरामऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील क्षेत्र के सोहरामऊ थानांतर्गत गांव भटपुरा में अवैध खनन होने की खबर अमृत विचार में छपने के बाद अफसरों की टीम इसकी जांच करने पहुंची। जांच में टीम ने वहां पर मानक विहीन खनन होता पाया। टीम में शामिल अफसरों ने जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने और उन्हीं के द्वारा कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

बता दें कि भटपुरा गांव में शिवन्या इंटरप्राइजेज नामक कंपनी को खनन करने के लिए खान अधिकारी द्वारा गांव के दो गाटा संख्या-491 व 525 पर खनन करने की अनुमति दी गई है। लेकिन खनन माफियाओं द्वारा परमीशन की आड़ लेकर गांव के किसान सोनू पुत्र छंगा के खेत गाटा संख्या-511 को अवैध तरीके से खोद दिया गया। इसकी शिकायत होने पर अमृत विचार ने इससे संबंधित खबर को गुरुवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर छपने के तुरंत बाद संबंधित अधिकारियों ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिये। तहसील से जांच करने पहुंचे लेखपाल सुशील शुक्ला ने वहां पर हो रहा खनन अवैध पाया। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या-511 में लगभग 800 घनमीटर मिट्टी अवैध रूप से खनन की गई है। इसकी रिपोर्ट तहसील अफसरों को भेज दी है। जिसमें किसान सोनू कुमार को अवैध तरीके से मिट्टी बेचने व शिवन्या इंटरप्राइजेज द्वारा अवैध खनन करने की रिपोर्ट लगाई गई है। लेखपाल ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर अधिकारियों द्वारा ही संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।


प्रशासन का अभियान फेल मिट्टी का अवैध खनन जारी

गुरुवार के अंक में छपी खबर।

- गुरुवार के अंक में अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर
- छपी खबर का संज्ञान लेकर जांच करने पहुंची थी अफसरों की टीम

## शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव कोरट खेड़ा में मंगलवार देररात कार सवार चोर गांव निवासी बाबूलाल की बकरी चुरा रहे थे। तभी आहट सुनकर वह जग गया और चोरों को रोकने का प्रयास किया। जिसमें चोरों ने धारदार हथियार से वारकर उसे घायल कर दिया और उस पर कार चढ़ा कर कुचल दिया था। इसके बाद उसे सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार गांव में ही खेत में कर दिया। मृतक के बड़े भाई दीपक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने दबौली, लबानी, कालीमिट्टी, माथर, हफीजाबाद व शिवराजपुर में लगे सीसीटीवी खंगाले है।

# बस से दिल्ली, मथुरा व गोरखपुर जाना हुआ महंगा

कार्यालय संवाददाता ,उन्नाव

**अमृत विचार।** रोडवेज बस से दिल्ली व मथुरा जाने वाले यात्रियों को अब जेब अधिक ढीली करनी पड़ेगी। विभाग ने शहर से दिल्ली जाने का 4 रुपये और मथुरा जाने का 5 रुपये किराया बढ़ाया है। वहीं, गोरखपुर जाने में 2 रुपये अधिक देने होंगे। जबकि, अन्य रूटों का किराया पूर्व की भांति ही रहेगा। विभागीय अफसरों के अनुसार, टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने से किराया बढ़ाया गया है।

बता दें कि बीती रविवार रात से टोलटैक्स बढ़ाया गया था। जिसका असर रोडवेज बसों के किराये पर भी पड़ा है। रोडवेज प्रबंधन ने बस का यात्री किराया बढ़ा दिया है। उन्नाव से दिल्ली जाने में 4 रुपये, मथुरा जाने में 5 रुपये और गोरखपुर जाने में दो रुपये किराया बढ़ाया गया हैं। अफसरों का कहना है कि जिन रूटों पर टोलटैक्स पड़ता है वहीं, का किराया बढ़ाया गया है। बताया कि उन्नाव डिपो में 89 बसें हैं। जो दिल्ली, मथुरा, गोरखपुर, कानपुर-लखनऊ से लेकर लोकल में बिछिया, अचलगंज, गंजमुरादाबाद, सफीपुर, पुरवा, बांगरमऊ, मौरावां, बीघापुर, भगवंतनगर आदि जगह के लिए संचालित होती है। बीते रविवार को टोलटैक्स बढ़ाया गया था। जिसके बाद परिवहन निगम ने भी अपनी बसों का किराया बढ़ाया है। बढ़े किराए की सूची दे दी गई है।


रोडवेज बस स्टाप पर खड़ीं बसें। अमृत विचार

| बसों का रूट | किराया पहले | किराया अब |
|---|---|---|
| उन्नाव से दिल्ली | 709 | 713 |
| उन्नाव से मथुरा | 528 | 533 |
| उन्नाव से गोरखपुर | 583 | 585 |

**04** रुपये शहर से दिल्ली जाने का बढ़ा किराया

**05** रुपये मथुरा जाने के अधिक देने होंगे

- टोलटैक्स बढ़ाए जाने का रोडवेज बसों के किराये पर पड़ा है असर
- उन्नाव डिपो की 89 बसें दिल्ली, मथुरा, गोरखपुर व लखनऊ आदि जगह जाती हैं

**बोले एआरएम**

परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि टोलटैक्स बढ़ने से कुछ रूटों का किराया बढ़ाया गया है। दिल्ली व मथुरा रूट पर संचालित बसों में चार से पांच रुपए की वृद्धि हुई है।

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुलझाई जा रही हत्या की गुत्थी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचपरी के पास मिले युवक के शव के मामले में पुलिस मोबाइल सर्विलांस पर लगाने के साथ हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाकर उनसे भी मदद ले रही है।

बता दें कि बिचपरी गांव के पास पुराने मंदिर के पास बीते बुधवार सुबह कानपुर के अनवरगंज थानाक्षेत्र के इस्तखाराबाद मोहल्ला निवासी नदीम पुत्र नईम का शव कुंए में मिला था। जो अपने घर से मंगलवार सुबह अपनी कपड़े की दुकान जाने को निकला था। रात को जब वह वापस नहीं लौटा तो घरवालों ने उसकी तलाश शुरू की थी। बुधवार सुबह उसका शव मिला था। इसके बाद से पुलिस हत्यारों की तलाश में लगी है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि युवक अपने किसी साथी के साथ लखनऊ गया था। जहां से वह रात को लौट रहा था। कस्बा नवाबगंज के पास हाईव पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पुलिस को रात 11 बजे उसकी बाइक निकलती दिख रही है। जिसमें पीछे एक अन्य युवक बैठा है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि पुलिस कई बिन्दुओं पर काम कर रही है। जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।

- बुधवार को अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कुएं में मिला था कानपुर के कपड़ा व्यापारी का शव

# रेलवे ट्रैक के नीचे केबल डालने को लेकर हुआ सर्वे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी से लेकर सरैयां गांव में रहने वाले लोगों को भरपूर बिजली मुहैया कराने के लिये बिजली विभाग ने नई कार्ययोजना तैयार की है। उसके लिये बिजली विभाग को रेलवे ट्रैक के नीचे भूमिगत केबल डालने का कार्य कराना है। उसी को लेकर गुरुवार को बिजली विभाग और रेलवे के इलेक्ट्रिक विभाग के अधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने सर्वे कार्य किया।

शुक्लागंज पॉवर हाउस और गंगाघाट टाउन सबस्टेशन से फीडर 2, 3, 4 व शक्तिनगर फीडर (5) के क्षेत्रों में बिजली सप्लाई की जाती है। हाल में ही शुक्लागंज सबस्टेशन पर 5 एमवीए ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए ट्रांसफार्मर और लगाया गया है। अब 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर से पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी से लेकर सरैयां गांव में रहने वाले वाशिंदों को विद्युत आपूर्ति की जायेगी। उसके लिये बिजली विभाग को रेलवे के उस पार केबिल ले जाने के लिये ट्रैक के नीचे भूमिगत केबिल डालने का कार्य कराना होगा। इसके लिये गुरुवार को एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी रेल प्रशासन के इलेक्ट्रिक विभाग के मातहतों के साथ छमक नाली 109 पर ट्रैक का सर्वे करने पहुंचे। जिससे अंडर ग्राउंड केबिल डालने का काम कराया जा सके। एसडीओ ने बताया कि रेलवे विभाग को पत्र भेजकर ट्रैक के नीचे से केबिल डालने के लिये एनओसी मांगी गई है। एनओसी मिलने के बाद केबिल डालने का कार्य शुरू करा दिया जायेगा। जिससे पश्चिमी क्षेत्र को भरपूर बिजली मिल सके।


छमकनाली पुलिया के पास सर्वे का काम करते एसडीओ और जेई। अमृत विचार

- पश्चिमी क्षेत्र को सब स्टेशन से सप्लाई देने की हो रही तैयारी
- बिजली विभाग को रेलवे ट्रैक के नीचे भूमिगत केबल डालने का कराना है कार्य

## सार-संक्षेप

### फ्रीज का कंप्रेशर फटा, झुलसे अधेड़ की मौत

**उनाव।** माखी थानांतर्गत फ्रीज का कंप्रेशर फटने के बाद लगी आग से झुलसे अधेड़ की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। डाक्टर के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के करीमाबाद गांव निवासी महेश (51) पुत्र स्व. रामू घर के बाहर किराने व साइकिल के टायर-ट्यूब बेचने की दुकान किए था। इसमें वह कोल्डड्रिंक भी बेचता था। जिसे ठंडा करने के लिए वह दुकान के पीछे बने कमरे में फ्रिज लगाए था। बीती 24 मई को वह फ्रिज में कोल्डड्रिंक की बोतलें लगा रहा था। तभी तेज धमाके के साथ उसका कंप्रेशर फट गया और आग लग गई। इसकी चपेट में आकर महेश गंभीर रूप से झुलस गया था। आग से उसकी और पड़ोस में रहने वाले भाई की गृहस्थी भी जल कर राख हो गई थी। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन 70 फीसदी से अधिक जला होने से उसे अगले दिन कानपुर के उर्सला अस्पताल के बर्न विभाग रेफर किया गया था। लेकिन एक दिन बाद परिजन वहां सुविधाओं के अभाव का कारण वापस जिला अस्पताल ले आए थे। जहां गुरुवार भोरपहर उसकी सांसे थम गईं। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मौत से पत्नी माधुरी और बेटे सुरेंद्र, राजेंद्र व संतोष का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।


महेश।

### करंट से झुलसकर महिला घायल

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र खैरी गुरुदासपुर गांव निवासी मनोज की पत्नी रिंकी गुरुवार घर में काम करते समय अचानक करंट की चपेट में आकर झुलस गई। उसकी चीख सुन दौड़े परिजनों ने मेन स्विच बंद किया और उसे सीएचसी बांगरमऊ लाए। जहां से उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

### हर घर जल योजना को लेकर दिया प्रशिक्षण

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** लखनऊ की प्योर लाइफ सोसायटी की टीम द्वारा ब्लाक कार्यालय में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक मानचित्रण के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल व स्वच्छता के बारे में जागरूक करने को कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य प्रशिक्षक राम प्रकाश ने बताया कि यदि जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां जल से वंचित हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जल बचाया जा सकता है किंतु बनाया नहीं जा सकता। उन्होंने रहीम के दोहे को उद्धृत करते हुए कहा कि 'रहिमन पानी रखिए बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून'। सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल को नदी और तालाब में देखा है। वहीं हमारे पिता ने कुएं का जल पिया। प्रशिक्षण में ग्राम विकास अधिकारी सर्वेश कुमार, देवेंद्र कुमार, शाने आलम, सैफ अली, सुभाष चंद्र, आशुतोष, विशाल, सचान, राहुल तिवारी व धीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

**मिल रहे अच्छे दाम** हल्की बारिश होने के साथ ही आम की आवक और मांग में हो जाएगी वृद्धि

# बाजार में महका दशहरी, 'चहके' कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय दशहरी आम की शहर के बाजार में इंट्री हो गई है। शुरुआत होने के कारण अच्छे दाम मिल रहे हैं, इससे कारोबारी खुश हैं। हालांकि, धूप व लू का प्रभाव बना रहने से बिक्री कम है। जानकारों का कहना है कि हल्की बारिश होने के साथ ही आम की आवक और मांग में वृद्धि हो जाएगी।

बता दें कि जिले के हसनगंज, सफीपुर, औरास व मियागंज आदि ब्लाक फल पट्टी क्षेत्र घोषित हैं। जहां बड़े भू-भाग पर लोगों ने आम बागान तैयार कर रखे हैं। माना जाता है कि मलिहाबादी दशहरी के नाम पर देश-दुनिया में बिकने वाले आम में जिले की उपज की खासी हिस्सेदारी रहती है। अब तक बाजार में गैर राज्यों से आने वाले आम की बिक्री हो रही थी। हालांकि तोतापरी आम मैंगो शेक तैयार करने के लिए ही उपयोगी रहता है। इधर, कुछ दिनों से इक्का-दुक्का फेरी वालों के पास अन्य प्रजातियों के आम भी दिख रहे थे, लेकिन अब स्थानीय बागान में तैयार दशहरी सहित अन्य किस्म के आम बाजार पहुंचना शुरू हो गए हैं। शहर में एसपी आफिस, बड़ा चौराहा व जिला अस्पताल के पास लगने वाली फुटकर फल मंडियों के अलावा डीएम आवास के पास भी गुरुवार को बड़ी संख्या में आम की दुकानें सजी रहीं। दुकानदारों के मुताबिक धूप व लू की वजह से सुबह से शाम तक लगातार सन्नाटा छाया है।

हालांकि शाम के समय लोगों की आवक बढ़ने पर बिक्री बढ़ना निश्चित है। दुकानदारों ने बताया कि हल्की बारिश होने के बाद भी आम की डिमांड ही नहीं स्वाद व रंगत भी बढ़ जाएगी। अभी स्वाद के लिए लोग आम खरीदते हैं। जबकि, बारिश के साथ ही बड़ी संख्या में लोग भरपूर आम खाना शुरू कर देते हैं।


शहर में डीएम आवास के पास लगीं आम की दुकानें। अमृत विचार

# युवक की हत्या में हसनगंज पुलिस के हाथ खाली

**फालोअप**

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर शव झोपड़ी में डालकर जलाने के मामले में पुलिस अपने दावे पर खरी उतरती नहीं दिख रही है। वारदात को एक माह होने को हैं लेकिन, पुलिस अभी तक सिर्फ हवा में ही तीर चला रही है। हां मामले को लेकर पुलिस जिसे भी चाहे उसे पूछताछ के नाम पर उठाकर परेशान जरूर कर रही है।

बता दें कि बीती 10 मई को हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा न्योतनी के बाहर आम की बाग में झोपड़ी बनाकर रह रहे 35 वर्षीय सुशील मौर्य की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए हत्यारों ने शव झोपड़ी में डालकर जला दिया था। इस मामले में मृतक के भाई ओमकार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य मिटाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने करीब एक माह में 10 दर्जन लोगों को पूछताछ के नाम पर उठाया भी है। लेकिन वह अभी तक किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। जिससे कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि, हत्या के बाद जांच को पहुंची पुलिस को झोपड़ी के बाहर खून व खून से सने हत्यारों के फुटप्रिंट भी मिले थे।

- युवक की हत्या कर शव झोपड़ी में जलाने का मामला

# क्षतिग्रस्त मार्ग वाहन सवारों की तोड़ रहे कमर, जिम्मेदार बेखबर

## अमृत पेयजल योजना के तहत पूरे पालिका क्षेत्र में हुई थी खोदाई

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र की अधिकांश गलियों में भूमिगत वॉटर लाइन डालने के लिये कार्यदायी संस्था ने चमचमाती सड़कों को खोद दिया है। इतना ही नहीं मुख्य मार्गों और गलियों में बने मकानों में कनेक्शन देने के लिये जगह-जगह सड़क को खोद डाली है। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वहीं जरा-जरा सी दूरी पर सड़क खुदी होने से वाहन सवारों की कमर टूट रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे वाहन सवार रोजाना गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।

शुक्लागंज क्षेत्र में पीएम की अमृत पेय जल योजना का काम देवारा कलॉ में 2019 के अंतिम माह में शुरू किया गया था। जिसके तहत जल निगम की निगरानी में बैराज बांध से देवारा में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक मेन पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा उन्नाव शहर और शुक्लागंज में भी मेन लाइन का काम फोरलेन किनारे किया गया है। विभाग की मेन लाइन से पालिका के वार्डो में अमृत योजना का पानी पहुंचाने के लिए अब जलनिगम पूरी तरह से तैयारियों को अंजाम देने में जुटे हुये हैं। इधर जल निगम की ओर से शुक्लागंज के पोनी रोड, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, रहमत नगर, डाकतार कॉलोनी, अवधपुरी के अलावा पूरी पालिका क्षेत्र में भूमिगत वॉटर लाइन डालने का काम कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों को ताक पर रखकर भूमिगत पाइप लाइन डालने का काम कर रही है। वहीं कई गलियां तो ऐसी हैं, जहां एक माह पहले पाइप लाइन डालने का काम खत्म हो चुका है। इसके बावजूद अभी तक उन गलियों को बनाया नहीं गया। जिस कारण गलियों में खेलने वाले बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं इधर कई बार हुई बारिश के कारण गली से लेकर मुख्य मार्गों पर फिसलन होने से कई बाइक सवार भी गिरकर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जगह-जगह खुदी पड़ी गलियों के कारण वाहन सवारों की कमर टूट रही है और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं, शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं हुई।



चंपापुरवा का क्षतिग्रस्त पड़ा मुख्य मार्ग। अमृत विचार

**बोले जिम्मेदार**

जलकल के ठेकेदार से कह दिया गया है, जल्द ही सड़क के मरम्मतीकरण का कार्य शुरू हो जायेगा।

–कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट

## यूपीडा की टीम ने पकड़ा गोवंश से लदा कंटेनर, पुलिस को सौंपा

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को गोवंश से लदा कंटेनर लखनऊ जा रहा था। तभी गांव गढ़ा के पास पीछे से आ रही यूपीडा की रेस्क्यू टीम के वाहन के हार्न की आवाज सुन चालक डर गया और कंटेनर किनारे खड़ा कर भाग निकला। कंटेनर में गोवंश लदे देख यूपीडा के गश्ती दल ने इसकी सूचना बेहटा पुलिस को दी। पुलिस ने कंटेनर कब्जे में ले लिया और कंटेनर में लदे 23 बैल व 4 गाय को गोशाला में संरक्षित करवाया। वहीं चर्चा यह भी रही कि गोवंश खाली कराने के बाद कोतवाली बांगरमऊ में तैनात एक चर्चित सिपाही ने कंटेनर को सुनसान स्थान पर खड़ा कराया और उसकी टंकी में भरा हजारों का डीजल निकालकर बेंच दिया। हालांकि, अमृत विचार ऐसी किसी खबर की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, सूत्र बताते हैं कि डीजल निकालते समय एक अखबार के पत्रकार ने उसका वीडियो बना लिया। यह देख सिपाही ने उसका मोबाइल छीन लिया और मोबाइल से वीडियो डिलीट कर दिया।

# पोस्टर बनाकर पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश, किए गए पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** संस्था सनातन सरोकार व स्वप्न फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुरू साप्ताहिक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का समापन हो गया। इसके तहत जहां वायु प्रदूषण रोकने का साईकिल प्रतियोगिता आयोजित हुई। बच्चों में जागरूकता बढ़ाई गई। समापन पर पौध रोपण करते हुए हरियाली का महत्व बताते हुए सभी से आने वाले मानसून सीजन में घरों के आसपास पौधरोपण करने का आह्वान किया गया।

तय कार्यक्रम के तहत आयोजक इस दौरान सुबह-शाम शहर के निराला पार्क सहित पीडी नगर स्थित प्रियदर्शनी पार्क में प्रतिदिन मौजूद रहकर यहां मिलने वालों को घरों के आसपास पौधरोपण करने की अपील करते रहे। वहीं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक बनाने को पोस्टर व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इन प्रतियोगिताओं में शामिल बच्चों में प्रतिस्पर्धा करा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इसी तरह युवाओं सहित अन्य आयु वर्ग के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पालीथिन व प्लास्टिक की वस्तुओं को उपयोग न करने की अपील की जाती रही। साथ ही बिजली के बजाए सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के फायदे बताए गए। कार्यक्रम संयोजक सरोकार संस्था के इंजीनियर निकुंज वाजपेयी, स्वप्न फाउंडेशन की सौम्या अवस्थी व शालिनी वाजपेयी ने समापन पर अभियान में शामिल होने वालों के प्रति आभार जताया। अभियान में पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा भानू, डा. प्रभात सिन्हा, विमल द्विवेदी, विनय शंकर दीक्षित उदय, अजय, अनुभव, बृजेश चंद्र शुक्ला, दात्रि, आभा, अभय, पारुल, मुस्कान, ज्योति, अमन, हर्षित, आशीष मिश्रा, राहुल, आख्या तिवारी, तनीशा व जय राम द्विवेदी आदि रहे।




निराला उद्यान के सामने कैंप लगाकर जागरूकता बढ़ाते युवा कार्यकर्ता। अमृत विचार

● बारिश के दौरान घरों के आसपास पौधरोपण का किया आह्वान

# लापता युवक का संदिग्ध परिस्थिति में जंगल में मिला शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत बुधवार से लापता लकड़ी ठेकेदार का शव उसके गांव से चार किमी दूर गांव प्यारेपुर के जंगल में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और पास में खड़ी बाइक के नंबर से परिजनों को सूचना दी। उसके शरीर में चोटें और गले में गमछा कसा होने से परिजनों ने मारपीट के बाद गला कसकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सीओ व फील्ड यूनिट ने जांच कर साक्ष्य जुटाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने किसी से दुश्मनी न होने की बात कही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर में चोट नहीं मिली है। मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

माखी थानाक्षेत्र के भदेवना गांव के मजरा पंडित खेड़ा निवासी राजेश उर्फ मेवालाल (40) पुत्र स्व. राम स्वरूप खेती करने के साथ अवैध तरीके से पेड़ों की कटान भी कराता था। अक्सर वह काम के सिलसिले में दूसरे दिन घर लौटता था। पत्नी मंजू ने बताया कि पांच जून की सुबह आठ बजे वह घर से निकला था। दोपहर में घर न आने पर फोन मिलाया तो रिसीव नहीं हुआ। जबकि मोबाइल पर घंटी लगातार जाती रही। वह रात में भी घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। गुरुवार को परिजन गुमशुदगी दर्ज कराते इससे पहले पुलिस का फोन आया कि गांव से चार किमी दूर ककरा नदी के अतरी-प्यारेपुर गांव के पास जंगल में पेड़ के नीचे संदिग्ध हालत में उसका शव पड़ा है। पत्नी ने वहां पहुंचकर उसकी पहचान अपने पति के रूप में की। शव जमीन में पड़ा था। पास में गमछा पड़ा होने के साथ बायें हाथ में बाइक की चाबी फंसी थी। पास में उसकी बाइक खड़ी थी। दाहिने हाथ के पास दोनों चप्पल रखी मिलीं। पुलिस ने जांच की और जामा तलाशी में उसकी जेब में 1110 रुपये मिले। पुलिस के अनुसार आखिरी काल बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे प्रिंशू नाम के युवक की रिसीव हुई है। उसके बाद से कोई नंबर रिसीव नहीं हुआ। फिलहाल पुलिस सीडीआर निकलवा रही है। दिवंगत युवक के तीन बच्चे शिवम, अमित व बेटी नैंसी है।



राजेश।

● पुलिस फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

## चोरी की बैट्री के साथ दो को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने बैराज मार्ग से दो चोरों को चोरी की ई रिक्शा बैट्री के साथ गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि ई रिक्शा बैट्री चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उसी को लेकर क्षेत्रीय दरोगा अंजनि कुमार सिंह हमराहियों के साथ गश्त पर थे तभी पुलिस ने ट्रांस गंगा सिटी गेट नम्बर 1 के पास से दो संदिग्धों को रोका। जहां उनके पास से चोरी की ई रिक्शा बैट्री बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नेतुआ निवासी लखन कश्यप और आजाद नगर निवासी सुधीर गौतम बताया। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

# डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिहार थानांतर्गत पनहन गांव स्थित ननिहाल से मौसी के घर जा रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। इससे उछलकर गिरे युवक को डंपर ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कानपुर नगर के चकेरी थानांतर्गत लाल बंगला के शिव कटरा मोहल्ला निवासी शुभम (25) पुत्र किशोर साहू प्राइवेट नौकरी करता था। गुरुवार को वह बिहार थानाक्षेत्र के भाटनखेड़ा गांव अपने नामा पुत्ती साहू के घर आया था। इसके बाद शाम छह बजे वह पनहन गांव निवासी अपनी मौसी गुड्डी साहू से मिलने निकला था। तभी पाटन-पुरवा मार्ग पर बैजुआमऊ गांव के पास सड़क में निर्माणाधीन सड़क पर डामर पड़ा होने से वह बाइक बगल से निकाल रहा था। तभी सामने से आए डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर डंपर के पहिए के नीचे आकर कुचल गया। इसकी खबर मिलते ही पहले रिश्तेदार फिर कानपुर से परिजन भी पहुंच गए और शव सड़क पर रख कर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को पकड़ने की बात बता उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक पाटन-पुरवा मार्ग पर दोनों ओर कई किमी तक वाहन खड़े होने से जाम लग गया। एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। डंपर पकड़ लिया गया है। चालक भाग गया है।



शुभम।

## सार-संक्षेप

### जानलेवा हमले में पिता-पुत्र को सात-सात साल की सजा

**उन्नाव।** युवक पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने पिता-पुत्र को दोषी ठहराते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 19-19 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इसी केस के एक आरोपी के नाबालिग होने पर उसकी पत्रावली किशोर न्यायालय भेजी गई है। बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी अखिल पुत्र शिव प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह पांच जुलाई-2018 की शाम छह बजे घर से कुछ दूर स्थित शारदा गुप्ता की दुकान में सामान लेने जा रहा था। रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के अशरफ, अकरम व उनके पिता बाबू भांड व जुबेर ने उस पर चाकू व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया था। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे ममता सिंह ने शासकीय अधिवक्ता विनय शंकर दीक्षित की दलील व साक्ष्य के आधार पर आरोपी बबुआ व उसके बेटे को अशरफ को सात-सात साल की सजा सुनाई है।

### विधायक ने बालूघाट पर लगे वॉटर कूलर का किया लोकार्पण

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्लागंज के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। जिसे देखते हुये पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने पालिका क्षेत्र में शुद्ध और शीतल पानी मुहैया कराने के लिये नगर पालिका की ओर से सार्वजनिक स्थानों व प्रमुख मार्गों पर वॉटर कूलर लगवाये हैं। गुरुवार को बालूघाट पर लगे वॉटर कूलर को सदर विधायक पंकज गुप्ता और पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने लोकार्पण किया। इस दौरान संदीप पांडेय, योगेश मिश्रा, अशोक सविता, अरविंद यादव, प्रत्यय गुप्ता, अभिषेक शुक्ला समेत तमाम सभासद मौजूद रहे।

### घरेलू कलह में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव रजना खेड़ा के मजरा नन्दौली निवासी रामबालक (45) पुत्र बृज लाल ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुरानी खुन्नस में दबंगों ने लाठी-डंडों से तीन को पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** रजवा खेड़ा निवासी श्रीकृष्ण का वहीं के रहने वाले रामविलास से पुराना विवाद चला आ रहा है। उसी को लेकर बुधवार रात रामविलास गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर रामविलास, उमेश, आशीष व कल्लू ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। यह देख मुन्नीलाल और नरेश बीच बचाव करने पहुंचे। जिस पर उन्हें भी मारा पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामविलास, उमेश, कल्लू और आशीष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### लीग प्रतियोगिता में डीसीए ब्लू को मिली रोमांचक जीत

**उन्नाव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के बैनर तले आयोजित एसएस त्रिपाठी अंडर-12 जिला स्तरीय लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें डीसीए ब्लू ने डीसीए रेड पर एक रन से रोमांचक जीत हासिल की। इससे पहले डीसीए रेड के कप्तान अल्तमश ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मिश्र भानू ने खिलाड़ियों को शील्ड व पुरस्कार बांटे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए ब्लू के कप्तान प्रिंस यादव ने शानदार 50 रन की पारी खेली। इसके बावजूद निर्धारित 20 ओवर के मैच टीम मात्र 64 रन पर ही सिमट गई। कप्तान के पवेलियन लौटने के बाद आया राम गया राम की ऐसी स्थिति बनी की मात्र में 15.3 ओवर में ही सभी बल्लेबाज आउट हो गए। डीसीए रेड के लिए गेंदबाजी करते हुए अल्तमश ने दो और राघवेंद्र, वैभव, हार्दिक व आर्यन यादव एक-एक विकेट प्राप्त करने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरे डीसीए रेड के बल्लेबाज केवल 63 रन बना सके। आयोजकों ने डीसीए ब्लू के आजाद रावत व प्रिंस यादव को को क्रमश: श्रेष्ठ गेंदबाज व बल्लेबाज घोषित किया। प्रतियोगिता के समापन पर पहुंचे पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने विजेता-उप विजेता टीमों को ट्राफियां देते हुए अन्य खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया। डीसीए महासचिव पीके मिश्र ने सभी के प्रति आभार जताया।

### सरैयां क्रॉसिंग पर लगा जाम, फंसी एंबुलेंस

**शुक्लागंज उन्नाव।** दोपहर करीब एक बजे मरहला चौराहे से बैराज मार्ग की ओर जा रहा एक लोडर सरैयां क्रासिंग के पास खराब हो गया। बीच सड़क पर खड़ा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। इसी बीच कानपुर से उन्नाव की ओर मरीज को लेकर जा रही एक एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। राहगीरों ने किसी तरह एम्बुलेंस को बाहर निकाला।

### महिला चिकित्सालय में आशा व स्टाफ नर्स में हुई धक्का-मुक्की

**उन्नाव।** रामपुर खालसा गांव निवासी अनिता पत्नी हरिशचंद को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी सीजर डिलीवरी हुई। गुरुवार दोपहर उसे तेज दर्द होता देख वहां मौजूद आशा बिटाना ने स्टाफ नर्स से प्रसूता को इंजेक्शन लगाने को कहा। बताते हैं कि इसे लेकर दोनों में कहासुनी हो गई और बात धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। इस पर दोनों को वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने शांत कराया।

### बाइक में दुपट्टा फंसने से युवती गंभीर, रेफर

**औरास।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के भोगला गांव निवासी शालिनी पुत्री अमर सिंह (22) अपने भाई गौरव के साथ बाइक से दवा लेने औरास जा रही थी। तभी औरास-मोहान रोड पर जैसे ही वे लोग माइनर के पास पहुंचे कि अचानक शालिनी का दुपट्टा बाइक में फस गया। जिससे गिरकर वह गंभीर घायल हो गई। वहीं गौरव को मामूली चोट आई है। भाई एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गया। जहां डाक्टर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### हटी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना, शुरू होंगे विकास कार्य

**उन्नाव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत लोकसभा चुनाव के लिए लागू अधिसूचना अब हट गई है। इसके साथ सरकारी विभागों में जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास संबंधी पत्रालियों के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभिन्न निर्माण एजेंसियों ने अधिसूचना जारी होने से पहले शुरू होकर पूरे हो चुके निर्माण कार्यों की भुगतान पत्रालियों को आलमारियों से निकालकर आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी करने के साथ ही अधिसूचना लागू कर दी थी। पारदर्शी व निष्पक्ष निर्वाचन कराने के मद्देनजर इसके साथ जहां नए विकास कार्यों की स्वीकृति पर विराम लगा था।

# जंगलजहानाबाद को 11 रन से भटपुरा ने हराया

संवाददाता चकलवंशी उन्नाव

**अमृत विचार।** ब्लाक मियागंज क्षेत्र के भरतपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता के प्री-क्वाटर फाइनल में भटपुरा ने जंगलजहानाबाद को 11 रन से हराया। इस मौके पर आयोजक सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

क्षेत्र के भरतपुर में 24 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। गुरुवार को भटपुरा व जंगल जहानाबाद के बीच 15 ओवर का प्री-क्वाटर फाइनल मैच खेला गया। टास जीतकर भटपुरा की टीम 14.1 ओवर में 77 रन बनकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए जंगल जहानाबाद की टी 11.3 ओवर में 66 रन बना सकी। 11 रन से भटपुरा ने मैच जीत लिया। सर्वाधिक 3 विकेट और 13 रन बनाने पर दीपू को मैन आफ द मैच दिया गया। भटपुरा टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। इस मौके पर आयोजक संजय भारती से सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर बाइक पलटी, तीन घायल

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर गुरुवार शाम तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें बाइक चालक सरोज (30) पुत्र भगवानदीन निवासी गांव देवर खेड़ा व बाइक पर पीछे बैठी गांव सहसराएं निवासी सोनी (50) पत्नी मंशाराम व गुड्डी (45) पत्नी रामनरायन गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे गुड्डी के पति रामनरायन ने आनन-फानन तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज जारी है।

# श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की।

अमावस्या के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव व आस पास मोहल्लों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगातट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गंगा आरती सेवा समिति के तत्वाधान में आरती की गई।



गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**आस्था** | नगर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने की पूजा, पूजन के बाद नवविवाहिताओं ने ली सेल्फ

# वट वृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मंदिरों में सुहागिनों की भीड़ जुटी रही। वहीं नवविवाहिताओं में पूजा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

वट सावित्री व्रत पर्व पर सुबह से ही विवाहित महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखा। सुबह से ही विवाहित महिलाओं का पूजा-अर्चना के लिए पारंपरिक वेष भूषा में वट वृक्ष के नीचे पहुंचना शुरू हो गया था। इसके साथ ही नगर व ग्रामीण इलाकों में वट वृक्ष के पास महिलाओं का तांता लग गया। महिलाएं सुबह से ही पूजा अर्चना के लिये घर से निकल पड़ी। महिलाओं ने खरबूजा, रोली, चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य, सूत आदि से वट सावित्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने अपनी पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री का व्रत रखकर पूजा अर्चना की। सभी नए वस्त्र को धारण कर पूजा की थाली लेकर वट के पेड़ के पास पहुंची और पूजा अर्चना के बाद कच्चा सूत्र बांधने के बाद वृक्ष की परिक्रमा की। आरती के बाद वृक्ष के गले मिलकर पति की लंबी आयु की कामना की। पर्व के विषय पर ऐसी मन्यता है कि सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण को वापस मांग लिया था। जिस स्थान पर उन्होंने अपने पति की रक्षा की थी वहां पर एक विशाल वट वृक्ष था। तबसे इस पर्व पर वट वृक्ष की पूजा विशेष रूप से की जाती है।



वट वृक्ष की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### नवविवाहिताओं ने पूजा के बाद खूब ली सेल्फी

वट वृक्ष पूजन के बाद महिलाओं ने पूजन स्थल पर खूब सेल्फी ली। जिसमें अधिकांश नवविवाहिताएं शामिल थी। जिसके बाद सभी ने सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

## जिले भर में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया पर्व

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अक्षय सुहाग की कामना को लेकर सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत रखकर सुबह अक्षय (बरगद) वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। धूप व लू से बचने के लिए महिलाएं सुबह छह बजे से ही घरों से पूजन करने निकलने लगीं। उन्होंने पूजन-अर्चन के बाद बड़े-बुजुर्गों सहित पति के चरणस्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। कुछ स्थानों पर भीड़ अधिक हो जाने से महिलाओं को अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

ज्येष्ठ माह में कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर वट सावित्री पूजन के लिए महिलाओं ने एक दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। इसी तरह उन्होंने कच्चे सूत के 14 फेरे वाली मालाएं भी बनाई। वहीं अधिकांश महिलाओं ने रात में बरगद (आटे की तली हुई गोलियां) और पूड़ियां तैयार कर लीं। सुबह जल्दी ही महिलाओं ने सजधज कर पूजन के लिए घरों से निकलना शुरू कर दिया। सास व जेठानियों के साथ पूजन को निकली नवब्याहताओं में गजब उत्साह रहा। यही नहीं बड़ी संख्या में पति पत्नियों को हल्के व दो पहिया वाहनों से पूजन कराने पहुंचे। उन्होंने नजदीकी वट वृक्ष पहुंचकर पूजन करते हुए साथ लाई गई पूजन सामग्री अर्पित करते हुए फेरियां लगाते हुए बरगद के तने पर कच्चा सूत भी लपेटा। साथ ही सुहाग लेकर बुजुर्गों सहित पति का आशीर्वाद लिया।

औरास संवाददाता के अनुसार, अखंड सौभाग्य प्राप्त करने की कामना से महिलाओं ने व्रत व पूजन-अर्चन की लंबी आयु का आशीर्वाद मांगा। मान्यता है कि सावित्री ने यमराज को इस व्रत-पूजन से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लौटाने को विवश कर दिया था।

हसनगंज संवाददाता के अनुसार, तहसील मुख्यालय व मोहान कस्बे सहित लगभग सभी गांवों में परंपरा के अनुसार महिलाओं ने व्रत रहकर बरगद वृक्ष की पूजा की।



औरास में वट वृक्ष पर कच्चा सूत लपेटतीं महिलाएं।। अमृत विचार

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।


## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपातः ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबंद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है, लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है, लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफेरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्यनेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं, तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66.4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1.8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी, अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं, बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है, बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैं: रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी, लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद, पार्टी की नाकामियों, जन संवादहीनता, बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से, यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा, जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने, छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा, क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे, जो वोट डालने नहीं निकले, यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया, जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।


अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है, जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं, वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य, शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य, आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

**-फेसबुक वॉल से**

# केर बेर का संग

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं, पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना, अयोध्या में पराजय, वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए, चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय, राजग में रहते हुए, सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं, मोदी अपनी चुनावी सभावों में नायडू को, "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।

# संकट में पानी

जल ही जीवन है, यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते, नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।



राज नारायण
बरेली

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए, आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे, जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है, परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की ओर कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले, बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़ें, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब, कुएं, बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे, जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें, तो बिना अधिक संसाधन लगाए, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।

# गुजरात में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

## दो सांसदों ने विपक्षियों को सात लाख से अधिक मतों से दी शिकस्त, 2019 में सभी सीटों पर भाजपा ने दर्ज की थी जीत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कम से कम 13 उम्मीदवारों ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं दो मौजूदा सांसदों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को सात लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया है। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। तब इसके 15 उम्मीदवारों ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन कोई भी उम्मीदवार सात लाख के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था।


गुजरात के वडोदरा के सबसे युवा उम्मीदवार अपने प्रशंसकों के साथ।

मंगलवार को आए लोकसभा चुनाव के परिणाम के अनुसार, मौजूदा सासंदों सीआर पाटिल और अमित शाह ने क्रमशः नवसारी और गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्रों से सात लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। कुल मिलाकर भाजपा ने गुजरात की 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। इसमें सूरत भी शामिल है, जहां पार्टी को निर्विरोध जीत हासिल हुई है। हालांकि, भाजपा क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने से चूक गई, क्योंकि बनासकांठा निर्वाचन क्षेत्र पर कांग्रेस ने अपना कब्जा जमा लिया। जिन निर्वाचन क्षेत्र मे भाजपा ने तीन लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की, वह अहमदाबाद पूर्व, अमरेली, भावनगर, छोटा उदयपुर, दाहोद, गांधीनगर, राजकोट, वडोदरा, खेड़ा, महसाणा, नवसारी, पंचमहल और पोरबंदर हैं। अमित शाह और सीआर पाटिल ही दो ऐसे उम्मीदवार हैं जिनकी जीत का अंतर 7 लाख के मतों से ज्यादा है।

गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने 7.73 लाख की सर्वाधिक बढ़त के साथ जीत दर्ज की और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के नैषध देसाई को हराकर नवसारी सीट बरकरार रखी है। साल 2019 में भी पाटिल ने दूसरे सबसे ज्यादा अंतर से जीतने का रिकॉर्ड बनाया था और इस बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। तब वह 6.89 लाख मतों के अंतर से जीते थे। अमित शाह ने गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 7.44 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा के हेमांग जोशी और राजपालसिंह जाटव दो ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। जोशी और जाटव की जीत का अंतर क्रमशः वडोदरा और पंचमहल निर्वाचन क्षेत्र में 5.82 लाख और 5.09 लाख मतों का है। नौ अन्य भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर तीन लाख से पांच लाख मतों के बीच है।

### इन सीटों पर भाजपा तीन लाख वोटों से जीती

| | |
|---|---|
| अहमदाबाद पूर्व | वडोदरा |
| अमरेली | खेड़ा |
| भावनगर | महसाणा |
| छोटा उदयपुर | नवसारी |
| दाहोद | पंचमहल |
| गांधीनगर | पोरबंदर |
| राजकोट | |

| दल | विजयी |
|---|---|
| बीजेपी | 25 |
| कांग्रेस | 1 |
| कुल | 26 |

### रोचक तथ्य


- भाजपा के 13 उम्मीदवार तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीते
- 26 सीटों में से 25 भाजपा को कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली

# बदला माहौल : भाजपा का मत 1.25 प्रतिशत घटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- कांग्रेस ने कड़ी टक्कर में भाजपा से एक सीट बनासकांठा छीन ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से 25 पर जीत हासिल की, लेकिन 2019 के आम चुनाव की तुलना में उसका मत प्रतिशत 63.11 फीसदी से गिरकर 61.86 फीसदी रह गया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इंडिया गठबंधन के घटक दलों - कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने 25 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और दोनों पार्टियों का संयुक्त मत प्रतिशत 33.93 फीसदी रहा। इसमें से कांग्रेस का मत प्रतिशत 31.24 फीसदी और आप का 2.69 फीसदी रहा। कांग्रेस ने कड़ी टक्कर में भाजपा से एक सीट - बनासकांठा - छीन ली, जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में सभी 26 सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने की भाजपा की कोशिश विफल हो गई।



आम आदमी पार्टी (आप) भरूच और भावनगर सीटों पर जीत हासिल नहीं कर सकी, जहां उसने इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में अपने उम्मीदवार उतारे थे। आंकड़ों के अनुसार, 2019 के आम चुनाव में जब कांग्रेस ने बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर चुनाव लड़ा था और उसे कोई सीट नहीं मिली थी, तब उसका मत प्रतिशत 32.55 फीसदी था। इसके अलावा, राज्य की सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का मत प्रतिशत 0.76 फीसदी रहा।


बांसुरी स्वराज को बधाई देते मनोज तिवारी।

# 73 महिलाएं बनीं सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के आए नतीजों में कुल 73 महिलाएं चुनी गईं, जबकि 2019 के आम चुनाव में संख्या 78 थी। देशभर से निचले सदन के लिए चुनी गईं कुल महिला सांसदों में से पश्चिम बंगाल 11 महिलाओं के साथ आगे है। कुल 797 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें भाजपा ने सबसे अधिक 69 को और कांग्रेस ने 41 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था।

**भाजपा ने 69, कांग्रेस ने 41 महिलाओं को बनाया था उम्मीदवार**

संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद यह पहला चुनाव है। इस कानून में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, इस बार भाजपा की 30 महिला उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव जीता, कांग्रेस की 14, तृणमूल कांग्रेस की 11, समाजवादी पार्टी की चार, द्रमुक की तीन और जनता दल (यू) और लोजपा (आर) की दो-दो महिला उम्मीदवार जीतीं। 17वीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या सबसे अधिक 78 थी। भाजपा की हेमा मालिनी, तृणमूल की महुआ मोइत्रा, राकांपा (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले और सपा की डिंपल यादव ने लोस चुनाव में अपनी सीटें बरकरार रखीं जबकि कंगना रनौत और मीसा भारती ने ध्यान अपनी ओर खींचा। मछलीशहर से सपा की 25 वर्षीय उम्मीदवार प्रिया सरोज और कैराना सीट से 29 वर्षीय इकरा चौधरी जीत हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की उम्मीदवारों में शामिल हैं।

# दो बहनों समेत तीन लोग सरयू में डूबे

**संवाददाता, आलापुर, अंबेडकरगनर**

- अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और एसडीएम आलापुर ने घटना स्थल का लिया जायजा
- पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे हुए लोगों की नदी में की तलाश

**अमृत विचार।** स्थानीय सर्किल के थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर के चांडीपुर घाट पर सरयू नदी में स्नान करने गए दो किशोर और दो युवती डूब गए। हालांकि एक किशोर किसी तरह बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे तीन लोगों की तलाश कर रही है। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव और एसडीएम आलापुर ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों युवती और किशोर की तलाश में जुट गए। हालांकि देर शाम तक डूबे हुए किशोर और युवतियों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर कर बुरा हाल है।

बता दें कि जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नरवापीताम्बरपुर गांव निवासी रामगोपाल के परिजन गुरुवार को दोपहर में सरयू नदी में स्नान करने गए थे। जहां पर स्नान करने के दौरान सभी मुख्य धारा में स्नान करने चले गए। जहां पर पानी के तेज बहाव में रुचि मिश्रा पुत्री शैलेन्द्र उम्र लगभग 19 साल, विनायक दूबे उर्फ धोनी पुत्र रामगोपाल उम्र लगभग 12 साल अपनी मां रीना व रेशमा पुत्री धीरेंद्र उम्र 18 साल गहरे पानी में डूबने लगे। डूब रहा सचिन किसी तरह बचकर नदी से बाहर निकल गया। लेकिन रुचि, रेशमा और विनायक गहरे पानी में समा गए।

नदी में डूबने की सूचना पर थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी मय फोर्स मौके पर पहुंचे और डूबे तीनों लोगों की तलाश शुरू करायी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव और एसडीएम आलापुर सदानंद सरोज मौके पर पहुंच कर स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों युवती और किशोर की तलाश में जुटे रहे। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है।

# रिश्वत लेते अवर अभियंता गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा)।** खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह, संविदाकर्मी लाइनमैन जानकीनगर थाना खरगूपुर के धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी व संविदाकर्मी सुनील कुमार वर्मा निवासी बलरामपुर देवतहा फीडर के इटहिया नबीजोत चौराहे पर विद्युत कनेक्शन की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अवर अभियंता व संविदाकर्मियों ने रामदत्त निवासी शिवगढ़ थाना खरगूपुर से 16 हजार रुपये की मांग की। कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन थाने की टीम के प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, राजकुमार यादव व वीरेंद्र तिवारी ने उन्हें गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज हुई।

# पूर्व मुख्यमंत्री सहित 280 पहली बार बने सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्म स्टार, राजनीतिक कार्यकर्ता और उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश सहित 280 ऐसे विजेता हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन के सदस्य होंगे। उत्तर प्रदेश लोकसभा के लिए सबसे अधिक 80 सदस्य को चुनकर भेजता है और 18वीं लोकसभा के लिए राज्य से चुने गए 45 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें टेलीविजन धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल (मेरठ), अमेठी सीट से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को


कंगना रनौत।


अरुण गोविल।


मनोहर लाल खट्टर।

- उत्तर प्रदेश से 45 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन में उपस्थिति दर्ज कराएंगे

हराने वाले कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा, नगीना सीट से निर्वाचित दलित अधिकार कार्यकर्ता एवं आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद शामिल हैं। महाराष्ट्र से 33 लोकसभा सदस्य पहली बार चुनकर आए हैं, जिनमें स्कूल शिक्षक भास्कर भागरे भी शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने डिंडोरी की आदिवासी सीट से मैदान में उतारा था। भागरे ने भाजपा नेता भारती पवार को हराया। महाराष्ट्र से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों में मुंबई उत्तर से भाजपा के पीयूष गोयल, अमरावती से कांग्रेस नेता बलवंत वानखेड़े, अकोला से पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय धोत्रे के पुत्र एवं भाजपा नेता अनूप धोत्रे अकोला और सांगली से निर्दलीय सदस्य विशाल पाटिल शामिल हैं। पहली बार लोकसभा पहुंचने वाले पूर्व मुख्यमंत्रियों में नारायण राणे (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र), त्रिवेंद्र सिंह रावत (हरिद्वार, उत्तराखंड), मनोहर लाल (करनाल, हरियाणा), बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम, त्रिपुरा), जीतन राम मांझी (गया, बिहार), बसवराज बोम्मई (हावेरी, कर्नाटक), जगदीश शेट्टार (बेलगाम, कर्नाटक), चरणजीत सिंह चन्नी (जालंधर, पंजाब) शामिल हैं।

# रेस वॉक में निरंजन, वसंथी, सुखबीर व गंपा विजेता

**कार्यालय संवाददाता, अयोध्या**

**अमृत विचार।** डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को हुई प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5000 मीटर रेस वॉक 75-79 पुरुष में वेस्ट बंगाल के निरंजन सरकार प्रथम, मानिक लाल द्वितीय, महिला में केरल की वसंथी प्रथम व छत्तीसगढ़ की कमला द्वितीय रहीं। 80-84 पुरुष वर्ग में हरियाणा के सुखबीर प्रथम, यूपी के हरवीर द्वितीय रहे। 85-89 वर्ष में तेलंगाना के गंपा प्रथम रहे।

मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन उप्र के महासचिव कृष्णानंद उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रीलंका, सिंगापुर, बंग्लादेश, व नेपाल सहित भारत के विभिन्न प्रांतों की महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 5000 मीटर रेस वॉक 30-34 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में उप्र के चंचल कुमार प्रथम, एमपी के सनत मेहरा द्वितीय और महिला वर्ग में उप्र की आरती पांडेय प्रथम, मोहिनी द्वितीय स्थान पर रहीं। 35-39 पुरुष वर्ग में एमपी के राजाराम प्रथम, हरियाणा के इकलास जुबेर द्वितीय व महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की सुनीता प्रथम व बिन्दु द्वितीय रहीं। 40-44 महिला वर्ग में केरल की लिन्सी प्रथम, वेस्ट बंगाल की सुप्रिया द्वितीय रहीं। 45-49 पुरुष वर्ग में एमपी के रवि प्रथम, वेस्ट बंगाल के सगोर द्वितीय और महिला वर्ग में केरल की लीथा प्रथम, आन्ध्र प्रदेश की एनवी ऊषा द्वितीय रहीं। 50-54 पुरुष वर्ग में झारखंड के संजीव प्रथम, छत्तीसगढ़ के जगेश्वर द्वितीय व महिला में उड़ीसा की बबिता प्रथम व छत्तीसगढ़ की पुष्पलता द्वितीय रहीं। 55-59 पुरुष वर्ग में यूपी के हरविन्द प्रथम, झारखंड के महेश द्वितीय तथा महिला में केरल की सरोजनी प्रथम व वेस्ट बंगाल की दीप्ति द्वितीय रहीं। 60-64 पुरुष में वेस्ट बंगाल के जिबन कृष्ण प्रथम, उत्तराखंड के अशोक द्वितीय और महिला में केरल की ब्रिदगीथा प्रथम व छत्तीसगढ़ की संध्या द्वितीय रहीं। 65-69 पुरुष में वेस्ट बंगाल के बिरेन्द्र प्रथम, तेलंगाना के मणिपल्ली द्वितीय, महिला में महाराष्ट्र की सुषमा प्रथम, कल्पना द्वितीय रहीं। 70-74 पुरुष वर्ग में यूपी के सर्वेश प्रथम, वेस्ट बंगाल के प्राणबल्लव द्वितीय, महिला में केरल की चंद्रिका प्रथम व अरहिना द्वितीय रहीं।


अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता। अमृत विचार

- प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता

# प्रदेश की आठ विस सीटों पर होंगे उप चुनाव

**लखनऊ।** संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में आठ विधायक, सांसद बन गए हैं। अगर वे विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देते हैं तो रिक्त सीटों पर अगले छह माह में उप चुनाव कराए जाएंगे। ।

सांसद चुने गए विधायकों में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव हैं, जो अब कन्नौज से सांसद बन गए हैं। अंबेडकर नगर की कटेहरी सीट से विधायक लालजी वर्मा भी अब सांसद चुन लिए गए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के विधायक अवधेश प्रताप सिंह फैजाबाद के सांसद बन गए। संभल की कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी सांसद बन गए है। पश्चिम उप्र. की मीरापुर सीट के रालोद विधायक चंदन चौहान भी बिजनौर से सांसद चुने गए हैं।

# प्रियंका जरकीहोली बनीं सबसे कम उम्र की सांसद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- कर्नाटक की चिक्कोड से 27 वर्षीय कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा के अन्नासाहेब जोले को हराया

कर्नाटक की चिक्कोड से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत का परचम बुलंद करने वाली प्रियंका जरकीहोली सबसे कम उम्र की सांसद बनकर भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है।

प्रियंका (27) संसद के गलियारों की ओर कदम बढ़ाने वाली आदिवासी महिला बन गई हैं, उनकी यह उपलब्धि समुदाय और लिंग दोनों की दृष्टि से एक मील का पत्थर साबित हुई है।

प्रियंका ने भाजपा प्रत्याशी अन्नासाहेब जोले को 90,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया। प्रियंका ने 7,13,461 मत हासिल किए। वह कर्नाटक के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली पुत्री हैं।

वह कर्नाटक में अनारक्षित सीट जीतने वाली पहली आदिवासी महिला हैं, जिन्होंने अपने समुदाय के लिए नई जमीन तैयार की है। प्रियंका ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रियंका ने घोषणा की है कि वह क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने और निर्वाचन क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगी।

# कुत्तों ने पांच साल के बच्चे को नोंचा

**लखनऊ।** कुत्तों के दौड़ाने से राजधानी में दो लोगों की मौत के मामले में हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। नगर निगम जोन दो के वजीरगंज में चौधरी गड़ैया निवासी अफजल के तीन वर्षीय मासूम बेटे जुनैद को घर के बाहर खेलते समय तीन कुत्तों ने बुरी तरह नोंच डाला।

परिजनों ने मासूम को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टरों ने जुनैद को डिस्चार्ज कर दिया। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के अधिकारी नियमों का हवाला देकर प्रभावी कार्रवाई से बचते रहे। लोगों में दहशत का माहौल है लेकिन निगम आक्रामक कुत्तों पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस प्लान तैयार नहीं कर पाया है।

**समीक्षा** — विल्सोनियां इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 239 पर सपा की रुचि वीरा को मिले 671 तो भाजपा को मिले नौ वोट

# मुरादाबाद में अपना बूथ भी नहीं जिता सके भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- भाजपा की करारी हार के बाद बूथवार सूचियों से गणना कर रहे लोग
- महापौर और शहर विधायक के बूथों पर तो भाजपा को खूब मिले वोट

**अमृत विचार।** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की हार के बाद लोग चर्चाएं कर रहे हैं। संगठन में भी अंदरखाने बूथवार वोटों की गणना हो रही है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के गृह जनपद मुरादाबाद में उनके विल्सोनियां इंटर कालेज स्थित बूथ संख्या 239 पर सपा की रुचि वीरा को 671 तो भाजपा को सिर्फ नौ वोट मिले हैं। यहां बसपा के इरफान सैफी को दो, निर्दलीय अजय यादव को एक वोट मिला है तो नोटा को भी दो वोट मिले हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बूथ पर भाजपा को सिर्फ नौ वोट मिलना संगठन में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा ने मुरादाबाद लोकसभा पर एक लाख पांच हजार सात सौ 62 वोटों से जीत हासिल की। भाजपा नगर विधानसभा क्षेत्र पर लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुकी है तो वहीं लगातार दूसरी बार लोकसभा में हार का सामना करना पड़ा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद मुरादाबाद के रहने वाले चौधरी भूपेंद्र सिंह को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद से जिला पंचायत, नगर निगम और विधानसभा चुनाव में भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी जीत का परचम लहराया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत तय मानी जा रही थी। लेकिन चार जून को लोकसभा के परिणाम में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। शहरी क्षेत्र में जहां भाजपा का परचम लहराता था वहीं भाजपा को शिकस्त मिलने से सभी हैरान हैं।

### विधायक और मेयर के बूथों ने बचाई भाजपा की साख

- शहर विधायक रितेश गुप्ता के बूथ संख्या 173 की बात करें तो इस बूथ पर बसपा के इरफान सैफी को 2, सपा की रुचि वीरा को 45 और भाजपा के कुंवर सर्वेश सिंह को 609 वोट मिले। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल के पोलिंग बूथ रस्तौगी इंटर कॉलेज के बूथ पर बसपा के इरफान सैफी को 56 सपा की रुचि वीरा को 112 और भाजपा के कुंवर सर्वेश सिंह को 520 वोट मिले। इन तीनो बूथों पर बाकी 9 लोकसभा प्रत्याशी की बात करें तो सभी को मात्र 14 वोट मिले।

### 362 नंबर बूथ पर रुचि वीरा को मिले सबसे अधिक वोट

- गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा ने 1 लाख 5 हजार 7 सौ 62 वोट से जीत हासिल की। नगर विधानसभा क्षेत्र में रुचि वीरा को किसी भी बूथ पर दहाई से नीचे वोट नहीं मिला। बूथ संख्या 22 पर सबसे कम 10 वोट मिले इसके अलावा बूथ संख्या 217 पर 13, 218 पर 11, 414 पर 12 और 431 पर सबसे कम 15 वोट मिले. वहीं बूथ संख्या 59 पर 793, 62 पर 805, 67 पर 778, 84 पर 852 और 362 बूथ पर सबसे अधिक 889 वोट मिले।

### सर्वेश सिंह को सबसे कम 1, 2, 3, 4 वोट मिले

- भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को इस लोकसभा चुनाव में सबसे कम बूथ संख्या 45 पर मात्र 1 वोट तो वहीं 139 पर 2, 69 पर 3, 80 पर 4 तो बूथ संख्या 7 पर मात्र 5 वोट मिले। बूथ संख्या 411 पर 727, 412 पर 723, 221 पर 818 और सबसे अधिक वोट बूथ संख्या 186 पर 851 मिले। बूथ पर सबसे अधिक वोट लेने का रिकार्ड गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा ने बनाया तो वहीं सबसे अधिक बूथों पर सबसे कम वोट लेने का रिकार्ड भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के नाम रहा।

# इंडिगो एयरलाइंस की महिला कर्मचारी ने लगाई फांसी, मौत

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में धौरेरा माफी वृंदावन कॉलोनी में इंडिगो एयरलाइंस की महिला कर्मचारी ने घर में खिड़की के कुंडे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।


वैजयंती।

वृंदावन कॉलोनी निवासी पप्पू श्रीवास्तव ने बताया कि 2010 में उकी बेटी वैजयंती श्रीवास्तव की शादी पीलीभीत के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव अलखथान निवासी रवि श्रीवास्तव के साथ हुई थी। वैजयंती बरेली एयरपोर्ट में इंडिगो एयरलाइंस में ग्राउंड स्टाफ के पद पर तैनात थी और धौरेरा माफी में ही किराए पर रहती थी। पप्पू का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार रुपये की मांग करते थे। बुधवार को पिता पप्पू ने बेटी को कई बार फोन किया लेकिन नहीं उठा। उसके पति रवि का भी फोन नहीं उठा तो वह रात करीब आठ बजे वैजयंती के कमरे पर पहुंचे तो ताला लगा हुआ था। ताला तोड़कर देखा कि वैजयंती खिड़की के कुंडे में चुन्नी के सहारे फंदे पर लटकी थी। तलाशी में दो पेज का सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में वैजयंती ने लिखा कि उसके ससुर का किसी से मुकदमा चल रहा है, जिसे खत्म करने के लिए विपक्षी पार्टी को पांच लाख रुपये देने के लिए ससुराल पक्ष उस पर लगातार दबाव बना रहा है।

# एसबीआई में भारी मात्रा में पकड़े गए जाली नोट, मचा हड़कंप

## अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पुलिस को गिरोह के सरगना की तलाश

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में भारी मात्रा में जाली नोट पकड़े जाने का मामला सामने आया है। आरबीआई कानपुर दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नकली करेंसी कितनी पकड़ी गई और इसकी खेप कहां से लायी जा रही थी, यह गोपनीय है। पुलिस को लग रहा है कि इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने गिरोह के सरगना की तलाश शुरू कर दी।

एफआईआर के मुताबिक बीते 27 मई को एसपी फतेहपुर ने एसबीआई में बड़ी मात्रा में जाली नोट पकड़ी थी। इसकी रिपोर्ट बनाकर कप्तान ने आरबीआई को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर आरबीआई के आईपीएस गहलौत ने बुधवार रात सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इस समय जाली नोट अधिक संख्या में पाए जा रहे हैं। हालांकि फतेहपुर पुलिस की कार्रवाई इतने गुपचुप तरीके से थी कि किसी को भनक नहीं लगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से एसबीआई फतेहपुर में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर के दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने पुलिस को दी तहरीर में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारीगण व कर्मचारीगण नाम व पता अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया गया। नकली करेंसी के पकड़े जाने के बाद से हड़कम्प मचा रहा।


शहर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा। अमृत विचार

● 27 मई को एसपी ने जाली नोट पकड़ने की सूचना दी थी

"रिजर्व बैंक आफ इंडिया के अधिकारी आईपीएस गहलोत की तरफ से जाली नोट से संबंधित एक प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। उन्होंने कहा कि जल्द मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

–राजेंद्र सिंह, प्रभारी, सदर कोतवाली

# मधुमक्खियों के हमले से नाना की मौत, नाती गंभीर

**फतेहपुर।** थरियांव थाने के ग्राम फैजुल्लापुर कैथाहार में गुरूवार की सुबह खेत जा रहे नाना-नाती पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे नाना गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में दम तोड़ दिया।

फैजुल्लापुर कैथाहार गांव निवासी स्व. सुदर्शन का 55 वर्षीय पुत्र मेवालाल अपने दस वर्षीय नाती रामेंद्र व नातिन के साथ खेत जा रहा था। तभी पेड़ पर लगे मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे मेवालाल व नाती रामेंद्र बुरी तरह घायल हो गए। जबकि नातिन मधुमक्खियों के हमले से बाल-बाल बच गई। जानकारी मिलने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और तत्काल घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में मेवालाल ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# जानलेवा हमले में तीन को कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई गई है। तीनों पर 19,500 रुपये अर्थदंड लगाया गया है। इसमे एक आरोपी की मुकदमे के ट्रायल के दौरान मौत हो चुकी है। कोर्ट ने तीनों दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता संतकुमार दुबे ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककराहा में 25 अक्टूबर 2016 को खेत को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसमें मुन्नालाल को सियाराम, विकास कुमार, मेघनाथ व खिलावन ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। मुन्नालाल के सिर में गहरी चोटें आईं थीं। पुलिस ने इस मामले में 14 फरवरी 2019 को पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था।

अभियोजन पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश किए गए। गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) हरेंद्रनाथ ने सियाराम, विकास कुमार, मेघनाथ व खिलावन को दोष सिद्ध करते हुए जानलेवा हमला करने पर पांच वर्ष की कैद व पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड, मारपीट में छह-छह माह कारावास व 500-500 रुपये अर्थदंड, धारदार हथियार से हमला करने पर एक-एक वर्ष की कैद व 500-500 रुपये जुर्माना व अपशब्द कहने पर एक-एक वर्ष कारावास व 500-500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### मारपीट में 11-11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा

**कन्नौज।** शासकीय अधिवक्ता यतेंद्रपाल सिंह ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बलनपुर निवासी गंगाराम कठेरिया ने 18 जनवरी 2018 को मुकदमा दर्ज कराया था कि वह ईंट भट्ठे पर ढुलाई का काम करते हैं। जब वह ग्राम ककराहा में ईंटें उतारने गए तो वापस आते समय रास्ते में कमलेश, घनश्याम, हरनाथ, प्रमोद कुमार लोधी ने घेर लिया और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया और गंगाराम व उसके भाई सीताराम को मारपीट का घायल कर दिया तथा जातिसूचक अपशब्द कहे। इस मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) हरिप्रसाद ने चारों अभियुक्तों को दोष सिद्ध करते हुए मारपीट में 11-11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है, जिसमें से 11 हजार रुपये पीड़ित गंगाराम व सीताराम को दिए जाएंगे।

### युवक को मारपीट कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम इस्माइलपुर निवासी सतेन्द्र गुप्ता पुत्र राकेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 03 जून को लगभग 11.20 बजे गांव के इकबाल उर्फ लल्ला, राजू, मो. आलम, शानू उसके दरवाजे पर आए और बेवजह गाली देने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# भूमि विवाद में खूनी संघर्ष चाचा-भतीजा गंभीर

**फतेहपुर।** राधानगर थाने के सथरियांव गांव निवासी राजाराम का पुत्र गोविंद साहू व चाचा शिवशंकर पुत्र कामता प्रसाद निवासी विष्णुपुरी कालोनी से जमीनी विवाद चल रहा है। बताते हैं कि आज सुबह पीएसी गेट के सामने किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर गोविंद साहू, उसका भाई श्याम बाबू उर्फ राजन एवं चाचा शिवशंकर के बीच खूनी संघर्ष हो गया और एक-दूसरे पर चाकुओं से हमला कर दिया। जिससे चाचा शिवशंकर व गोविंद साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल भेजा। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने गोविंद साहू व शिवशंकर की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। सथरियांव में स्थित जमीन का काफी दिनों से चाचा-भतीजों के बीच विवाद चला आ रहा है।

# वन विभाग ने सिंचाई विभाग पर लगाया तीन लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** डार्कजोन नहर परियोजना के तहत सिंचाई विभाग ने वन विभाग की अनुमति लिए बिना उसकी जमीन पर 800 मीटर नहर खोद दी। जब इसकी जानकारी वन विभाग को हुई तो उन्होंने सिंचाई विभाग पर तीन लाख रुपये की पेनाल्टी लगा दी, जिसे जमा कर दिया गया है। अब दोनों विभाग के अधिकारी आपसी सहमति बनाने में जुटे हैं।

तालग्राम क्षेत्र में वन विभाग की सैकड़ों हेक्टेयर जमीन पर बबूल के पेड़ खड़े हैं। डार्कजोन नहर परियोजना इसी क्षेत्र से होकर निकल रही है। 161 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में किसानों से भूमि खरीदी गई तो ग्राम समाज की जमीनों का अधिग्रहण किया गया। सिंचाई खंड ने वन विभाग से अनुमति लिए बिना यहां 800 मीटर नहर खोद दी। जब इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को हुई तो उन्होंने छिबरामऊ एसडीएम के माध्यम से वन विभाग की भूमि की पैमाइश कराई। इसके बाद पता चला कि करीब 800 मीटर नहर वन विभाग की जमीन पर बनी है। इस पर प्रभागीय वन अधिकारी ने सिंचाई खंड पर तीन लाख रुपये की पेनाल्टी लगा दी है। सिंचाई खंड के अधिकारियों ने भी अपनी गलती मानते हुए पेनाल्टी जमा कर दी और दोनों विभाग के अधिकारी गतिरोध को दूर करने में जुटे हुए हैं।


तालग्राम क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर खोदी गई नहर। अमृत विचार

"वन विभाग ने बिना एनओसी के नहर खोदने में तीन लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई थी, जिसे जमा कर दिया गया है। अब जिलाधिकारी के माध्यम से इस गतिरोध को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही इस बारे में बैठक कर हल निकाला जाएगा।

–सूर्यमणि सिंह, अधिशासी अभियंता (सिंचाई खंड)

● सिंचाई विभाग ने जमा किया जुर्माना, दोनों विभागों के अधिकारी बना रहे सहमति

### दिसंबर 2018 में पूरा होना था प्रोजेक्ट

डार्कजोन ब्लॉक तालग्राम व जलालाबाद में सिंचाई के लिए खोदी जा रही इस नहर की शुरुआत वर्ष 2016 में की गई थी, जिसे दिसंबर 2018 में पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था। पहले छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के कई किसानों ने सिंचाई खंड के नाम जमीन का बैनामा नहीं किया और हाईकोर्ट तक चले गए। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझा-बुझाकर बैनामा करवा दिया तो वन विभाग ने रोड़ा अटका दिया। आठ साल बीत जाने के बाद भी नहर खोदाई का काम पूरा नहीं हो पाया, जिससे किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इस प्रोजेक्ट की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की थी।

# योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। यदि आज विधानसभा चुनाव हो जाएं तो प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार बनने में देर नहीं लगेगी। जनभावनाओं का आदर करते हुए अब योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। वह चुनाव परिणाम आने के बाद चौगुर्जी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा ने सभी जाति-धर्म का वोट हासिल किया है। इस जीत को देखते हुए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए और चुनाव कराने चाहिए। बसपा सुप्रीमो के मुस्लिम प्रत्याशियों को लेकर दिए बयान पर उन्होंने कहा की 2024 के चुनाव में जनता जान चुकी थी कि यह बीजेपी से मिली हुई है। इसलिए जनता ने भाजपा के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी को भी सबक सिखाया है। अयोध्या के साथ-साथ आसपास की सीटों पर भी समाजवादी पार्टी और गठबंधन की जीत के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि हम सब राम को मानने वाले हैं। सेकुलर प्रत्याशी की इस बार अयोध्या से जीत हुई है, इससे बड़ी क्या बात हो सकती है।

● चुनाव परिणाम आने के बाद अपने आवास पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव

● बोले-समाजवादी पार्टी ने सभी जाति-धर्म के लोगों का वोट हासिल किया

# बेटी की शादी को तैयार नहीं, पत्नी को घर से निकाला

**चित्रकूट।** इस समाज में अजब अजब मामले सामने आते हैं। एक पिता अपनी बेटी की शादी को तैयार नहीं था। जब पत्नी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उसकी शादी करा दी तो गुस्से में पति ने पूरे परिवार को घर से निकाल दिया। परेशान महिला अपने बच्चों के साथ मायके में रहने को विवश है।

पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने पहुंची मानिकपुर थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वे चार बहन और एक भाई हैं। पिता पैसा न होने की बात कहकर उन लोगों की शादी नहीं कर रहा। मां ने किसी तरह उसकी शादी करा दी तो गुस्साए पिता ने उसकी मां और भाई-बहनों को घर से निकाल दिया। अब मां बच्चों के साथ मायके में है। उसका कहना है कि पिता किसी को रखने को तैयार नहीं और मारपीट पर उतारू है।

# पति की हत्यारोपी महिला की जमानत याचिका खारिज

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रेमी और उसके दोस्तों के साथ साजिश रचकर पति की हत्या की आरोपी विवाहिता समेत अन्य आरोपियों की जमानत याचिका प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 18 फरवरी को भरतकूप थाने में रसिन गांव के मजरे फाटापुरवा निवासी रामशरण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे रामबाबू की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक की पत्नी सविता पटेल के इलियास नामक युवक से अवैध संबंध थे। इलियास व सविता की फोटो फेसबुक पर पोस्ट हो गई थी। इसको लेकर पांच-छह माह पूर्व पति रामबाबू और प्रेमी इलियास के बीच विवाद भी हुआ था। इसके बाद रामबाबू ने सविता पर पाबंदी लगा दी थी। इससे क्षुब्ध इलियास ने अपने दोस्त ललित किशोर, भाई बरकत अली और सविता के साथ मिलकर रामबाबू की हत्या की साजिश रची। बीती 17 फरवरी को सविता ने अपने मायके से फोन के जरिए इलियास को बताया था कि उसका पति घर में अकेला है। इसके बाद ललित किशोर से तमंचा लेकर फैजल के साथ इलियास ने वहां जाकर बरामदे में सो रहे रामबाबू को गोली मार दी और सभी फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में सविता, इलियास के अलावा बरकत अली व ललित किशोर को गिरफ्तार किया था। अब तक सभी हत्यारोपी जेल में बंद हैं। आरोपियों ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था।

● प्रेमी के साथ साजिश रचने का आरोप

# अपहरण के तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व एक किशोरी अचानक गायब हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थपी। गुरुवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी अचानक गायब हो गई। परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन की थी लेकिन उसका पता नही चल सका। इस पर परिवार के लोगों ने रिपोर्ट दर्ज कराई। एसओ बलरई अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से किशोरी को बरामद कर लिया तथा एक महिला, एक अपचारी व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम विकास व कामिनी निवासी बनामई थाना बैदपुरा बताए।

# पांचाल घाट पर तीन दोस्त गंगा में डूबे, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल घाट पर गंगा नहाने गए चार दोस्तों में तीन डूब गए। दो को बचा लिया गया, लेकिन एक दोस्त की मौत हो गई।


राज।

पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के सदर कोतवाली के मोहल्ला रेती निवासी गुरुदेव त्रिवेदी का पुत्र राज त्रिवेदी (19) इंटर का छात्र था।वह अपनी मां रानू व भाई सुंदर के साथ एक सप्ताह पहले थाना कादरी गेट क्षेत्र के पांचाल घाट निवासी मौसा विवेक कुमार पांडे के यहां आए थे। पड़ोस में ही मामा संजय अगिनहोत्री भी रहते है। गुरुवार सुबह राज अपने मौसा के भतीजे प्रांशु, अनुभव व मामा के बेटे चंदन के साथ गंगा नहाने गया।पैंटून पुल के पास गंगा नहाने के दौरान राज, चंदन, अनुभव डूब गए।प्रांशु के शोर मचाने पर आस पास के लोग आ गए। चंदन और अनुभव को बाहर निकाल लिया गया। तब तक राज गहरे पानी में जाने से गायब हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक घंटे बाद राज का शव पैंटून पुल के पूर्व दिशा में बरामद किया। परिजन निजी वाहन से शव को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। ईएमओ डॉ. अभय श्रीवात्सव ने शव का चिकित्सा परीक्षण कर उसको मोर्चरी में रखवा दिया।पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुत्र की मौत की जानकारी मिलते ही मां रानू अपनी बहन कोमल के साथ लोहिया पहुंची। मामा संजय अग्निहोत्री ने बताया कि उनके बहनोई गुरुदेव ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं।

# खेत पर नरकंकाल मिलने से हड़कंप

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गुरुवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कस्बे के बाहर खेतों में एक महिला का कंकाल मिलने की सूचना मिली। देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल खेतों में महिला का कंकाल कहां से आया? यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

गुरुवार दोपहर बाद कस्बे के बाहर पढोरी रोड पर मुख्य सड़क से लगभग पांच सौ मीटर अंदर खेतों में किसी एक कंकाल मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। जबकि लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लोगों के बीच यह चर्चा हो रही है कि यह महिला का कंकाल खेतों में कैसे आया क्या महिला की कहीं और हत्या कर कंकाल को यहां पर लाकर फेंका गया है या किसी महिला की लू लगने से मौत हो गई है, जिसके बाद जानवरों ने उसका मांस खाकर हड्डियां छोड़ दी होंगी।

इतना ही नहीं क्षेत्र में आए दिन गायब हो रही लड़कियों के मामले से भी इस घटना को जोड़ कर देखा जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि कंकाल मिला है। लेकिन अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। बाकी पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।


खेतों में मिले कंकाल की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

● क्षेत्र से गायब हो रहीं लड़कियों से जोड़ कर भी जांच कर रही पुलिस

● महिला की हत्या कर कंकाल यहां लाकर फेंकने की रही चर्चा

जिम्मेदारी

## सपा सुप्रीमो पांच साल से लगातार कन्नौज में विकास थमने का लगाते रहे हैं आरोप

# अखिलेश के सामने 'रुका विकास' दौड़ाने की चुनौती

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कन्नौज की जनता पांच साल से न तो विकास का मुंह देख सकी और न ही जनप्रतिनिधि स्तर से संतुष्ट हुई। इसका बदला उसने भाजपा प्रत्याशी को हराकर तो सपा के अखिलेश यादव को जिताकर ले लिया। उम्मीद यह कि पांच साल से रुका विकास दौड़ेगा और उनकी सुनवाई भी होगी। अब जब जनता ने भरोसा दिखाया है तो सपा अध्यक्ष के कंधों पर उसकी आंकांक्षाओं-अपेक्षाओं पर खरा उतरने की बड़ी जिम्मेदारी है और चुनौती भी।


अखिलेश यादव।

इत्र और इतिहास की नगरी के नाम से प्रसिद्ध कन्नौज का राजनीतिक महत्व भी कम नहीं है। नये युग की राजनीति की बात करें तो यहीं से चुनाव लड़ने और जीतने वाले राजनेता मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे या राज्य-केंद्र स्तर की राजनीति की। साल 1967 में यहां से समाजवादी चिंतक और सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के आदर्श डॉ. राममनोहर लोहिया जन प्रतिनिधि चुने गए थे। वर्ष 1984 में लोगों ने कांग्रेस से शीला दीक्षित को चुनाव जिताकर संसद भेजा था और फिर उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद के दिनों में वे 1998 से लेकर 2013 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। इससे पहले उनके कार्यकाल में कन्नौज की जनता ने विकास का मुंह देखा था। तब कन्नौज को हरदोई से जोड़ने वाले गंगा पुल, शहर स्थित विनोद दीक्षित चिकित्सालय, लाख बहोसी पक्षी विहार, टेलीफोन का मैनुअल से ऑटोमेटिक में परिवर्तन, तिर्वा में दूरदर्शन रिले सेंटर की स्थापना आदि जैसे कार्य कराए गए थे। सितंबर 1997 में तत्कालीन बसपा की मायावती सरकार ने कन्नौज को फर्रुखाबाद से काटकर नया जिला बनाया। संसाधनों को जुटाने का कवायद अगली सरकारों तक जारी रही। इसके बाद की बात करें तो साल 2000 के उपचुनाव में जनता ने सपा संस्थापक मुलायम के पुत्र अखिलेश को यहां से जिताकर संसद भेजा। यह क्रम लगातार अगले दो चुनावों तक जारी रहा। उनके सांसद और फिर 2012 से 2017 तक मुख्यमंत्री रहते जिले में विकास के काम हुए। चुनाव के दौरान और इससे पहले भी कन्नौज आने पर स्वयं अखिलेश ही गिनाते रहे कि उनके समय में खोला गया काउ मिल्क प्लांट, सोलर प्लांट धूल खा रहा है। उनके समय में ही फॉरेंसिक लैब, राजकीय मेडिकल कॉलेज, पैरा मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज सरीखे संस्थान अस्तित्व में आए। मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी व कैंसर संस्थान बने लेकिन भाजपा सरकार ने इनको चालू करने का काम नहीं किया। इसी तरह से तमाम कार्य जो उन्होंने अपने कार्यकाल या सरकार में शुरू कराए रोक दिए गए। वादा भी किया को अगर जनता ने चौथी बार मौका दिया तो कन्नौज में अभूतपूर्व विकास कराया जाएगा। तो जनता ने चौथी बार वादे पूरे करने की जिम्मेदारी सौंप दी है। अब उनके सामने बड़ी चुनौती है कि जो कहा उसे करके भी दिखाएं। जो जन अपेक्षाएं पूर्व सांसद पूरी नहीं कर सके उन्हें पूरा करें। इससे भी बड़ी बात कि आम जन की सुनवाई प्राथमिकता से हो। इसके लिए स्वयं समय-समय पर उपलब्ध हों और राष्ट्रीय स्तर की व्यस्तता के चलते यह काम ऐसे जिम्मेदार को सौंपें जो जनता को संतुष्ट कर सके। क्योंकि पांच साल बाद फिर से चाभी जनता के ही हाथ में होगी।

● आमजन से जुड़ाव रख अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना होगा सपा सुप्रीमो को

● चुनाव में नता से किया था वादा, चौथी बार मौका दिया तो कराएंगे अभूतपूर्व विकास

# ब्लड दिलाने के नाम पर ठगे 20 हजार रुपये

**सैफई, इटावा।** पुलिस को पवन कुमार पुत्र संगीलाल निवासी नगला मंजा थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद ने बताया उसके मामा रामकिश का सोमवार दोपहर के समय एक्सीडेंट हो गया था। उसी दिन यहां विश्वविद्यालय की इमरजेंसी ट्रामा सेंटर के तीसरी मंजिल पर न्यूरो वार्ड में भर्ती किया । बुधवार सुबह डाक्टरों ने बताया कि उनका ऑपरेशन होगा। जिसके लिए दो यूनिट ब्लड की जरूरत है। इस दौरान एक ऑटो चालक ने दो युवकों से मुलाकात कराई और बताया यह दोनों हमारे रिश्तेदार हैं जो यहां विश्वविद्यालय में नौकरी करते हैं। यह आपको खून दिला देंगे। दोनों युवकों नें ब्लड देने की बात कही।इसके बदले में 20 हजार रुपये मांगे। उसने विश्वास करके 20 हजार रुपये दे दिए।

# जीत का जश्न पड़ा महंगा डेढ़ सौ सपाइयों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** कहते हैं कि अति उत्साह में किए गए कार्य का परिणाम नुकसानदायक साबित हो सकता है, इसका जीता जागता उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब मंगलवार को मंडी समिति में मतगणना के दौरान जीत के करीब पहुंचे सपा समर्थक नारेबाजी करते हुए मतगणना स्थल में घुसने का प्रयास करने लगे। हालांकि पुलिस व पैरामिलिट्री ने डंडा फटकार कर उन्हें खदेड़ दिया, लेकिन अब करीब सौ से डेढ़ सौ अज्ञात सपाइयों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

शहर की मंडी चौकी प्रभारी अरविंद कुमार मौर्य ने तहरीर देकर बताया है कि मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान समाजवादी पार्टी कार्यालय की ओर से करीब सौ से डेढ़ सैकड़ा लोगों का हुजूम जुलूस की शक्ल में मतगणना स्थल की ओर आ रहा था, जिन्हें देखकर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान चौकन्ना हुए और उन्हें रोकने का प्रयास करने लगे। लेकिन सपाई नारेबाजी करते हुए पुलिस के साथ धक्का मुक्की करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके सपाइयों की भीड़ को तितर बितर किया और उन्हें खदेड़ दिया। आदर्श चुनाव आचार संहिता और धारा 144 का खुला उल्लंघन किया गया है। चौकी इंचार्ज की तहरीर पर शहर कोतवाली में 100 से 150 अज्ञात सपाइयों पर धारा 147, 148, 188, 353 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### असीम अरुण ने दी अखिलेश यादव को सांसद बनने की बधाई

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार ) व कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के विधायक असीम अरूण ने, सपा के अखिलेश यादव को सांसद चुने जाने की बधाई दी है। लोकतंत्र के महत्व बताते हुए गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि कन्नौज में नगर पालिका अध्यक्ष बसपा से है, मैं भाजपा का विधायक हूं और आप समाजवादी पार्टी से सांसद है। असीम अरूण ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अखिलेश यादव से कहा कि हम सब मिलकर कन्नौज का और तेजी से विकास करने में सफल होंगे।

# गांवों में बनेंगे 2,501 सीएससी व 125 लर्निंग सेंटर

**100** पंचायत भवनों का होगा निर्माण, किराये पर संचालित केंद्र स्थाई जगह किये जाएंगे शिफ्ट

**1** हॉल और चार कक्ष वाले पंचायत भवनों में बनेंगे लर्निंग सेंटर, एलईडी, वाईफाई, कैमरा, सोलर, एसी की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : ग्रामीणों की सुविधा के लिए 100 पंचायत भवन, 125 पंचायत लर्निंग सेंटर व 2,501 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बनेंगे। इनमें नये निर्माण के अलावा किराये पर संचालित केंद्रों को स्थाई जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। चयन में बाहरी राज्यों से लगे सीमावर्ती गांवों का प्राथमिकता दी जाएगी।



▶▶ अन्य प्रदेश से लगे गांवों का प्राथमिकता से होगा चयन

पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 का यह लक्ष्य निर्धारित करके सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं हैं वहां बनेंगे। इससे ग्रामीणों को योजना व विभागीय कार्य के लिए ब्लॉक व मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। सभी काम सचिव पंचायत भवन में करेंगे। लर्निंग सेंटर उन पंचायत भवनों में बनेंगे जिसमें एक हॉल व चार कक्ष है। कुल सात लाख रुपये से सभागार, एलईडी, वाईफाई, कैमरा, मेज-कुर्सी, आरओ, सोलर, एसी आदि इंतजाम करके वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम की तरह बनाया जाएगा। यहां समय-समय पर ग्रामीणों व प्रधानों को प्रशिक्षण मिलेगा। इसी तरह जो सीएससी बनेंगे वहां पेंशन, अनुदान, सम्मान निधि, बीमा, आय, जाति प्रमाण जैसे सभी ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। किराये पर संचालित होने वाले भवन भी नये में शिफ्ट होंगे। निदेशक अटल कुमार राय ने बताया कि सभी डीपीआरओ को ग्राम पंचायत चयन करने के निर्देश दिए हैं।

# मंडी समिति भी नहीं खरीद पा रही गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 1.25 लाख एमटी लक्ष्य में 98 केंद्र पर 26,584 एमटी खरीद

▶▶ मंडियों पर आवक तो हो रही, लेकिन आढ़ती कर रहे खरीद

**अमृत विचार** : बढ़े बाजार भाव के कारण मंडी समितियां अपने केंद्रों पर किसानों से गेहूं नहीं खरीद पा रही हैं। जबकि मंडियों पर आवक तो हो रही पर किसान समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर परिसर में बैठे आढ़तियों को बिक्री कर रहे हैं। इसका असर खरीद के लक्ष्य पर पड़ा है।

प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडी समितियों ने अपने परिसर में 98 केंद्र खोले हैं। कुल 1.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है। जो 15 जून तक पूरा करना है। स्थिति यह है कि मार्च से अब तक 26,584 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो पाई है। कुल 4700 किसानों से 61 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा गया है। इसमें मंडी समितियों ने किसानों को 59 करोड़ रुपये भुगतान किया है। कम खरीद की वजह बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक है और मंडी में बैठे आढ़ती किसानों को अधिक दाम देकर गेहूं खरीद रहे है। 15 जून तक खरीद होगी लेकिन, इन हालात में लक्ष्य पूर्ति करना मुश्किल है। जबकि मंडी में केंद्र किसानों की सुविधा के लिए खोले गए हैं, जिनका फायदा आढ़तियों को मिला है।

### 9.28 लाख एमटी खरीद

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद की बात करें तो इस वर्ष भी खराब स्थिति है। 1 मार्च से 6 जून तक 9 .28 लाख मीट्रिक टन क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदा जा सका है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। कुल 6,485 केंद्रों पर 1,79,392 किसानों ने गेहूं बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है।

# नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता को बने अच्छी कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक, अलग-अलग विभागों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा की रहे पूरी व्यवस्था

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के स्थानान्तरण, और नये पद सृजित करने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि, माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प का अभियान तेज किया जाए। नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए अच्छी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित कराएं।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों की एक बैठक करते मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसडीआई से उम्मीद जतायी कि वे अपने क्षेत्र में कस्तूरबा बालिका विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण करें। वहां खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि हर एक व्यवस्था को सूक्ष्मता से देखें और जहां कमी हो तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि, परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक प्रधानाध्यापक और शिक्षक यह सुनिश्चित कराएंगे कि हर छात्र-छात्रा निर्धारित गणवेश में ही विद्यालय आए। इसके लिए डीबीटी की धनराशि समय से भेजी जाती रहे।

मुख्यमंत्री के अनुसार विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि सभी शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक कैलेंडर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए ताकि 10 मई तक सभी आवश्यक परीक्षाएं सम्पन्न हो जाएं। भीषण गर्मी के मौसम में परीक्षाओं से परहेज किया जाना चाहिए। योगी के अनुसार टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण को और तेज किया जाना चाहिए। इसके लिए खरीद की प्रक्रिया समय से पूरी कर लें।

### ये भी दिए निर्देश

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू हो।
- सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्य समय से हों पूरे।
- शहरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए।
- स्ट्रीट डॉग की समस्या का हो स्थायी समाधान।
- बारिश में जलभराव न हो, मलिन बस्तियों में सफाई रहे।
- खनन कार्य वाले वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो।
- नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछले सत्र का सारा बकाया भुगतान हो
- बालू, मोरम, गिट्टी की कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो।
- कमिश्नरी स्तर पर महिला संरक्षण गृह क्रियाशील कराएं।

### बजट से हो आवश्यक खर्च

मुख्यमंत्री ने कहा, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का आवश्यक खर्च किया जाना तय किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए। बजट आवंटन और खर्च के नियमों का सरलीकरण भी अपेक्षित है।

### कॉरीडोर का मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरीडोर सरकार का सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को भी मिलेगा। इसके अंतर्गत राज्य में आगरा और प्रयागराज में दो नोड विकसित किए जाने हैं। परियोजना के लिए भूमि की कमी नहीं होनी चाहिए। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए भारत सरकार के साथ सतत संवाद संपर्क बनाए रखें।

# युवाओं ने मुख्यमंत्री से साझा की परेशानी



गुरुवार को सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में आयी युवती का शिकायती पत्र पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुख्यमंत्री ने कहा, आमजन से जुड़े कार्यों में अनदेखी बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोस चुनाव बाद गुरुवार को फिर से जनता दर्शन शुरू किया। योगी के सरकारी आवास पर गुरुवार को काफी संख्या में पीड़ित पहुंचे जिसमें युवाओं की संख्या काफी रही। इन सभी ने मुख्यमंत्री से अपनी पीड़ा सुनाई। मुख्यमंत्री ने हर एक फरियादी के पास पहुंचकर उनकी समस्या समझी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए कहा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्य में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने यहां आए हर युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े जो भी मुद्दे न्यायालय में लंबित हैं, उनमें अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्यों में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जनता से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकता में हैं।

# अहंकार से भाजपा का पतन:अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उप्र. में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी विधानसभा क्षेत्र से हार गए हैं।

अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःख दर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया। उजड़े किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया गया। अपनी जमीन से उजड़े लोगों के पुनर्वास पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजें में जनता ने सबक सिखा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लग रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सहित समाज का हर वर्ग परेशान है।

# आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए क्षेत्राधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ क्षेत्राधिकारी की पत्नी ने की थी शिकायत, मामला पहुंचा पुलिस मुख्यालय

▶▶ बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को सरकारी आवास पर पत्नी ने पकड़ा

**अमृत विचार:** बस्ती रेंज के एक जिले के क्षेत्राधिकारी (सीओ) को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी इस कदर नाराज हुई कि वह शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। प्रकरण जांच में सही पाया गया। जांच रिपोर्ट मुख्यालय पहुंची तो मुख्यालय के अधिकारी भी मामले को लेकर तनाव में आ गए ।

बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास पर किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पत्नी ने न सिर्फ सीओ को उस महिला के सामने बेइज्जत किया, बल्कि पूरा प्रकरण लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। विभाग कार्रवाई से पल्ला न झाड़ ले, इसलिए उन्होंने पूरी शिकायत लिखापढ़ी में की।

पुलिस अधीक्षक ने उनकी पत्नी के आक्रोश को भांपते हुए सीओ के खिलाफ जांच कराने का आदेश दे दिया। जांच में सीओ की पत्नी के आरोप सही पाए गए। सीओ की पत्नी जांच में लगातार सहयोग करती रही और जांच होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई को फालो करती रही।

अंततः पुलिस अधीक्षक ने जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजकर अपना पीछा तो छुड़ा लिया, लेकिन अब मामला पुलिस मुख्यालय पहुंचने के बाद यहां के शीर्ष अधिकारी जरूर तनाव में दिख रहे हैं। दरअसल अधिकारियों के तनाव का दूसरा कारण यह है कि सीओ जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में कार्रवाई के बाद सीओ बड़े संकट में पड़ सकते हैं। उधर, पुलिस अधीक्षक से जब इस प्रकरण पर बातचीत की गई तो उन्होंने बस इतना बताया कि महिला की शिकायत आई थी, जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है।

# दो एसएचओ, 10 चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**अमृत विचार, लखनऊ:** गाजियाबाद कमिश्नर ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थानेदार और 10 चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने बताया कि गत दिनों नेवाड़ी थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को थानाध्यक्ष ने चोरी की धारा में दर्ज किया था। इसकी शिकायत पर उन्हें हटाया गया। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारियों में विकास अग्निहोत्री, गोविंद सिंह, धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार, सौरभ राठौर, रानू चौधरी, हरेंद्र मलिक, देवेश कुमार सिंह, सोहन गोला और विनोद कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसी तरह नेवाड़ी और महिला थानाध्यक्ष को पुलिस लाइन में भेजा गया।

# जुलाई में घोषित हो सकती है पुलिस भर्ती परीक्षा की तिथि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ 43 लाख अभ्यर्थियों का जल्द खत्म होगा इंतजार

▶▶ प्रश्नपत्र लीक होने के कारण भर्ती परीक्षा हुई थी निरस्त

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद अब उप्र. के 43 लाख युवा एक बार फिर से यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बेचैन हैं और अभ्यर्थी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के नोटिफिकेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक 60 हजार 244 कांस्टेबल भर्ती की पुनः परीक्षा की तारीखों का जल्द ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले हफ्ते में परीक्षा की तिथियों का ऐलान बोर्ड कर सकता है।

मालूम हो कि इस वर्ष की 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 60 हजार 244 कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा में उप्र. सहित अन्य राज्यों के कुल 43 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। लेकिन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद सरकार को परीक्षा रद्द करते हुए आने वाले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा था। ऐसे में अब बोर्ड जुलाई में लिखित परीक्षा कराने की तैयारी कर रहा है। लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस भर्ती बोर्ड की तैयारियां धीमी पड़ गई थी, लेकिन एक बाद फिर से हलचल तेज हो गई है।

# केजीएमयू में 60 कर्मियों की पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में कुलपति प्रो .सोनिया नित्यानंद और कुल सचिव रचना गंगवार ने अपने हाथों से 60 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र वितरित किये। पदोन्नति पाने वालों में विभिन्न संवर्ग में अकाउंटेंट, टेक्निकल संवर्ग( लैब) और डाइटिशियन शामिल हैं। केजीएमयू के ब्राउन हॉल में गुरुवार को संपन्न पदोन्नति पत्र वितरण कार्यक्रम में केजीएमयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पहली बार किसी कुलपति ने कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र वितरित किये हैं। सरकारी संस्थानों में इस प्रकार की प्रथा नहीं है। केजीएमयू प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के महामंत्री अनिल कुमार ने बताया कि कर्मचारियों में पदोन्नति का मामला बहुत दिनों से लटका था, जिसे पारदर्शिता के साथ कुलपति समेत केजीएमयू प्रशासन ने ससमय पूर्ण किया है, पदोन्नति पाकर कर्मचारियों में खुशी है।


## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुन:।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।




## वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दू |
| 6 तौ | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

## सुडोकू - 5 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 16 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 19 .43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष** — आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं,लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे,किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह** — आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है,किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला** — आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान-परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु** — आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब-किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर** — आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ** — आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन** — आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि. नटवरलाल — सुबह : 10 .32
देवता — रात : 07 .00

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11 .24
ड्रीम गर्ल — रात : 08 .00

SONY PIX
जस्टिस लीग — सुबह : 11 .03
द मास्क — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
तारे जमीन पर — सुबह : 09 .50
प्यार झुकता नहीं — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
रफू चक्कर — सुबह : 10 .22
भागम भाग — शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1080 बोल्ड 1130 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 9800-10000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16800-17000 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500-14600 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8600-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भारत में 500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर

## स्वच्छ ऊर्जा, अन्य क्षेत्रों को लेकर आईपीईएफ की बैठक में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल बोले

नई दिल्ली, एजेंसी



वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉसपेरिटी (आईपीईएफ) के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में मौजूद वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह बात कही।

बर्थवाल ने आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन में इसे एक अद्वितीय मंच करार दिया जो वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाया है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। सचिव ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में...। बर्थवाल ने पिछले दशक में भारत में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों के बारे में भी बताया। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि इस फोरम के परिणामस्वरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 23 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर उत्पन्न हुए। आईपीईएफ की बैठक बुधवार को शुरू हुई। यह क्षेत्र के शीर्ष निवेशकों, स्वच्छ अर्थव्यवस्था कंपनियों व स्टार्ट-अप को बुनियादी ढांचे, जलवायु प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश जुटाने में एकसाथ लाती है।

### बैठक में आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय विकास बैंकों, उद्यम पूंजी कोषों, परियोजना मालिकों, उद्यमियों तथा आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सतत बुनियादी ढांचे और जलवायु प्रौद्योगिकी जुड़ाव के तहत सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आईपीईएफ के 14 सदस्य हैं। अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य साझेदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से 23 मई 2022 को तोक्यो में इसकी शुरुआती की गई थी। इसके सदस्य देश दुनिया के आर्थिक उत्पादन का 40 प्रतिशत और व्यापार का 28 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ढांचा व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द बना है। भारत व्यापार को छोड़कर बाकी सभी स्तंभों में शामिल है।

## चेयरपर्सन निसाबा गोदरेज ने मतभेद का हवाला देते हुए दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** गोदरेज कंज्यूमर की कार्यकारी चेयरपर्सन निसाबा गोदरेज ने नेतृत्व की जवाबदेही और उत्तराधिकार योजना पर मतभेदों का हवाला देते हुए यात्रा सहायक उपकरण बनाने वाली कंपनी वीआईपी इंडस्ट्रीज के बोर्ड से स्वतंत्र निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। वीआईपी इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी गई सूचना में बताया कि निसाबा ने स्वतंत्र निदेशक के पद से तीन जून को इस्तीफा दे दिया। गोदरेज ने अपने इस्तीफे में कहा-नेतृत्व की जवाबदेही और उत्तराधिकार नियोजन पर मेरे भिन्न दृष्टिकोण के कारण मैं तीन जून 2024 से निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दूंगी। वीआईपी इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल का नेतृत्व 2,250 करोड़ रुपये की कंपनी के चेयरमैन दिलीप पीरामल करते हैं।

# प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 9 प्रतिशत महंगी

मुंबई, एजेंसी

- मई में मांसाहारी भोजन की लागत में आई कमी



मई महीने में शाकाहारी थाली की औसत लागत नौ प्रतिशत तक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी को इसकी वजह बताया गया।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपये प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की थी। इस थाली में मुख्य रूप से रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 39 प्रतिशत, आलू में 41 प्रतिशत और प्याज में 43 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक-रबी की फसल के रकबे में भारी कमी के कारण प्याज तथा पश्चिम बंगाल में फसल खराब होने से आलू की आवक कम होने से इन सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,700-55,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,050 |
| चांदी आभूषण | 90,500। |

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में 5.1% बढ़कर 13.89 करोड़ पर

मुंबई, एजेंसी

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 13.89 करोड़ रही। कोविड महामारी से पहले के स्तर से यह लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

इक्रा ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि स्थिर लागत परिवेश के बीच घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात में निरंतर सुधार के बीच भारतीय विमानन उद्योग का दृष्टिकोण स्थिर है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी यह रुझान जारी रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले महीने एयरलाइन की क्षमता सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ी और अप्रैल, 2024 की तुलना में लगभग दो प्रतिशत अधिक रही। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 15.4 करोड़ था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस प्रकार यह वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 14.2 करोड़ के कोविड-19 से पहले के स्तर को पार कर गया। एजेंसी ने कहा कि कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.96 करोड़ था।

## एसी बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** इस साल भीषण गर्मी के कारण देश भर में एयर कंडीशनर की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इससे इस साल एसी की बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर रहने की संभावना है। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और एप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा-एसी उद्योग में मई में बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रहे। गर्मी के इस मौसम में बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत' बना दिया है।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी भी 201 अंक उछलकर 22 हजार के पार हुआ



केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।

बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 692 अंक और 201 अंकों की बढ़त लेने में सफल रहे। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं शेयर बाजार में तेजी के चलते निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले, इंडसइंड बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि भाजपा को हाल में संपन्न संसदीय चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। लेकिन सहयोगी दलों के साथ मिलकर भाजपा के पास सरकार बनाने लायक बहुमत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनशोधन मामले में सुपरटेक के प्रमुख की जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को सुपरटेक के चेयरमैन आर.के. अरोड़ा को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जांगला ने अरोड़ा को राहत प्रदान करते हुए कहा कि उनके मुकदमे से भागने या जांच को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है। अरोड़ा को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड व अरोड़ा के खिलाफ 26 प्राथमिकी दर्ज की थीं।

### सिलेंडर में विस्फोट होने से नौ लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के चेंबूर इलाके में बृहस्पतिवार को सुबह तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर में विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चेंबूर के सी जी गिडवानी मार्ग पर स्थित एक मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े सात बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट होने से वहां आग लग गई, जिससे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो नाबालिग हैं। बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एडीआर ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे के विश्लेषण के आधार पर दी जानकारी

# लोकसभा में चुनकर आए 93 प्रतिशत माननीय करोड़पति

नई दिल्ली, एजेंसी



आम चुनाव-2024 में चुन कर आए 93 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामा के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है।

एडीआर के मुताबिक अगली लोकसभा में शीर्ष तीन अमीर सदस्यों में 5,705 करोड़ की संपत्ति के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के चंद्र शेखर पेम्मासानी, 4,568 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी और 1,241 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भाजपा नेता नवीन जिंदल शामिल हैं। पेम्मासानी आंध्र प्रदेश के गुंटुर से जीत कर आए हैं वहीं विश्वेश्वर रेड्डी तेलंगाना में चेवल्ला से और नवीन जिंदल हरियाणा के कुरुक्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। विश्लेषण के मुताबिक लोकसभा के लिए निर्वाचित 543 सदस्यों में से 504 करोड़पति हैं।

एडीआर के मुताबिक 2019 की लोकसभा में 475 (88 प्रतिशत) और 2014 की लोकसभा में 443 (82 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। संसद के निचले सदन में करोड़पतियों के बढ़ने की परिपाटी 2009 से देखी जा रही है, तब 315 (58 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 227 (95 प्रतिशत), कांग्रेस के 99 में से 92 (93 प्रतिशत), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रविड़) के 22 में से 21 (95 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 27 (93 प्रतिशत) और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 34 (92 प्रतिशत) ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सभी तीन, जनता दल यूनाइटेड के सभी 12 और तेदेपा के सभी 16 विजयी उम्मीदवार करोड़पति हैं। एडीआर ने उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के आधार पर उनकी जीत की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है।

### लोस सदस्यों में से 46% के खिलाफ आपराधिक मामले

लोकसभा के नवनिर्वाचित 543 सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर ने यह बात कही। यह निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सदस्यों की पिछले कई दशकों की सबसे अधिक संख्या है। साल 2019 में कुल 233 नवनिर्वाचित सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवनिर्वाचित हुए 251 सदस्यों में से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार चार उम्मीदवारों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत अपने ऊपर हत्या से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है>

# 85 साल में पहली बार सीआरपीएफ के खानसामों-जलवाहकों की पदोन्नति

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकारी के अनुसार 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को मिला लाभ

देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार कुल 2,600 खानसामों और जल वाहकों को पदोन्नत किया गया है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी और इसके पास दो विशेष वर्ग के कुल 12,250 कर्मी हैं जो बल के लगभग 3.25 लाख पुरुष एवं महिला कर्मियों के लिए रसोई, कैंटीन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के व्यापक नेटवर्क को संभालते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को एक आदेश के जरिए 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को उनके कांस्टेबल पद से पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल नियुक्त किया गया है।

सीआरपीएफ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस पद के कर्मी तब से इस बल का हिस्सा हैं जब से इसकी स्थापना हुई है। अधिकारी ने बताया कि 2016 में जब केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की थीं तब उन्हें कुक और वाटर कैरियर का विशिष्ट काडर नाम दिया गया था। केंद्रीय सशस्त्र बल पुलिस (सीएपीएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को पदानुक्रम में सबसे निचले पायदान पर भर्ती किया गया था और इन्हें कभी पदोन्नत नहीं किया गया और औसतन लगभग 30-35 वर्षों की सेवा के बाद भी वे उसी पद से सेवानिवृत्त होते थे।

# मोदी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए माफी मांगें, शीर्ष अदालत करे कार्रवाई

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आदर्श आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने के लिए बृहस्पतिवार को माफी की मांग की और उच्चतम न्यायालय से चुनाव के दौरान कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। एसकेएम ने यह भी कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते। एसकेएम ने एक बयान में कहा-एसकेएम मांग करता है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नवनिर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी आदर्श आचार संहिता के लगातार उल्लंघन के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या फिर कानून के अनुसार मुकदमे का सामना करें। कानून के सामने सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते हैं।

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कर्नाटक के मंत्री देंगे इस्तीफा

बेंगलुरु, एजेंसी

- बी नागेंद्र पर अवैध धन हस्तांतरण घोटाले से जुड़े होने के लगे हैं आरोप

कर्नाटक के अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र ने अवैध धन हस्तांतरण घोटाले से जुड़े आरोपों के बीच गुरुवार को इस्तीफा देने का फैसला किया।

यह खुलासा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए भी आश्चर्य की बात है, जिन्होंने मीडिया से कहा, हमने उनके इस्तीफे की मांग नहीं की है, न ही मुख्यमंत्री ने इस मामले में कोई निर्देश जारी किया है। मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया) से संपर्क करने और इस्तीफा देने का कदम उठाने का फैसला उनका अपना था। वह पार्टी की अखंडता को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और किसी भी परेशानी से बचने के लिए उन्होंने स्वेच्छा से यह कदम उठाया है। नागेंद्र के इस्तीफे की वजह भाजपा द्वारा लगातार किये गये विरोध प्रदर्शन रहे, जिसमें इस मामले को बड़ा भ्रष्टाचार घोटाला करार दिया गया और तत्काल जवाबदेही की मांग की गई। इस राजनीतिक तमाशे के लिए भाजपा द्वारा विधान सौध से राजभवन तक एक नाटकीय मार्च आयोजित किया गया था। इस मामले में सबसे आगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक थे।

# पंजाब में ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान के समर्थन में लगे नारे

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40वीं बरसी पर बृहस्पतिवार को कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल और पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड के गुट समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने, सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त में ये नारे लगाए। हाल ही में संगरूर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले मान भी इस दौरान मौजूद थे। कट्टरपंथी संगठन दल खालसा के नेतृत्व में कुछ सिख युवा हाथों में खालिस्तानी झंडे और क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की तस्वीरें लिए हुए नजर आए। वहीं कार्यकर्ताओं ने मारे गए चरमपंथी जरनैल सिंह भिंडरावाले और खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की फोटो वाली तख्तियां हाथों में ली हुई थीं।

# कोर्ट ने कहा-दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दे हिमाचल

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली जल संकट**

- हरियाणा को मदद करने के निर्देश, 5 दिन में मांगी रिपोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी में जारी जल संकट के बीच उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) प्रति सेकंड 28.317 लीटर तरल प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा-क्योंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए तैयार है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और फिर वहां से दिल्ली पहुंच सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। इसने कहा है कि ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके। पीठ ने आदेश दिया, जब भी हिमाचल प्रदेश पूर्व सूचना के साथ हरियाणा की तरफ अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा अतिरिक्त पानी के प्रावह को हथिनीकुंड और वजीराबाद तक सुगम बनाए रखने में मदद करेगा ताकि यह निर्बाध रूप से दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली के लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसने कहा-सोमवार को इस अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को मिलने वाला पानी व्यर्थ न हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी सोमवार तक अपना अनुपालन हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की।

## 5.45 करोड़ रु के सोने की तस्करी में दो चीनी नागरिक सहित चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को हांगकांग से आने पर आरोपियों को हवाई अड्डे पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आरोपियों के सामान की गहन तलाशी के साथ ही उनकी जामा तलाशी भी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ जिसका मूल्य 5.45 करोड़ रुपये है।



तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के उधगमंडलम (ऊटी) में हुई भारी बारिश के दौरान पानी से भरी सड़क पर फंसी अपनी कार को धक्का लगाते लोग। ● एजेंसी

अमृत विचार
# विश्व कप
कानपुर, शुक्रवार, 7 जून 2024
www.amritvichar.com




# नासाउ की पिच खिलाड़ियों के लिए खतरा

## ड्रॉप इन पिच की हो रही है आलोचना, आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोहित को लगी चोट गंभीर नहीं, आईसीसी मौन

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं। एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।

वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है।

भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा यह ताजा पिच है। इस पिच पर कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को जसप्रीत बुमराह की गेंद दस्तानों से होकर हेलमेट पर लगने के कारण कनकशन टेस्ट से गुजरना पड़ा। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए कहा मुझे कहना ही होगा कि अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।



### पाकिस्तान के खिलाफ क्या अपेक्षा की जाए: वॉन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिएए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है। पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए।

### बीसीसीआई के पूर्व क्यूरेटर ने न्यूयॉर्क की पिचों की आलोचना की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह टी-20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में उपयोग लाई जा रही ड्रॉप इन पिचों की खराब स्थिति से हैरान हैं। भारत को न्यूयॉर्क में विश्व कप के तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को होने वाला मैच भी शामिल है। भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान पिच से मिल रही असमान उछाल और दरारों ने लोगों का ध्यान खींचा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जोश लिटिल की तेजी से उठती गेंद पर घायल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बीसीसीआई के साथ दो दशक से भी अधिक समय तक काम करने वाले दलजीत ने कहा पिच बेहद खराब हैं। ड्रॉप इन पिच को काफी पहले लगाया जाना चाहिए। इस पर अलग-अलग तरह के रोलर का उपयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि पिच को अच्छी तरह से तैयार नहीं किया गया। यह खराब गुणवत्ता वाली पिच हैं जिन्हें तैयार नहीं किया गया। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में बनी 10 ड्रॉप इन पिच को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया था। इन सभी पिच को एडिलेड ओवल के क्यूरेटर डेमियन हाफ ने तैयार किया था। दलजीत ने कहा इन पिचों को तीन महीने पहले ही स्थापित किया जाना चाहिए था। इसके बाद उनमें अलग-अलग तरह से रोलिंग की जानी चाहिए थी। कुछ दिन का ब्रेक लेकर इसी प्रक्रिया को दोहराया जाना चाहिए था। इन पिच में असमान उछाल है जो टी20 के लिए आदर्श नहीं है।

### हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित



**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित ने शर्मा ने कहा कि मैच में लगी चोट मामूली है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत के बाद रोहित शर्मा अपनी चोट के बारे में कहा यह मामूली चोट है। यह एक नया मैदान है। हम यह देखना चाह रहे थे कि यह यह पिच कैसी है। मुझे नहीं लगता है कि दूसरी पारी में पिच आसान हो गई थी। पिच पर गेंदबाजो के लिए काफी मदद थी। अर्शदीप दाएं हाथ के बल्लेबाजो के लिए गेंद को अंदर ला सकते हैं। वहीं से हमें एक अच्छी लय मिल गई। ऐसी परिस्थितियों में आपको अपने बेसिक्स पर कायम रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम इस मैदान पर कभी भी चार स्पिनर के साथ उतरेंगे। अगर पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद रहेगी तो हम उन्हें टीम में शामिल करेंगे। यह टूर्नमेंट जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, हमारे स्पिनर गेम में आएंगे। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## खेल डायरी

### इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य



**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरुष एकल में प्रियांश राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### प्रज्ञानानंदा का सामना नौवे दौर में कारूआना से



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। आर्मागेडोन में हालांकि उन्हें तीन पराजय भी झेलनी पड़ी। कार्लसन 14 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे एक अंक पीछे हैं। आखिरी दौर में उनका सामना नकामूरा से होगा और दो ड्रॉ से उनका दसवें स्थान पर बने रहना तय हो जाएगा। कार्लसन का सामना अगले दौर में अलीरजा से और फिर कारूआना से होगा। महिला वर्ग में वेंजुन जू 14 .5 अंक लेकर यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से डेढ अंक आगे हैं। भारत की आर वैशाली और चीन की तिंगजी लेइ तीसरे स्थान पर हैं जिनके 11 .5 अंक हैं। कोनेरू हम्पी 8 .5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वैशाली का सामना नौवे दौर में लेइ से होगा जबकि हम्पी जू से खेलेगी।

### सरबजोत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242 .7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0 .2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता।

# स्वियातेक फ्रेंच ओपन के फाइनल में

पेरिस, एजेंसी



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। इस तरह से वह जस्टिन हेनिन (2007 से 2009) के बाद रोलां गैरा पर लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से अब केवल एक कदम दूर है। अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। स्वियातेक ने गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 11-1 कर दिया है। उन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार अमेरिकी खिलाड़ी को हराया। इनमें 2022 के फाइनल और पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में दर्ज की गई जीत भी शामिल हैं।

### रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने जीता मिश्रित युगल खिताब

**पेरिस।** एडवर्ड रोजर- वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। अमेरिका की क्रॉजिक और ब्रिटेन के स्कुपस्की एक साथ मिलकर 2021 और 2022 में दो विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीत चुके हैं। पुरुष युगल फाइनल शनिवार को जबकि महिला युगल फाइनल रविवार को खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

ब्रिजटाउन, एजेंसी



मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान का आगाज ओमान पर 39 रन की जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो-दो विकेट लिए। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और सातवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। हेड (12) और कप्तान मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने आरोन फिंच को पछाड़ा।

# कनाडा के खिलाफ आयरलैंड को अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



भारत के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के बाद आयरलैंड को कनाडा जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ शुक्रवार को अपने अभियान को ढर्रे पर लाना है तो एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को पहले मैच में भारत ने आठ विकेट से हराया जबकि कनाडा को सह मेजबान अमेरिका ने सात विकेट से मात दी।

आठवीं बार टी-20 विश्व कप खेल रही आयरलैंड टीम अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है हालांकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलते हैं। अभी तक आयरलैंड एक ही बार 2009 में सुपर 8 चरण में पहुंचा। बालबर्नी और कप्तान स्टर्लिंग के पास कुल मिलाकर 250 टी-20 मैचों का अनुभव है लेकिन वे टीम को नासाउ काउंटी स्टेडियम पर अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत की उम्दा पारियों के दम पर जीत दर्ज की। अब तक 77 टी-20 मैच खेल चुके टेक्टर भी आयरलैंड को 100 रन के पार नहीं ले जा पाए। इस मैदान पर दो दिन के भीतर दूसरा मैच खेल रही आयरलैंड टीम अपनी गलतियों से सबक लेना चाहेगी। दूसरी ओर विश्व कप में पहली बार खेल रही कनाडा टीम को ग्रुप ए के पहले मैच में डलास में अमेरिका ने हराया। कनाडा ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच दस विकेट से जीता था।

### बराबरी के मुकाबले में भिड़ेंगी स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम

**ब्रिजटाउन।** ओमान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत नामीबिया का सामना अब शुक्रवार को स्कॉटलैंड से होगा। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। स्कॉटलैंड ने हालांकि गत चैंपियन टीम के खिलाफ अपनी प्रतिभा की बानगी दी थी लेकिन बारिश के कारण अंक बांटने पड़े। नामीबिया का भरोसा कप्तान गेरहार्ड इरासमस और हरफनमौला डेविड वीसे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर रहेगा। उनके पास पिछले दो टी-20 विश्व कप का अनुभव है। इसके अलावा नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले तीन टी20 मैच भी जीते हैं जिससे उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी।

# भारत ने कुवैत से ड्रॉ खेलकर दी सुनील छेत्री को विदाई



कोलकाता, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को विदाई दी। भारत अगर जीत दर्ज करता तो छेत्री के लिए यह अच्छी विदाई होती क्योंकि इस मैच में ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है।

इस मैच में ड्रॉ से अब भारत के पांच अंक हो गए हैं। उसे अपना अंतिम मैच 11 जून को एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलना है। कुवैत के चार अंक हैं और वह उसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। भारतीय फुटबॉल की पहचान रहे 39 वर्षीय छेत्री ने इस मैच के साथ ही 19 साल तक चले अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को भी अलविदा कहा। उन्होंने भारत की तरफ से 94 गोल किए।

### सुनील छेत्री खेल के लीजैंड हैं: मोडरिच

**कोलकाता।** क्रोएशिया के कप्तान और रियल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं।

### छेत्री के बनाए रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल : नबी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को यहां सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा छेत्री ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

**दिग्गजों की राय** रिकी बोले- आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता है ऑस्ट्रेलियाई टीम को

# मानसिकता से जुड़ा है भारत का खिताब न जीत पाना : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। आपको स्पष्ट रहना होगा कि फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता।

पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिए उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे।

### बाबर पर रहेगा दबाव, पाकिस्तान के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार : लतीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी-20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा, लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# स्कूल पर इजराइली हमला, 30 की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी



मध्य गाजा में एक स्कूल पर गुरुवार को तड़के इजराइली द्वारा किए गए हमले में 14 बच्चों और नौ महिलाओं सहित 30 से अधिक लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में विस्थापितों ने शरण ले रखी थी जबकि इजराइली सेना का दावा है कि हमास के आतंकवादी स्कूल से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

अस्पताल के रिकॉर्ड और अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 33 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 14 बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, रात में एक घर पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। दोनों हमले नुसेरात में हुए, जो गाजा में बने कई शरणार्थी शिविरों में से एक है।

### जनसंहार के मुकदमे में पक्षकार बनने की अर्जी देगा स्पेन

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने गुरुवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है, जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

# भाई ने कबूला- लिट्टे संस्थापक प्रभाकरण 2009 में मारा गया

कोलंबो, एजेंसी

- कहा- कुछ तमिल लोग उसके जीवित होने का दावा करके लोगों को दे रहे हैं धोखा



लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तमिल लोग यह दावा करके लोगों को धोखा दे रहे हैं कि प्रभाकरण और उसके परिवार के कुछ सदस्य, विशेषकर उसकी एक बेटी जीवित हैं।

लंकाएफटी (एफटी.एलके) पोर्टल की खबर के अनुसार वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने कहा, वेलुपिल्लई प्रभाकरन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चे मर चुके हैं और वे सभी 2009 में श्रीलंका युद्ध के अंतिम चरण में मारे गए थे। पोर्टल के अनुसार मनोहरन ने सार्वजनिक तौर पर पहली बार यह बात स्वीकार की है। लिट्टे ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए लगभग 30 वर्ष तक सैन्य अभियान चलाया था।

# महिलाओं समेत 63 को तालिबान ने मारे कोड़े, निंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा।

तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया।



# गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे पांच वर्ष तक के 25 प्रतिशत बच्चे : सरां

**कलटुंगो (नाइजीरिया), एजेंसी।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे (इस आयु वर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है।

### अफ्रीका के 130 करोड़ लोग प्रभावित

अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है।

### स्थिति में हुआ सुधार

पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी, बेहद खराब आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

## एक नजर

### फ्रांस के दौरे पर आएंगे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**पेरिस।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली फ्रांस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और 19 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन से मुलाकात करेंगे। ले पेरिसियन अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति यूक्रेन की स्थिति, यूरोपीय संघ और मर्कोसुर के बीच मुक्त व्यापार समझौते के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया का माउंट इबू ज्वालामुखी फिर फटा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के हलमाहेरा द्वीप पर स्थित इबू ज्वालामुखी गुरुवार सुबह फिर से फट गया और धुएं का गुबार छा गया। ज्वालामुखी विज्ञान एवं भूगर्भीय खतरा न्यूनीकरण केंद्र (पीवीएमबीजी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 8 :11 बजे विस्फोट शुरू हुआ और दो मिनट तक चलता रहा, जिससे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए मोटी, धूसर राख और काले बादल छा गये।

### तंजानिया में सड़क हादसे में 13 की मौत, 18 घायल

**मबेया।** तंजानिया के मबेया क्षेत्र में एक ट्रक नेकई कारों और मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। द सिटिजन तंजानिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना बुधवार को मबेम्बेला क्षेत्र में सिमिके ढलान पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी घायलों को उपचार के लिए मबेया क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है।

### सूडान : सेना- अर्धसैनिक बल के संघर्ष में 100 मरे

**काहिरा।** सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर बुधवार को अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा किए गए हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दारफूर के गवर्नर मिनी अर्को मिनावी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि आरएसएफ द्वारा गेजीरा के वाद-अल-नोरा गांव पर किए गए हमले में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हताहत हुए हैं। गेजीरा की राजधानी वाद मदानी के लोगों को बचाने के लिए गठित समिति ने देर रात बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि अर्धसैनिक बल सालों से सूडान की सेना से लड़ रहा है।

# ताइवान के बधाई संदेश पर मोदी की टिप्पणी को लेकर बिफरा चीन

## कहा- नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए

बीजिंग, एजेंसी

- ताइवान द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के संबंध में भारत के समक्ष जताया विरोध
- कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा





चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में गुरुवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नयी दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक, ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि (चीन) के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब एक संवाददाता ने इस मामले को लेकर माओ से उनकी टिप्पणी मांगी तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है। माओ निंग ने कहा, एक-चीन सिद्धांत अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त मानदंड है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर आम सहमति है। भारत ने इस पर गंभीर राजनीतिक प्रतिबद्धताएं व्यक्त की हैं और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों को पहचाने, चिंतित हो तथा उनका विरोध करे। चीन ने इसे लेकर भारत के सामने अपना विरोध दर्ज कराया है। मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके। मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।



### अमेरिका के एनएसए भारत जाएंगे: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी के बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन अमेरिका-भारत साझा प्राथमिकताओं पर नयी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुने जाने पर बधाई देने के लिए बुधवार को फोन किया और सुलीवन की यात्रा पर चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और उन्हें तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। बाइडन ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 65 करोड़ भारतीयों के हिस्सा लेने पर उनकी सराहना की।



### रूस के तेल शोधन संयंत्र और ईंधन डिपो पर हमला

**कीव, एजेंसी।** कीव द्वारा क्रेमलिन के युद्ध करने के तरीके को बाधित करने के चल रहे प्रयास और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे बड़े युद्ध में पश्चिमी देशों के समर्थन की मांग के बीच यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल शोधन संयंत्र और एक ईंधन डिपो पर हमला किया। निशाना बनाए गए क्षेत्रों के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जेलेंस्की गुरुवार को फ्रांस में डी-डे स्मरणोत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित विश्व नेताओं के साथ शामिल होने वाले हैं। शुक्रवार को उन्हें फ्रांसीसी अधिकारियों से मिलना है। जेलेंस्की की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस अन्य देशों को लंबी दूरी के हथियार मुहैया करा सकता है ताकि वे पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला कर सकें। यह धमकी तब आई जब नाटो के सहयोगियों ने कहा कि वे कीव को दिए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति देंगे।

### आरोपी किशोर के दादा पहुंचे बम्बई उच्च न्यायालय

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणी नगर में नशे की हालत में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक और युवती की हत्या के आरोपी किशोर के दादा एसके अग्रवाल ने मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में बम्बई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुणे की अपराध शाखा ने किशोर के 77 वर्षीय दादा को 25 मई को हिरासत में लिया था। इसके अलावा यरवदा थाने में उसी दिन उनके खिलाफ अलग से प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में अग्रवाल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपों में परिवार के ड्राइवर गंगाधर शिवराज का गलत तरीके से अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाना और आपराधिक धमकी देना शामिल है। इन आरोपों में आईपीसी की धारा 342, 365, 368 और 506 के साथ धारा 34 भी शामिल है।



### स्पेसएक्स के रॉकेट की चौथी परीक्षण उड़ान सफल

**बोका चिका (अमेरिका), एजेंसी।** स्पेसएक्स के सबसे शक्तिशाली स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान पूरी की और टेक्सास से उड़ान भरने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आया। पिछली तीन परीक्षण उड़ानों के दौरान रॉकेट और अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया था लेकिन इस बार ये दोनों नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने में सफल रहे। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप लगभग 400 फुट (121 मीटर) ऊंचा है। उसने जब मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरी और जब वह हिंद महासागर की ओर उड़ान भरने के लिए पूर्व की ओर बढ़ा, उस समय वह खाली था। गुरुवार सुबह प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद प्रथम चरण का बूस्टर अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और वह इसके इंजन को चालू करने के बाद योजनानुसार खाड़ी में जा गिरा। इसके एक घंटे बाद, प्रक्षेपण के सीधे प्रसारण में पुन: प्रवेश के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण अंतरिक्ष यान के कुछ हिस्से टूटते दिखाई दिए।

# चीन से संबंध मजबूत करेंगे पाक पीएम

बीजिंग, एजेंसी

- चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं शरीफ
- शहर शेनझेन का दौरा कर निवेशकों के साथ की बैठक



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एपीपी की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से आईएमएफ से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

# यूएनएससी का अस्थायी सदस्य चुना गया पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- एशिया-प्रशांत देशों की सीट के लिए पाकिस्तान को 182 वोट

पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, यूनान और पनामा को 2025 से शुरू हो रहे दो साल के कार्यकाल के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य चुना गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन पांचों सदस्यों को गुप्त मतदान के जरिए एक जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीट में सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लातिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और यूनान को 182 वोट मिले।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह गर्व की बात है कि पाकिस्तान को 182 मत मिले और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चुना गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

# कार्तिक आर्यन को लेकर प्रेम की शादी बनायेंगे सूरज बड़जात्या !



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या, अभिनेता कार्तिक आर्यन को लेकर फिल्म प्रेम की शादी बना सकते हैं। सूरज बड़जात्या ने सलमान खान को लेकर मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में बनायी है। इन सभी फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है। कहा जा रहा है कि सूरज बड़जात्या अब सलमान खान नहीं कार्तिक आर्यन को प्रेम बनाने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या जल्द अपने नए प्रोजेक्ट प्रेम की शादी पर काम करने जा रहे हैं। इसमें प्रेम सलमान खान नहीं बल्कि कार्तिक आर्यन हो सकते हैं। पहले सूरज बड़जात्या, सलमान खान को इस फिल्म में लेना चाहते थे। फिल्म में मुख्य अभिनेता को रोमांटिक किरदार करना था। इसके लिए सलमान खान ने मना कर दिया।

### हमारे बारह की रिलीज पर 14 जून तक लगी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह की रिलीज को 14 जून तक रोक लगा दी है। यह फिल्म 07 जून को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति नितिन बोरकर और न्यायमूर्ति कमल खता की अवकाश पीठ ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अजहर तंबोली द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। याचिका में फिल्म के कुछ संवादों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म निर्माताओं द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित दो ट्रेलरों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन ब्यूरो (सीबीएफसी) ने पीठ को सूचित किया कि उसने फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया है और यूट्यूब पर जारी फिल्म के ट्रेलरों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

**खगोल विज्ञान** गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए नई तकनीक हुई विकसित

# ब्रह्मांड की हिंसक घटनाओं से अब नहीं रहेंगे अनभिज्ञ

अमृत विचार, नैनीताल

- पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में इसका पता चल सकता है

गुरुत्वाकर्षण लहर का आसमान की सीमित ऊंचाई मैग्नेटोस्फीयर क्षेत्र में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके लिए खगोल वैज्ञानिकों ने नई तकनीक ईजाद की है, जो एक दूरबीन के जरिए ग्रेविटी वेब की जानकारी पा सकती है। अब हम ब्रह्मांड में होने वाली हिंसक घटनाओं का आसानी से पता लगा सकते हैं।

गुरुत्वाकर्षण बल ही वह महाशक्ति है, जो ब्रह्मांड को संचालित करती है। इसे हम देख नहीं सकते हैं और महसूस भी नहीं कर सकते। मगर इतना तय है कि हम पृथ्वी पर टिके हुए हैं, इसकी वजह सिर्फ गुरुत्वाकर्षण है। कुछ साल पहले गुरुत्वाकर्षण लहर को कैमरे में कैद किया गया था और चंद वर्षों में अब हम इसके अस्तित्व के साथ, इस शक्ति का पता लगाने में कामयाब हो चुके हैं। हांगकांग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है।

एचकेयूएसटी के भौतिकी विभाग प्रो ताओ लियू के अनुसार पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में एक एकल खगोलीय दूरबीन को गुरुत्वाकर्षण लहर की पहचान कर सकते हैं। यह बेहद आसान तरीका है। गुरुत्वाकर्षण की पहचान करने के लिए कई दशक बीत गए। मगर अब इसकी पहचान ही नहीं, बल्कि इसे देख भी सकते हैं। प्रो. लियू के नेतृत्व में शोध दल ने उच्च आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों (एचएफजीडब्ल्यू) का पता लगाने की नई विधि को प्रस्तावित किया है। ब्रह्मांड में पल पल विध्वंसकारी घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें कुछ घटनाएं पृथ्वी को भी प्रभावित कर सकती हैं या फिर नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिस कारण नई विधि की खोज बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

### तकनीक कर सकती है ब्रह्मांड के राज उजागर

प्रो ताओ लियू का कहना है कि हम समूचे ब्रह्मांड को शायद ही कभी देख सकें, लेकिन तकनीक के जरिये देख और परख सकते हैं। इसके लिए नया दृष्टिकोण रखना होगा और चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। इस दिशा में युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा के साथ विज्ञान को आसमान तक पहुचा सकता है।



पृथ्वी के साथ गुरुत्वाकर्षण लहर की तस्वीर। ● अमृत विचार